# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

ईद मुबारक

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 21 मार्च 2026




## मोती मस्जिद से रौयते हिलाल कमेटी ने चांद देखकर किया ऐलान

# तीस रोजे पूरे होने के बाद नजर आया चांद, आज मनेगी ईदुल-फित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार तीस रोजे पूरे होने के बाद शुक्रवार को शहर के आसपास पर ईद का चांद नजर आया। इसके पहले गुरुवार को रौयते हिलाल कमेटी ने चांद देखने की कोशिश की थी, लेकिन चांद नजर नहीं आया। जिसके बाद शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी ने शनिवार को ईद मनाने का ऐलान किया था। शुक्रवार को चांद नजर आने के बाद शनिवार को ईद मनाई जाएगी। देर रात तक शहर के बाजारों में खरीदारों की भीड़ देखी गई। रमजान महीने के आखिरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमा पर राजधानी की मस्जिदों के बाहर नमाजियों की भीड़ उमड़ने लगी और दोपहर ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सबसे पहले ईदगाह में सुबह 7.30 बजे अदा की जाएगी नमाज**



ताज-उल-मसाजिद में नमाज अदा करते हुए

### ईद की नमाज का समय

- ईदगाह सुबह 7:30 बजे
- जामा मस्जिद सुबह 7:45 बजे
- ताज-उल-मसाजिद सुबह 8:00 बजे
- मोती मस्जिद सुबह 8:15 बजे
- मस्जिद रब्बानी (एमपी नगर) सुबह 9:00 बजे

### सुन्नत समिति के महासचिव बोले मुस्लिमों से ही करें खरीदारी

अहले सुन्नत समिति के तौकीर निजामी ने तीन दिन पहले एक वीडियो जारी कर मुस्लिमों से अपील की है कि वह गरीब मुस्लिम दुकानदारों से ही ईद की खरीदारी करें, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सके। बाद में कहा कि उनका उद्देश्य यह है कि वह गरीब मुस्लिमों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो। इसके पहले दीवाली के दौरान हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने भी हिंदू दुकानदारों से सामान खरीदने की अपील की थी। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी










**तृतीया : मां चंद्रघंटा**



पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता।।

### जैन समाज का भोजशाला पर दावा, 2 को सुनवाई

**इंदौर।** मप्र हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने धार जिले के विवादित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में मध्यकालीन जैन मंदिर और गुरुकुल होने का दावा करने वाली जनहित याचिका पर



शुक्रवार को सरकार और अन्य प्रतिवादियों को अपनी आपत्तियां पेश करने का निर्देश दिया। याचिका में जैन समुदाय को विवादित परिसर में उपासना का अधिकार प्रदान करने की गुहार की गई है। दिल्ली के सामाजिक कार्यकर्ता सलेकचंद जैन ने यह याचिका ऐसे वक्त दायर की है, न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति राजेश कुमार गुप्ता ने याचिका पर सुनवाई के लिए दो अप्रैल की तारीख तय की और प्रतिवादियों से कहा कि वे अपना संक्षिप्त उत्तर या आपत्तियां इस तारीख से पहले पेश करें।

## प्रशासन अकादमी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस, बोले सीएम

# आनंद सुखानुभूति है, जो अर्थ क्रय से नहीं, अंतस से होती है अनुभूत

*आनंद विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आनंद विभाग प्रदेश के सभी ब्लॉक स्तर पर शासकीय सेवकों के लिए आनंद से रहने की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारे चित्त में प्रसन्नता है, तो समझिए सारा संसार खुश है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम मनुष्य आदतन सुख-सुविधाओं की वस्तुओं और विलासतापूर्ण जीवन में ही सुख ढूंढ़ते रहते हैं।

भौतिक सुख की अभिलाषा सबको है, पर आत्मिक सुख और शांति की दरकार कम ही लोगों को है। जबकि जीवन का आनंद भौतिकता में नहीं, मन के भावों की संतुष्टि में निहित है। उन्होंने कहा कि आनंद एक ऐसी सुख की अनुभूति है, जो धन से सुख-सुविधाओं के यंत्र वस्तुएं खरीदकर नहीं, बल्कि अपने अंतस में जागे मानवीय भावों के तृप्त होने पर भीतर से उपजती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में राज्य आनंद संस्थान की ओर से आयोजित आनंद के आयाम-राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने 14 से 28 जनवरी तक मनाए गए आनंदोत्सव के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में नकद राशि और प्रशस्ति पत्र दिए। फोटोग्राफी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दूजे के सुख में भी स्व का आनंद ढूंढ़ना है भारतीय संस्कृति की चेतना का आधार**



कार्यशाला को संबोधित करते सीएम

**मुख्यमंत्री ने 14 से 28 जनवरी तक मनाए गए आनंदोत्सव के विजेताओं को पुरस्कृत किया**

### थैचर ने समझाया था भारत और इंग्लैंड की संस्कृति का मूल अंतर

डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 1956 के विश्व हिंदू सम्मेलन में मार्गेट थैचर ने भारत और इंग्लैंड की संस्कृति का मूल अंतर सबको समझाया था। उन्होंने कहा था कि भारतीय परिवारों की व्यवस्था में अगर कोई एक सदस्य भी कमाई करता है तो पूरा परिवार आनंद और सम्मान के साथ जीवन जीता है। यह दुनिया में सिर्फ भारत में ही संभव है। भगवान श्रीकृष्ण, माता देवकी के जीवन में भारी कष्टों से निवृत्ति के बाद मिले आनंद पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यशोदा मैया और नंद बाबा ने कन्हैया के लालन-पालन में ही आनंद की अनुभूति की।

### भौतिक जगत को मापने का मापदंड मैटा फिजिक्स

हरिद्वार से आए महर्षि मधुसूदन महाराज ने कहा कि संसार के भौतिक जगत को मापने का मापदंड मैटा फिजिक्स तय करती है। इसके दो भागों में संसार के तत्व ज्ञान और ब्रह्म ज्ञान का अध्ययन ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सतना और मैहर कोर्ट में मेल से आई धमकी

# जजों के केबिन में जहरीली गैस के 15 बम, दोपहर में सबको उड़ा देंगे

**कोर्ट परिसर में तलाशी के दौरान कुछ नहीं मिला**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

जिला न्यायालय को शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज धमकी भरा ईमेल मिला, जिसने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। Gayathri_shabaz@hotmail.com` नाम की आईडी से आए इस मेल में दावा किया गया कि कोर्ट परिसर और जजों के केबिन में 15 जहरीली गैस के बम लगाए गए हैं, जिनमें दोपहर 1 बजे विस्फोट होगा। यह मेल गुरुवार शाम को ही अदालत की आधिकारिक ईमेल आईडी पर प्राप्त हो गया था, लेकिन शुक्रवार सुबह जब इसे देखा गया तो न्यायपालिका और प्रशासन में खलबली ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कारोबारी संजय जैन को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी

# मांगी 15 करोड़ की रंगदारी, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी

**इंदौर क्राइम ब्रांच में शिकायत के बाद केस दर्ज**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर


साउथ तुकोगंज इलाके में रहने वाले एक रियल स्टेट कारोबारी को लॉरेंस विश्नोई के नाम से धमकी मिली है। मामले में क्राइम ब्रांच को शिकायत की गई थी। जिसके बाद एफआईआर के लिए मामला तुकोगंज पुलिस को सौंपा गया। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी गई है। एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक तुकोगंज इलाके में संजय जैन को गुरुवार को धमकी भरा फोन आया। उन्होने फोन डिस्कनेक्ट कर ▶▶ शेष पेज 4 पर

## अवैध जुएबाजी और सट्टेबाजी वाली वेबसाइटों पर सख्ती

# सरकार ने 300 वेबसाइट और एप्स को किया ब्लॉक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अवैध जुएबाजी और सट्टेबाजी वेबसाइटों पर सख्ती दिखाते हुए उन पर शिकंजा कसा है। सरकार ने 300 ऐसी अवैध जुएबाजी और सट्टेबाजी वेबसाइट्स को ब्लॉक कर दिया है। इस तरह अब सरकार ने कुल 8400 वेबसाइट्स और एप्स को ब्लॉक कर दिया है जो ऑनलाइन अवैध जुए और सट्टेबाजी में लगी हुई थीं। इसमें से ज्यादातर को ऑनलाइन गेमिंग एक्ट के पास होने के बाद ब्लॉक किया गया है। कुल 8400 वेबसाइट्स में से 4900 वेबसाइट और एप्स को ऑनलाइन गेमिंग एक्ट के पास होने के बाद ब्लॉक किया गया है। इससे पहले जनवरी में भी सरकार ने 242 अवैध जुएबाजी और सट्टेबाजी की वेबसाइट पर लगाम कसते हुए इन्हें ब्लॉक कर दिया था। ऑनलाइन गेमिंग एक्ट को 22 अगस्त 2025 को पास किया गया था और इसे 1 अक्टूबर 2025 से लागू किया गया था। इसके जरिए केंद्र सरकार ने कई ई-स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म पर लगाम लगाई थी जो सट्टा और मटका जुएबाजी की गतिविधियों में संलिप्त थे। रियल मनी कार्ड और कसीनो गेम्स वाली एप्स को भी सरकार ने इसी कैटेगरी में मानते हुए उनको ब्लॉक किया है।



**अब तक कुल मिलाकर 8400 वेब और एप प्लेटफॉर्म पर की कार्रवाई**

### इसलिए, कसा शिकंजा?

सरकार ने इन ऑनलाइन सट्टा और जुआ खिलाने वाले अवैध प्लेटफॉर्म पर शिकंजा इसलिए कसा क्योंकि ये मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में भी लिप्त पाए जाने लगे थे और साइबर अपराधों को भी बढ़ावा देने की ओर जा रहे हैं। अक्सर इन वेबसाइट्स को विदेशी सर्वर से भी संचालित होने की रिपोर्ट्स मिलती हैं और ये आम नागरिकों के साथ वित्तीय धांधली के खतरे को भी साथ लाती हैं, इसलिए ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी वाली अवैध गेमिंग प्लेटफॉर्म पर सरकार ने लगाम लगाई है और फिर से कड़ा संदेश दिया है।




## टीला जमालपुरा मां शारदा माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र

# शीतला माता के दरबार में अर्जी लगाने से होती है संतान की प्राप्ति और बेरोजगारी होती है दूर, बीमारी और रोग को दूर करने बांधते हैं लाल कपड़ा

शक्ति रूपेण संस्थिता
देवी मंदिरों की परिक्रमा


टीला जमालपुरा स्थित मां शारदा माता मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि में देशभर में माता रानी के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगती है। श्रद्धालु प्रसिद्ध मंदिरों में पहुंच कर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद मांगते है। नवरात्रि के अवसर पर भोपाल के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। इन दिनों राजधानी के प्राचीन मंदिरों में शुमार टीला जमालपुरा मां शारदा माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर को लेकर मान्यता है कि यहां पर जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से मां से जो भी अर्जी लगाते हैं, माता रानी उनकी मनोकामना को पूरा करती हैं। खास तौर पर यहां पर लोग नौकरी, संतान प्राप्ति व रोग-बीमार सहित अनेक प्रकार की मुरादें लेकर मां के पास आते हैं और मातारानी के चरणों में अर्जी लगाते हैं। कई श्रद्धालुओं की यहां मनोकामना पूरी होती है।

### 110 साल पुराना है यह मंदिर



मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित विष्णुकांत जोशी ने बताया कि यह मंदिर करीब 110 साल पुराना है। यहां पर पहले छोटा मंदिर हुआ करता है। आज इसको आधुनिक रूप दिया गया है। साथ ही यहां पर इतने ही साल पुराना नीम का पेड़ लगा हुआ है। जिसकी पत्ती खाने व अपनी किसी भी प्रकार की बीमार व रोग को लेकर लाल कपड़ा बंधकर अर्जी लगाने से लोगों मन्नतें पूरी होती है। कई लोगों को माता ने अर्जी सुनी है, जिसके बाद कुछ को पुत्र रत्न तो कुछ को अच्छे पद पर नौकरी मिली। तो वहीं मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि मंदिर में सभी त्योहार धूमधाम से मनाए जाते है।

### माता रानी हर लेती हैं संकट



टीलाजमालपुरा क्षेत्र में रहने वाले श्रद्धालु सुनील कुमार ने बताया कि वह कई सालों से माता रानी के दर्शन के लिए आ रहा हैं। मन्नत के लिए माता रानी के मंदिर में कलावा बांधते हैं। तो वहीं मनोकामना पूरी होने पर माता रानी को चुनरी व नारियल चढ़ाते है।

### बीमारी होती है दूर



टीलाजमलापुरा क्षेत्र में रहने वाले श्रद्धालु साहिल मिश्रा ने बताया कि माता रानी दुख, बीमार तो हर लेते है। यहां पर किसी भी प्रकार की बीमार व रोग को लेकर लाल कपड़ा बंधकर अर्जी लगाने से लोगों मन्नतें पूरी होती है।

## ईवी की रिपेयरिंग के लिए नहीं है स्किल्ड टेक्नीशियन, ओवर हीटिंग व सेफ्टी नॉर्म्स का रखें ध्यान

# ईवी अलर्ट: बैटरी फुल करना पड़ सकता है महंगा एक्सपर्ट बोले-80-85 प्रतिशत चार्जिंग है सुरक्षित

अभि राजपूत ⏭ भोपाल

इंदौर में बुधवार तड़के चार्जिंग के दौरान ईवी कार (टाटा पंच) में आगजनी की चपेट में आने से 8 जानें चली गईं। दुखद हादसे का प्रारंभिक कारण ईवी कार की बैटरी को माना जा रहा है। संभवतः चार्जिंग के दौरान बैटरी में शार्ट सर्किट या ओवरहीटिंग होने से आग लगी हो। ईवी कार में आग लगने का यह पहला मामला नहीं है। पहले भी अन्य शहरों में ईवी कार मौत का कारण बनी है। इंदौर हादसे के बाद एक बार फिर ईवी की सुरक्षा प्रणाली व विश्वसनीयता पर गंभीर प्रशन खड़े हुए हैं। ईवी के विषय पर हरिभूमि ने पड़ताल की तो कई ध्यान देने योग्य जानकारियां सामने आईं। मैनिट के प्रोफेसर और ईवी एक्सपर्ट ने अपने-अपने सुझाव दिए तो वहीं ईवी कार के मालिक ने इंदौर हादसे के बाद कार चार्जिंग के दौरान विशेष निगरानी रखने की बात कही।

श्यामला हिल्स स्थित ईवी चार्जिंग स्टेशन पर कार चार्ज कर रहे इंदौर निवासी सौरभ चतुर्वेदी अपने परिवार के साथ भोपाल आए थे। उन्होंने बताया कि 7 दिन पहले ही 23 लाख रुपए की महिंद्रा ईवी खरीदी है। यह मेरी पहली ईवी कार है। इंदौर हादसे की खबर पढ़ी तो घर में ईवी चार्जिंग सेटअप इंस्टाल कराने का प्लान कैंसिल कर दिया। घर वालों ने तय किया है कि चार्जिंग सेटअप लगवाना जानलेवा बन सकता है। ऑनलाइन पैमेंट से चार्जिंग स्टेशन पर कार चार्ज करना सुरक्षित है।

### ओवर चार्जिंग से भी बैटरी की सेहत को सबसे ज्यादा नुकसानः प्रो. सोमकुंवर

हरिभूमि पड़ताल



कमला पार्क स्थित ईवी चार्जिंग स्टेशन।

मैनिट में इलेक्ट्रनिक एवं संचार विभाग के प्रोफेसर डॉ. अजय सोमकुंवर ने हरिभूमि को बताया कि ईवी बैटरी लिथियम आयन की होती है। बैटरी में छोटे-छोटे सेल होते हैं जो एक दूसरे से कनेक्टेड रहते हैं। ओवर चार्जिंग, शार्ट सर्किट, तेज हीटिंग या लो क्वालिटी की बैटरी होने के कारण एक हीटिंग सेल सभी सेल्स को गर्म कर देता है। आगजनी की मुख्य वजह यह है। ओवर चार्जिंग से भी बैटरी की सेहत को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। ईवी खरीदार सेफ्टी स्टैंडर्ड फॉलो करें, जिससे भविष्य में हादसे जानलेवा साबित न हो।

### टेक्नीशियन बोले- बैटरी के अलावा चार्जर-केबल भी महत्वपूर्ण

टेक्नीशियन वैभव सोलंकी ने बताया कि फिलहाल ईवी भारत में सक्सेस है यह कहना गलत होगा। ईवी की शिकायतों का मुख्य कारण बैटरी है। बैटरी ब्रांडेड हो या लोकल टेक्निकल शिकायतें आएंगी। बैटरी के अलावा चार्जर-केबल भी महत्वपूर्ण है। चार्जर-केबल ब्रांडेड क्वालिटी का खरीदें। अक्सर लोग ब्रांडेड बैटरी खरीदते हैं और उसे लोकल चार्जर-केबल से चार्ज करते हैं, जिससे आग लगने की संभावना ज्यादा होगी है। वैभव के मुताबिक ईवी पाट्र्स भी महंगे होते हैं। ईवी की रिपेयरिंग के लिए स्किल्ड टेक्नीशियन नहीं है और जो टेक्नीशियन काम जानते है वो खानापूर्ति कर देते है।

### 10-15 प्रतिशत चार्जिंग शेष छोड़ें, नॉन ब्रांडेड पार्ट्स न खरीदें: प्रो. डॉ. अजय

मैनीट के प्रोफेसर डॉ. अजय सोमकुंवर का मानना है कि ईवी कार का फुल चार्ज करना सबसे बड़ी गलती है। हमेशा 85-90 प्रतिशत चार्जिंग छोड़ दें। स्टैंडर्ड रूल्स एंड रेगुलेशन फालो करें। ईवी की बैटरी व पार्ट्स में क्वालिटी कोम्प्रोमाइज न करें।

### ईवी यूजर इन पांच बातों का रखें ध्यान

- बैटरी फुल चार्ज न करें।
- लंबे सफर से आने के बाद तुरंत ईवी को चार्ज पर न लगाएं।
- बंद जगह पर चार्ज न करें, वेंटिलेशन का ध्यान रखें।
- वोल्टेज के लिए घर पर स्टेपलाइजर लगवाएं।
- नॉन ब्रांडेड या कॉपी ईवी पार्ट्स न खरीदें।



### माता ब्रम्हचारिणी ब्रह्माण्ड की रचना करने वाली हैं

# नवरात्रि के दूसरे दिन की मां ब्रम्हचारिणी रूप की पूजा


पीरगेट स्थित माता के मंदिर में दर्शन करने लगी भक्तों की भीड़।

अभी राजपूत ⏭ भोपाल

चैत्र नवरात्र महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को दूसरे दिन देवी ब्रम्हचारिणी रूप की पूजा की गई। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस रूप में देवी को समस्त विद्याओं का ज्ञाता माना गया है। देवी ब्रम्हचारिणी भवानी माँ जगदम्बा का दूसरा स्वरूप है। ब्रम्हचारिणी ब्रह्माण्ड की रचना करने वाली है। शहर के प्रमुख मंदिरों में सुमार सोमवारा चौक स्थित कर्फ्यू वाली का दरबार मां भवानी मंदिर, शीलता माता मंदिर टीलाजमालपुरा, माता मंदिर और तलैया थाना स्थित कालीघाट मां कालिका मंदिर में चैत्र नवरात्रि में भक्ति-आराधना के साथ सुबह से भजनों की धुन सुनाई दे रही है। राजधानी के अधिकांश माता मंदिरों में सुबह से माता रानी को जल चढ़ाने के लिए भक्त पहुंच रहे हैं। वहीं भक्त दुर्गा सप्तमी का पाठ कर रहे हैं। माता रानी की पूजा पाठ के लिए सभी देवी मंदिरों में भक्तों की जबदस्त भीड़ देखने को मिल रही है।

### कष्टों से मुक्ति दिलाने वाली हैं मां चन्द्रघण्टा आज होगी पूजा

पंडित रामजीवन दुबे बताया कि मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चन्द्रघण्टा है। शनिवार को नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन - आराधन की जाएगी। इनका यह स्वरूप परम शान्तिदायक और कल्यांणकारी है। इनके मस्तक में घण्टे के आकार का अर्धचन्द्र है, इसी कारंण से इन्हें चन्द्रघण्टा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हांथ हैं। इनके दसों हांथों में धनुष बाण, खड्ग आदि शस्त्र तथा अस्त्र विभूषित है। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहने की होती है। इनके घण्टे की भयानक चण्डध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य-राक्षस प्रकम्पित रहते हैं।

### आज घर-घर होगी मां महागौरी की पूजा, महिलाएं पति की लंबी आयु करेंगी कामना

**भोपाल**। शनिवार को घर-घर मां महागौरी की पूजा होगी। चैत्र शुक्ल पक्ष तीज को सौभाग्य सुंदरी गणगौर व्रत (अरूंधती) सिद्धि-सर्वार्थ सिद्धि योग में सुहागन महिलाओं द्वारा पूजा, व्रत किया जाएगा। महिलाएं सामूहिक रूप से पूजा-पाठ करेंगी। महिलाओं को गणगौर की प्रतिमाएं की पूजा करेंगी।

यह व्रत विवाहित महिलाएं पति का प्यार और स्नेह पाने के लिए करती हैं। इस व्रत को करने से कुवांरी लड़कियों को उत्तम पति मिलता है और सुहागिनों का सुहाग अखण्ड रहता है।

### ऐसे करें माता की पूजा

सर्वप्रथम मां महागौरी माता की प्रतिमा-सुन्दर चित्र स्थापित कर चैकी पर श्वेत चमकीला वस्त्र विछाकर महागौरी यंत्र स्थापित करें। अखण्ड दीप अवश्य जलता रहे, हांथ में पुष्प लेकर माता का ध्यान करें। हांथ के पुष्प के माँ के चरणों में अर्पित कर माँ का एवं यंत्र का पूर्ण विधि -विधान से पंचोपचार पूजन कर दूध का बना प्रसाद अर्पित करें। ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे, ऊँ महागौरी देव्यै नमः मंत्र की 11 माला जपें तथा माता से अपनी मनोकमना के लिए पूर्ण रूपेण समर्पित होकर विनय कर माता की आरती करें।

# साकेत नगर में हिन्दू नववर्ष पर भव्य धार्मिक रैली का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन

चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में साकेत नगर क्षेत्र में चल समारोह का आयोजन किया गया। इस विशाल रैली की शरुआत अटल बिहारी वाजपेयी खेल मैदान, साकेत नगर से हुई और समापन भारत माता पार्क, साकेत नगर में किया गया। आयोजन दिव्यांश सिंह जादौन ने बताया कि रैली में भाजपा जिला अध्यक्ष रवीन्द्र यति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा, जहां जय श्रीराम एवं अन्य धार्मिक जयकारों से वातावरण गूंज उठा। विभिन्न आकर्षक झांकियों, ध्वजों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने रैली की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों को चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए, हिन्दू समाज में एकता, संस्कृति एवं धार्मिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

## 800 से ज्यादा लोगों ने प्रॉपर्टी की जानकारी ली

# हाउसिंग बोर्ड के आवास मेले में पहले दिन 40 करोड़ की संपत्ति बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



पर्यावास भवन में आयोजित हाउसिंग बोर्ड के आवास मेले में पहले दिन लोगों की भारी उमड़ी। मेले में पहले दिन 800 से ज्यादा लोगों ने प्रॉपर्टी की इंक्वारी की, वहीं लगभग 40 करोड़ की प्रॉपर्टी की ऑन स्पॉट बुकिंग हुई। सबसे ज्यादा बुकिंग बाग मुगलिया, कटारा हिल्स के सैफायर पार्क सिटी में हुई, इस प्रोजेक्ट में लगभग 25 करोड रुपए की प्रॉपर्टी बुक हुई।

वहीं, खजूरी कला अवधपुरी में बोर्ड के डुप्लेक्स और ट्रिपलेक्स मकानों के प्रोजेक्ट में लगभग 10 करोड रुपए की प्रॉपर्टी की बुकिंग हुई। इधर, सुरम्य परिसर, लव कुश हाइट्स, गौरव नगर और दूसरी ओल्ड प्रॉपर्टीज में लगभग 5 करोड रुपए तक की बुकिंग हुई है। शनिवार को मेले का आखिरी दिन है। हाउसिंग बोर्ड ने मेले में फॉर्म भरने की निशुल्क सुविधा दी हुई है। साथ में निशुल्क साइड विजिट की भी सुविधा है।




## भारत दर्शन टूर के तहत भोपाल प्रवास पर पहुंचा 20 विदयार्थियों का दल

# महापौर राय से मिले जम्मू के छात्र... शहर की जनसुविधाओं और स्वच्छता मॉडल को समझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


महापौर मालती राय से भेंट कर चर्चा करते विद्यार्थी।

अंडर सिविक एक्शन प्रोग्राम-2025-26 के तहत शुक्रवार को जम्मू से भारत दर्शन टूर के तहत पांच दिवसीय भोपाल प्रवास पर आए 20 विद्यार्थियों के दल ने महापौर मालती राय से मुलाकात की। इस दौरान महापौर ने जम्मू के छात्रों को शहर की जनसुविधाओं और स्वच्छता के मॉडल को समझाया व शहर के विकास एवं जनसुविधा के लिए निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों, गतिविधियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता की गतिविधियों की भी जानकारी दी।

महापौर मालती राय ने विद्यार्थियों के दल को शुभकामनाएं दी और भोपाल की सुंदरता को देखने तथा बड़ी झील में शिकारा नाव का आनन्द लेने को भी कहा। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश देने के साथ कहा कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हर नागरिक को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में सड़क, जलापूर्ति, स्वच्छता और हरित क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की भागीदारी से ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## सीएसएमटी-गोरखपुर के मध्य समर सीजन में प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन

# एलटीटी-बनारस के मध्य द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आरकेएमपी पर ठहराव से मिलेगा लोगों को फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे द्वारा समर पर यात्रियों की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ-टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01073/01074 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन पम रेल से होकर अपने गंतव्य को जाएगी। वहीं गाड़ी संख्या 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस स्पेशल ट्रेन पम रेल से होकर गंतब्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 01079 सीएमएमटी से गोरखपुर स्पेशल ट्रेन 1 से 14 अप्रैल तक (14 ट्रिप) एवं समर के अवसर पर 15 से 30 अप्रैल तक (16 ट्रिप) प्रतिदिन सीएमएमटी स्टेशन से रात 22:30 बजे प्रस्थान करेगी।

### एलटीटी-बनारस द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 01073 एलटीटी से बनारस स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 01 से 09 अप्रैल तक (4 ट्रिप) एवं समर के अवसर पर 15 से 30 अप्रैल तक (6 ट्रिप) द्वि-साप्ताहिक (बुधवार एवं गुरुवार) लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 12:15 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात्रि 23:45 बजे, पहुंचकर अगले दिन रानी कमलापति 01:10 बजे, बीना सुबह 07:55 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए रात्रि 23:30 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 01074 बनारस से एलटीटी स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 03 से 11 अप्रैल तक (4 ट्रिप) एवं समर के अवसर पर 17 अप्रैल से 02 मई तक (6 ट्रिप) द्वि-साप्ताहिक (शुक्रवार एवं शनिवार) बनारस स्टेशन से प्रातः 05:30 बजे प्रस्थान कर बीना रात 22:5 बजे, पहुंचकर अगले दिन रानी कमलापति 01:05 बजे, इटारसी 02:40 बजे पहुंचकर और शाम 16:40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

भोपाल
शनिवार, 21 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष -3
वर्ष : 12, अंक : 348
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 30
न्यून. 17

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



## बोतलबंद पानी महंगा, 11 फीसदी तक बढ़ी कीमत

ईरान युद्ध के चलते देश में बोतलबंद पानी की कीमत में 11 फीसदी की वृद्धि हुई है। ऐसा इसलिए, क्योंकि प्लास्टिक की बोतलों और ढक्कनों के दाम बढ़ गए हैं। बिसलेरी, कोका-कोला, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पेप्सी और टाटा सभी पांच अरब डॉलर के बाजार में हिस्सेदारी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। तेल की बढ़ती कीमतों से पॉलिमर की लागत बढ़ रही है, जो उद्योग की प्लास्टिक की बोतलों के लिए एक प्रमुख सामग्री है, जिससे बाजार पर दबाव बढ़ रहा है।

*बड़े बॉयलर को सप्लाई होने वाले डीजल में 22 रुपए और प्रीमियम पेट्रोल में 2 रुपए 9 पैसे की वृद्धि*

### भोपाल में डीजल 113 रु. और प्रीमियम पेट्रोल 116 रु. के पार हुआ

**भोपाल।** इंडस्ट्रियल, जनरेटर, बॉयलर और भारी मशीनों में इस्तेमाल होने वाले डीजल के दाम और प्रीमियम पेट्रोल के दाम में तेल कंपनियों ने मूल्य वृद्धि की है। भोपाल में इंडस्ट्रियल सेक्टर सहित अन्य बड़े बॉयलर को सप्लाई होने वाले डीजल में 22 रुपए की मूल्य वृद्धि हुई है तो प्रीमियम पेट्रोल के दाम में 2 रुपए 9 पैसे की वृद्धि दर्ज हुई। मप्र पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि इस मूल्य वृद्धि के बाद राजधानी भोपाल में बड़े बॉयलर को सप्लाई होने वाला डीजल शेष पेज 4 पर

**ईरान-इजराइल युद्धः प्रीमियम पेट्रोल दो और औद्योगिक डीजल 22 रुपए महंगा हुआ**

# उधर, तेल कुओं में 'आग'...इधर, पेट्रोल में 'आग'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में 2.09 से 2.35 प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। औद्योगिक उपयोग वाले थोक डीजल की दरें भी करीब 22 रुपए प्रति लीटर बढ़ाई गईं। कंपनियों ने कीमतों में यह इजाफा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण



वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बाद किया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपए से बढ़कर 101.89 रुपए प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह, दिल्ली में थोक औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपए से बढ़कर 109.59 रुपए प्रति लीटर हो गईं। अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतें गुरुवार को 119 डॉलर प्रति बैरल तक शेष पेज 4 पर

- सामान्य पेट्रोल दरों में बदलाव नहीं, नई दरें 20 मार्च से ही प्रभावी
- अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतें गुरुवार को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं



एआई इमेज

*सरकार ने कहा- तेल कंपनियां स्वतंत्र रूप से मूल्य निर्धारण का निर्णय लेती हैं। सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों को विनियमित नहीं करती है*

### रुपया ऑल टाइम लो पर पहुंचा...एक डॉलर यानी 93.71 रुपए

*डॉलर के मुकाबले रुपया में भारी गिरावट आई है। रुपया 94 के करीब पहुंच चुका है। इतिहास में पहली बार डॉलर की तुलना में रुपया 93.71 पहुंचकर बंद हुआ। जो इसका रिकॉर्ड निचला स्तर है। अगर तेल 90 से 110 के बीच बना रहता है तो रुपए में 7.5% फीसदी का करेक्शन आ सकता है, जिस कारण यह 98.90 पर पहुंच सकता है।* पढ़ें पेज 10 भी

### किन ब्रांड्स पर पड़ा है असर?

डीलरों के माध्यम से प्राप्त जानकारी में कहा गया है कि इस ताजा मूल्य वृद्धि का सीधा असर प्रमुख तेल कंपनियों के ब्रांडेड ईंधनों पर देखने को मिला है। इनमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचसीएल) का पावर पेट्रोल और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) का एक्सपी95 शामिल हैं, जिनकी खुदरा कीमतों में शेष पेज 4 पर

### खाद (फर्टिलाइजर) आपूर्ति बाधित

होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधित शिपिंग के कारण जहां वैश्विक तेल कीमतों में उछाल आया है, वहीं अब खाद (फर्टिलाइजर) आपूर्ति बाधित होने के चलते दुनिया भर में खाद उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर बड़ा संकट पैदा हो गया है। अब खाड़ी देशों से वैश्विक स्तर पर भेजी जाने वाली यूरिया और अन्य खाद की आपूर्ति शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालय संगठन ने 2026-27 सेशन के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। 20 मार्च से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है और अब अभिभावक



अपने बच्चों के लिए आवेदन कर सकते हैं। केंद्रीय विद्यालय देश के सबसे भरोसेमंद सरकारी स्कूलों में गिने जाते हैं, जहां पढ़ाई के साथ अनुशासन और अच्छा माहौल मिलता है, यही वजह है कि यहां एडमिशन के लिए हर साल बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। इस बार भी कक्षा 1 और बाल वाटिका में एडमिशन पूरी तरह ऑनलाइन होगा। आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भरना होगा।

### हिमाचल : अटल टनल के पास एवलांच, एडवाइजरी

**मनाली।** अटल टनल के साउथ पोर्टल में हिमस्खलन होने से बड़ा हादसा होते होते टल गया है। भारी हिमपात के कारण मनाली केलंग मार्ग पर जगह जगह हिमस्खलन की



आशंका बढ़ गई है। अटल टनल के दोनों छोर की पहाड़ियों में दो फीट से अधिक हिमपात हुआ है। शाम पांच बजे अटल टनल के साउथ पोर्टल में हिमस्खलन हो गया। उस समय दो वाहन वहां से गुजर रहे थे। दोनों हिमस्खलन में फंस गए लेकिन सूझबूझ के साथ वाहन निकाल लिए। जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि हालात सामान्य होने तक सफर न करें। पढ़ें पेज 09 भी

### जब तक जिंदा हूं राजनीति करती रहूंगी : उमा भारती

**टीकमगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की फायरब्रांड नेत्री मानी जाने वाली उमा भारती ने राजनीति पर फिर बयान दिया है। उन्होंने मंच से साफ शब्दों में कहा है कि जब



तक जीऊंगी, तब तक राजनीति करती रहूंगी। शहर के गर्ल्स कॉलेज में वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उमा भारती मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उमा भारती भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि अवंती बाई का जीवन प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज और देश को मजबूत बनाया जा सकता है।

**मौसम का खेल : खरगोन में दिन में रहा 38.4 डिग्री तापमान, एक दर्जन जिलों में गिरे ओले**


# खरगोन तप रहा...बाकी 42 जिलों में पानी 'बरस' रहा

*सबसे ज्यादा बारिश धार के बदनावर और बैतूल के घोड़ा डोंगरी में करीब 18 मिलीमीटर दर्ज की गई। पचमढ़ी 12.6 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा*


हरदा के हंडिया में बारिश के साथ ओले गिरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

तेज गर्मी के बीच मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से तेज गर्मी के बीच अधिकांश हिस्सों में तेज आंधी, बारिश और ओले गिरे हैं। शुक्रवार सुबह से ही कई जिलों में बारिश का दौर शुरू हो गया था, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक तेज हवा, बूंदाबांदी और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक दिव्या सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश के 42 जिलों के 112 शहरों में बारिश हुई। इनमें इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन, सागर, जबलपुर समेत कई बड़े शहर शामिल हैं। सबसे ज्यादा बारिश धार के बदनावर और बैतूल के घोड़ा डोंगरी में करीब 18 मिली मीटर दर्ज की गई। वहीं बड़वानी, सेंधवा, भैंसदेही, मुलताई, भोपाल और दमोह समेत कई जगहों पर 12 मिमी से ज्यादा पानी गिरा। बारिश और ओलों के साथ आगर-मालवा में सबसे तेज 74 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली, जबकि सीहोर में 54 किमी, बड़वानी और नरसिंहपुर में 46 किमी, आलीराजपुर में 43 किमी की रफ्तार दर्ज की गई। भोपाल, सागर, इंदौर और जबलपुर समेत कई शहरों में 35 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।


कटारा हिल्स में गुरुवार देर रात बारिश हुई

प्रदेश के 42 जिलों के 112 शहरों में बारिश

*ओले गिरने से फसलों को नुकसान किसानों ने फसलों को हुए नुकसान को लेकर सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की*

### ओलों से गेहूं व चने की फसल को नुकसान

*प्रदेश के एक दर्जन जिलों में ओले गिरने से गेहूं और चना की फसल को नुकसान पहुंचा है। टीकमगढ़, खजुराहो, पन्ना, मंदसौर, शिवपुरी,आलीराजपुर, बड़वानी, बैतूल, झाबुआ, खंडवा, आगर-मालवा, विदिशा, छिंदवाड़ा, जबलपुर, दमोह, सिवनी और छतरपुर में ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलें आड़ी हो गई हैं। किसानों ने फसलों को हुए नुकसान को लेकर सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है।*

### तीन से चार डिग्री गिरा पारा

बारिश और ठंडी हवाओं की वजह से पूरे प्रदेश के तापमान में गिरावट आई है। रात के न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गई है। पचमढ़ी 12.6 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, इंदौर में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री और भोपाल में 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में मार्च महीने में दिन के समय तेज गर्मी पड़ने लगी है। हालांकि, रात में ठंडक रहने से लोगों को राहत मिल रही थी। शुक्रवार को हुई बारिश से दिन का तापमान चार डिग्री तक गिरकर 29.4 डिग्री पर पहुंच गया है। अब अगले चार दिनों तक तेज गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

**जोमैटो ने बढ़ाई प्लेटफॉर्म फीस**

## हर ऑर्डर पर अब देना होगा 19.2 फीसदी ज्यादा 'चार्ज'

*तर्क-बढ़ते ऑपरेशनल खर्च को कम करने के लिए यह बढ़ोतरी*



फाइल फोटो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जोमैटो ने एक बार फिर अपने ग्राहकों के लिए प्लेटफॉर्म फीस बढ़ा दी है। कंपनी के एप पर शुक्रवार को उपलब्ध बिलिंग डिटेल्स के अनुसार प्लेटफॉर्म फीस में 19.2% यानी 2.40 रु. प्रति ऑर्डर की बढ़ोतरी की गई है। अब यह शुल्क प्री-जीएसटी आधार पर 12.50 से बढ़कर 14.90 रु. प्रति ऑर्डर हो गया है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में आई है जब एलपीजी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते रेस्टोरेंट्स और डिलीवरी पार्टनर्स की लागत बढ़ी है। बढ़ते ऑपरेशनल खर्च को संतुलित करने के लिए फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स कीमतों में बदलाव कर रहे हैं। जोमैटो रोजाना 20 से 25 लाख ऑर्डर डिलीवर करता है। आमतौर शेष पेज 4 पर

### सितंबर में भी फीस में किया था संशोधन

कंपनी ने इससे पहले सितंबर 2025 में प्लेटफॉर्म फीस में संशोधन किया था। वहीं, फरवरी में फेस्टिव सीजन के दौरान इसे 6 से बढ़ाकर 10 रु. प्रति ऑर्डर किया गया था। अगस्त 2023 में जोमैटो ने पहली बार 2 रु. प्रति ऑर्डर प्लेटफॉर्म फीस लागू की थी, जिसे बाद में धीरे-धीरे बढ़ाया गया। प्रतिद्वंद्वी स्विगी फिलहाल 14.99 रु. प्रति ऑर्डर (टैक्स सहित) प्लेटफॉर्म फीस वसूल रहा है।

**26-27 मार्च की रात पीआरएस सिस्टम रहेगा ठप**

## रेल टिकट की पांच घंटे नहीं होगी बुकिंग, न होंगे कैंसिल

*कंप्यूटर फाइलों के आकार को इस दौरान छोटा किया जाएगा*



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र में पीआरएस (पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम) सेवाओं को बंद करने का निर्णय लिया है। यह सेवाएं 26 और 27 मार्च की रात को लगभग पांच घंटे के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी। इस दौरान यात्रियों को टिकट बुकिंग और संबंधित कार्यों में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर रेलवे ने यह कदम प्रणाली में फाइलों के संपीड़न कार्य को ध्यान में रखते हुए उठाया है। 26 मार्च की रात 11:45 बजे शेष पेज 4 पर

### ये होता है फाइलों का संपीड़न

फाइलों का संपीड़न (फाइल कंप्रेशन) एक ऐसी तकनीकी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा किसी कंप्यूटर फाइल के आकार को कम किया जाता है ताकि वह कम स्टोरेज स्पेस ले और उसे जल्दी ट्रांसफर किया जा सके। इसमें डेटा को विशेष एल्गोरिदम के माध्यम से दोबारा व्यवस्थित या एन्कोड किया जाता है, जिससे फालतू जानकारी हट जाती है, लेकिन फाइल की मूल सामग्री सुरक्षित रहती है।

**वीडियो जारी किया और पत्र भी लिखा**

## मोनालिसा को जान से मारने की धमकी.... सीएम से मांगी सुरक्षा

*मेरी शादी को 'लव जिहाद' का नाम देकर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश*


मोनालिसा और फरमान खान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा भोंसले को जान से मारने की धमकियां मिलने लगी हैं। खरगोन जिले के महेश्वर की मोनालिसा ने एक वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री और भोपाल पुलिस कमिश्नर से मदद की गुहार लगाई है। मोनालिसा ने मुख्यमंत्री और पुलिस कमिश्नर के नाम एक औपचारिक पत्र लिखकर अपनी सुरक्षा की मांग की। मोनालिसा ने आरोप लगाया है कि उसे और उसके पति को जान से मारने और काटने की धमकियां दी जा रही हैं। उसने स्पष्ट किया कि वह बालिग है और अपने जीवन के फैसले खुद लेने में सक्षम है, इसके बावजूद उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। कुछ लोग इस मामले का इस्तेमाल अपने निजी आर्थिक लाभ के लिए शेष पेज 4 पर

### बड़वानी सांसद ने लगाए लव जिहाद के आरोप उच्चस्तरीय जांच की मांग

*बड़वानी सांसद गजेंद्र पटेल ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह सामान्य विवाह नहीं प्रतीत होता, बल्कि इसके पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका है।*


गजेंद्र पटेल

*उन्होंने दावा किया कि युवती को कथित रूप से फिल्म शूटिंग के नाम पर केरल ले जाया गया, जहां उससे विवाह कराया गया। लड़का उत्तर प्रदेश का, लड़की मध्य प्रदेश की और विवाह केरल* शेष पेज 4 पर

**यूपी में कुट्टू के आटे में मिलावट**

## फलाहार खाने से एडीएम समेत 50 लोग बीमार

एजेंसी ▸▸ बुलंदशहर

बागपत और बिजनौर जिलों में एक अपर जिलाधिकारी (एडीएम) समेत करीब 50 लोग कुट्टू के आटे से बना फलाहार खाने से बीमार पड़ गए हैं। सभी को इलाज के लिए जिला संयुक्त अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़ौत में भर्ती कराया गया है। घटना में कासिमपुर खेड़ी गांव के एक ही परिवार के 9 सदस्य, मलकपुर गांव के छह लोग तथा बावली गांव के दो लोग भी शामिल हैं, जो दूषित भोजन शेष पेज 4 पर


अस्पताल में मरीज भर्ती

**कनाडा जा रहा विमान जब चीन के एयर स्पेस में पहुंचा तब पता चला उसे उड़ान की अनुमति नहीं**

## तकनीकी और नियामकीय चूकः 8 घंटे हवा में रहने के बाद वापस दिल्ली लौटा विमान

*उड़ान से पहले आवश्यक स्वीकृतियों की पुष्टि क्यों नहीं की गई, शुरू हुई विस्तृत जांच*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

जब से एयर इंडिया वापिस निजी क्षेत्र में गया है तब से ऐसे ऐसे कारनामे सामने आ रहे हैं कि वर्षों एयर इंडिया की ब्रांडिंग करने वाले महाराजा की मूंछों पर बन आई है। दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही एयर इंडिया की एक अंतराष्ट्रीय उड़ान यात्रियों के लिए जान मुंह को आने वाली साबित हुई। तकनीकी और नियामकीय चूक के कारण विमान को लगभग 8 घंटे हवा में रहने के बाद वापस दिल्ली लौटना शेष पेज 4 पर



### 7 घंटे 54 मिनट उड़ान के बाद वापसी

*जैसे ही यह त्रुटि सामने आई, विमान को तुरंत वापस दिल्ली बुला लिया गया। इस दौरान विमान कुल 7 घंटे 54 मिनट तक हवा में रहा और अंततः उसी स्थान पर लौट आया, जहां से उसने उड़ान भरी थी। विमान* शेष पेज 4 पर

**एयर इंडिया का बयानः** *एयर इंडिया ने इस घटना को परिचालन संबंधी समस्या बताया है। एयरलाइन ने अपने बयान में कहा कि निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार निर्णय लेते हुए विमान को वापस बुलाया गया। विमान सुरक्षित उतरा और सभी यात्री एवं चालक दल सुरक्षित बाहर आए। हम अपने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते* शेष पेज 4 पर

### भारी आर्थिक नुकसान की आशंका

विशेषज्ञों के अनुसार, इस घटना से एयरलाइन को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। एक बोइंग 777 विमान प्रति घंटे लगभग 8 से 9 टन ईंधन की खपत करता है। ऐसे में लगभग 8 घंटे की अनियोजित उड़ान से ईंधन, संचालन और अन्य खर्चों में बड़ा नुकसान हुआ। यात्रियों को जान जोखिम में रही, सो अलग। इस घटना ने एयरलाइन के परिचालन प्रबंधन शेष पेज 4 पर

# सदियों तक याद रहेगा मातृभूमि की रक्षा की लिए रानी अवंतीबाई का बलिदान : मुख्यमंत्री

## रानी अवंतीबाई बलिदान दिवस पर डिंडोरी में हुआ कार्यक्रम | मुख्यमंत्री डॉ.मोहन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया संबोधित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रानी दुर्गावती से लेकर रानी कमलापति और रानी अवंतीबाई तक हमारी लोकनायिकाओं और वीरांगनाओं ने विदेशी आक्रांताओं के छक्के छुड़ा दिए थे। मातृभूमि की रक्षा के लिए रानी अवंतीबाई ने जो बलिदान दिया, वह सदियों-सदियों तक अविस्मरणीय रहेगा।

डॉ. यादव शुक्रवार को रानी अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर डिंडोरी जिले में आयोजित कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रानी अवंतीबाई के अटल साहस और अमर त्याग को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए उनकी स्मृति में डिंडोरी में एक करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित भव्य संग्रहालय का लोकार्पण भी किया।


कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### रानी लक्ष्मीबाई जैसी थी रानी अवंतीबाई की भूमिका

मुख्यमंत्री ने कहा कि सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में डिंडोरी में रानी अवंतीबाई की भूमिका ठीक वैसी ही थी, जैसी झांसी में रानी लक्ष्मीबाई की। जब अंग्रेजों ने राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह को तोप से उड़ाकर कायरता दिखाई, तब इस पूरे क्षेत्र में क्रांति की मशाल रानी अवंती बाई ने अपने हाथ में ली थी। सन 1857 की क्रांति में रानी अवंतीबाई ने रेवांचल में मुक्ति आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाई। इसके बाद सन 1858 में जब अंग्रेजों ने एक विशाल सेना के साथ उन पर हमला किया, तब भी रानी ने झुकना स्वीकार नहीं किया। अपने मान-सम्मान और देश की अस्मिता के लिए उन्होंने लड़ते-लड़ते, हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने रानी अवंती बाई की शहादत को अविस्मरणीय बनाए रखने के लिए सागर में उनके नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना कर श्रद्धांजलि दी है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की डिंडोरी जिले की तारीफ

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रसन्नता जताई कि एनीमिया मुक्त भारत के संकल्प के साथ जिला प्रशासन डिंडोरी ने एक ही दिन में 50 हजार से ज्यादा महिलाओं और बेटियों की स्वास्थ्य जांच की। इस उपलब्धि के लिए डिंडोरी का नाम 'एशिया बुक ऑफ रिकाड्‌र्स' और 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज हुआ है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। 14 से 15 साल की बेटियों को टीकाकरण (एचपीवी अभियान) में भी डिंडोरी जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों के सपनों को पंख देने के लिए डिंडोरी जिले में 'पंखिनी अभियान' चलाया जा रहा है। इसमें बेटियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है। यह एक अभिनव प्रयास है। मुख्यमंत्री ने इस अभियान के लिए जिला प्रशासन डिंडोरी को बधाई भी दी।*

## खबर संक्षेप

### आउटसोर्स कर्मी नए श्रम कानून में हों शामिल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारियों को भी एक अप्रैल से भारत सरकार के नए श्रम कानून वेतन वृद्धि सहित अन्य सुविधाओं का लाभ दिया जाए। यह मांग मप्र संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सभी शासकीय विभागों में तीन लाख से अधिक आउट सोर्स के जरिए कर्मचारी कार्यरत है। मप्र में अन्य राज्यों की तुलना में आउटसोर्स कर्मचारियों को बहुत कम मानदेय दिया जा रहा है। भारत सरकार के नए श्रम कानून मप्र पूरी तरह से लागू किए जाए तो आउटसोर्स कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने के साथ 10 से 11 हजार तक वेतन में वृद्धि भी होगी।

### 'साधना' सप्ताह से निखरेगा कामकाज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार अपने अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली और व्यवहार में सुधार लाने के लिए साधना सप्ताह का आयोजन करने जा रही है। योजना के तहत 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक साधना सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान अलग-अलग विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी कार्यप्रणाली के अनुसार विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में पूरा किया जाएगा, जिसकी अंतिम तिथि 30 मार्च तय की गई है। इसमें कर्मचारियों को ऑनलाइन माध्यम से आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर कोर्स करने होंगे। इसके साथ ही मोबाइल एप के जरिए भी प्रशिक्षण को आसान बनाया गया है।

### कॉलेजों में बचा बजट चुकेंगे बिजली बिल

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने सरकारी महाविद्यालयों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। विभाग ने प्रदेश के सभी शासकीय कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने यहां लंबित बिजली बिलों का भुगतान तत्काल प्रभाव से करें। इसके लिए कॉलेजों को आवंटित ग्लोबल बजट की शेष राशि का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल, वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है और विभाग के पास बड़ी मात्रा में बजट शेष बचा हुआ है। उच्च शिक्षा विभाग चाहता है कि इस राशि का उपयोग देनदारियों के निपटान में किया जाए। यदि बजट के बावजूद किसी कॉलेज में बिजली बिल लंबित पाया जाता है, तो संबंधित प्राचार्य को इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा।

## मुख्यमंत्री निवास में होगी सिंधी समाज की पंचायत, डॉ. यादव ने दी चेटीचंड पर्व की मंगलकामनाएं

# व्यापार, शिक्षा और समाज सेवा सभी क्षेत्रों में सिंधी समाज ने दिया महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार विकास के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोकर आगे बढ़ रही है। हर समुदाय की परंपराओं और संस्कृति को सम्मान देना और सभी को समान अवसर उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य है। चाहे व्यापार हो, शिक्षा हो या समाज सेवा, सिंधी समाज ने अपने परिश्रम समर्पण और सकारात्मक सोच से समाज को नई दिशा देते हुए प्रदेश और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शीघ्र ही मुख्यमंत्री निवास में सिंधी समाज की विशेष पंचायत आयोजित की जाएगी। यह बात शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही।

सिंधी समाज के नववर्ष के रूप में मनाए जाने वाले भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचंड के अवसर पर रवीन्द्र भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाज बंधुओं को पर्व की मंगलकामनाएं दीं। विधायक भगवान दास सबनानी तथा सिंधी सेंट्रल पंचायत के प्रतिनिधि कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भजन और सांगीतिक प्रस्तुतियां भी हुईं।

### रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में हुई भजन और सांगीतिक प्रस्तुतियां


मंच से संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन आम आदमी की समस्याओं की प्रति संवेदनशील : सबनानी

विधायक भगवान दास सबनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव आम आदमी की समस्याओं की प्रति संवेदनशील हैं। उनके नेतृत्व में व्यापार, उद्योग, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है और प्रदेशवासियों को इसका लाभ भी मिल रहा है। कार्यक्रम में महापौर मालती राय सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

### चेटीचंड पर्व याद दिलाकर भारतीयों के हृदय में जागृत रखता है अखंड भारत का सपना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चेटीचंड का पर्व अखंड भारत की याद दिलाता है। भारतीयों के हृदय में अखंड भारत का सपना जागृत रखता है। सामाजिक उत्सवों से एक दूसरे के प्रति प्रेम और आत्मीयता बढ़ती है।

मुख्यमंत्री ने सम्राट विक्रमादित्य को उनकी वीरता, न्यायप्रियता और दानशीलता के लिए याद किया। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य से प्रेरित होकर शासन उन गुणों को आत्मसात कर सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के टावर चौक पर चेटीचंड महापर्व पर आयोजित सिंधी समाज के चल समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने विक्रम संवत 2083 में बाबा श्री महाकाल की नगरी से देश एवं प्रदेशवासियों को चेटीचंड के महापर्व की मंगलकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश, प्रदेश विकास के नवीन आयाम स्थापित कर रहा है। सिंहस्थ 2028 के लिए सरकार नवीन विकास के कार्य कर रही है। सभी गणमान्य नागरिक भी विकास कार्यों में अपना योगदान दे रहे है। आगामी सिंहस्थ के दिव्य आयोजन से प्रदेश और उज्जैन की वैश्विक पटल पर नवीन पहचान स्थापित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवा ध्वज लहराकर चल समारोह का शुभारंभ किया। रैली में विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद और एक्ट्रेस जयाप्रदा, एक्टर आफताब शिवदासानी, तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम गोली सांसद अनिल फिरोजिया आदि उपस्थित रहे।



### सिंधी समाज ने संघर्ष कर पुनः स्वयं को स्थापित कर बनाई अपनी पहचान



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चेटीचंड नव वर्ष के आरंभ का प्रतीक होने के साथ आस्था, एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतिबिंब है। यह पर्व हमें भगवान झूलेलाल की शिक्षाओं के अनुरूप सद्भाव, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंधी समाज ने संघर्ष और कठिनतम परिस्थितियों में स्वयं को पुनः स्थापित करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। लगभग 1200 वर्ष पहले राजा दाहिर द्वारा विधर्मियों से धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए किया गया योगदान इतिहास में दर्ज है।

## राज्य के निवेश समर्थक दृष्टिकोण का होगा प्रस्तुतिकरण

# सीएम डॉ. यादव आज जयपुर में करेंगे उद्योग जगत के साथ निवेश पर संवाद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमता को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में मजबूती से स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 21 मार्च को जयपुर के आईटीसी राजपूताना में 'इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' में उद्योग जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ निवेश पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

इस सेशन में राज्य की नीतिगत स्पष्टता, प्रशासनिक तत्परता और निवेश समर्थक दृष्टिकोण को देश के प्रमुख औद्योगिक समूहों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जयपुर में होने वाले सेशन में मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीति, क्षेत्रवार प्रोत्साहन, विकसित औद्योगिक क्षेत्रों की उपलब्धता, अधोसंरचना विस्तार, लॉजिस्टिक नेटवर्क, कौशल विकास तंत्र और त्वरित स्वीकृति प्रणाली का समग्र प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधि भी अपने विचार रखेंगे।

### प्रस्तावित परियोजनाओं पर विस्तार से होगी चर्चा

डॉ. यादव उद्योग जगत के साथ सीधे संवाद में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करेंगे और बताएंगे कि मध्यप्रदेश निवेश के लिए स्थिर नीति वातावरण, पारदर्शी प्रक्रिया और समयबद्ध निर्णय व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है। वे निवेश को रोजगार सृजन, कौशल उन्नयन और औद्योगिक विस्तार से जोड़ने की राज्य की प्रतिबद्धता को सामने रखेंगे। डॉ. यादव का मुख्य संबोधन राज्य की औद्योगिक दिशा और दीर्घकालिक विकास दृष्टि को केंद्र में रखेगा। वे चयनित उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग में प्रस्तावित परियोजनाओं पर चर्चा करेंगे। यह निवेश संवाद मध्यप्रदेश की औद्योगिक प्रगति और निवेश संभावनाओं को राष्ट्रीय उद्योग समुदाय से सीधे जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

## भोपाल पुलिस ऑफिसर्स मेस में योग एवं ध्यान सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में पुलिस कर्मियों में मानसिक संतुलन, आंतरिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भोपाल स्थित पुलिस ऑफिसर्स मेस में विशेष योग एवं ध्यान (मेडिटेशन) सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन



विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु एवं हार्टफुलनेस संस्थान के मार्गदर्शक कमलेश पटेल (दाजी) ने किया।

## विकसित भारत युवा संसद 2026 के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री सारंग

# युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के ध्वजवाहकः विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यह मंच केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए विचारों की ऊर्जा का केंद्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रमुख ध्वजवाहक हैं। विकसित भारत 2047 का संकल्प तभी साकार होगा, जब युवा संस्कारित, अनुशासित और जिम्मेदार होंगे। यह बात मंत्री विश्वास सारंग शुक्रवार को मप्र विधानसभा परिसर स्थित मानसरोवर भवन में आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने युवा प्रतिभागियों से संवाद किया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश के 54 जिलों से चयनित 270 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से शीर्ष तीन प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप, तकनीक, शोध एवं नेतृत्व क्षेत्र में अवसर प्रदान कर रही है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही प्रदेश एवं देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति सुनिश्चित की जा सकती है।




### चेंजमेकर रूप में विकसित करेंगे मध्य प्रदेश के युवाओं को

*सारंग ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें खेलो एमपी यूथ गेम्स, प्रत्येक विधानसभा में खेल परिसर की स्थापना, पार्थ योजना, फिट इंडिया क्लब, मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान, युवा उत्सव, खेलो बढ़ो अभियान तथा सहकारिता के माध्यम से खेल एवं युवा गतिविधियों को प्रोत्साहन शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य मप्र के प्रत्येक युवा को चेंजमेकर के रूप में विकसित करना है।*

### अंतरराष्ट्रीय खुशहाली दिवस पर खुशहाली नवाचार का दिया संदेश

**भोपाल।** जन अभियान परिषद के तत्वावधान में चिनार पार्क में अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता करते हुए व्यवहारिक ज्ञान अर्जित किया। अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम में सकारात्मक जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की गई। इसके साथ ही कबाड़ से जुगाड़ गतिविधि के माध्यम से छात्रों को बेकार वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रसारित हुआ। इस अवसर पर फंदा ब्लॉक समन्वयक नंद किशोर मालिविया, परामर्शदाता बाल कृष्ण व्यास, प्रियेश परमार एवं ललिता यादव भी मौजूद रहे।

## दिग्विजय को लेकर कहा- वो भी हो सकते हैं पर निर्णय पार्टी लेगी

## राज्यसभा की सीट को लेकर चिंतन और मंथन का दौर

# पटवारी बोले- मेरे अलावा कोई भी राज्यसभा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने खुद को राज्यसभा की रेस से अलग कर



लिया है। भोपाल में मालवा क्षेत्र के कथावाचक मोहित नागर को कांग्रेस की सदस्यता दिलाने के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान जीतू पटवारी ने राज्यसभा उम्मीदवार को लेकर कहा- कांग्रेस के अध्यक्ष का पद जिम्मेदारी का पद होता है। काम के लिए 24 घंटे भी कम पड़ते हैं। इस तरह की जिम्मेदारी का ये पद है। तो मेरे अलावा कोई भी साथी होगा वो सौ प्रतिशत राज्यसभा जाएगा। मीडिया और भाजपा चिंतित होते हैं दोनों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। जीतू पटवारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या दिग्विजय सिंह राज्यसभा के उम्मीदवार हो सकते हैं तो उन्होंने कहा-बिल्कुल हो सकते हैं ये पार्टी निर्णय करेगी। बता दें कि एमपी में जून में खाली हो रही राज्यसभा की सीट को लेकर चिंतन और मंथन का दौर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधानसभा सदस्यता बरकरार रखी लेकिन राज्यसभा चुनाव में मतदान का अधिकार नहीं दिया। ऐसे में राज्यसभा उम्मीदवारों को हरियाणा, ओडिशा, बिहार जैसे राज्यों में हुई क्रॉसवोटिंग के बाद एमपी में भी अंदरखाने टेंशन है।

### बहनों के साथ लाड़ली बहना एक तरह का छल

चीफ जीतू पटवारी ने कहा- पूरे मप्र और देश में भयावहता है। महंगाई हर घर के चूल्हे को ग्रसित कर रही है। बहनों के साथ लाड़ली बहना एक तरह से छल था। तीन हजार रुपए का वादा करके 1500 रुपए देना। एक करोड़ बहनों को देना और तीन करोड़ बहनों को छोड़ देना। मप्र में चार करोड़ बहनें हैं जिनसे 3 हजार रुपए महीना देने का वादा था। ये सरकार का छल है। मप्र में बेरोजगारी भयावह है। शिवराज और मोहन यादव की सरकार में रोजगार के सपने दिखाए गए। मप्र बेरोजगार युवाओं का गढ़ बन गया।

## पीएम मोदी, सीएम डॉ. यादव, राज्यपाल पटेल का जताया आभार

# जयभान सिंह पवैया 6वें वित्त आयोग के अध्यक्ष बने, पूर्व मंत्री बोले- मां भगवती का आदेश मानकर करूंगा सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराष्ट्र के सहप्रभारी और पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त



किया गया है। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष बनाए जाने पर जयभान सिंह पवैया ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुझे कल शाम को जब सूचना मिली, तो मैंने अनुभव किया कि नवरात्रि के पहले दिन की संध्या को जगदंबा मां ने मुझे कोई आदेश दिया है। पवैया ने कहा कि वह मध्य प्रदेश की जनता की सेवा करने के इस दायित्व को भगवती के चरणों में अर्पित करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की। पवैया ने कहा कि इन नेताओं ने एक उच्च संवैधानिक संस्था, वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में उनकी क्षमताओं को परखा और उन पर विश्वास जताया।

### वित्त के सदुपयोग और पारदर्शिता पर जोर, पवैया ने रखी प्राथमिकताएं

जयभान सिंह पवैया नेकेंद्र से लेकर मध्य प्रदेश तक के संगठन के सभी पदाधिकारियों और पार्टी के प्रमुखों का भी आभार व्यक्त किया। पवैया ने इस बात पर जोर दिया कि भले ही यह एक संवैधानिक संस्था हो, लेकिन अपनी 'मां' (संगठन) को नहीं भूला जा सकता, जिसके कारण वह आज सेवा के लायक बने हैं। उन्होंने संगठन का भी कृतज्ञता व्यक्त की कि उन्होंने यह अवसर प्रदान किया। उन्होंने स्वीकार किया कि यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और कार्यभार संभालने के बाद ही वह इस पर अधिक चर्चा कर पाएंगे। पवैया ने अध्ययन करने और मध्य प्रदेश का व्यापक भ्रमण करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि जमीनी हकीकत को समझा जा सके। उन्होंने कहा कि आयोग की भूमिका निकायों के बीच, गांव से लेकर महानगरों तक, वित्त का न्यायपूर्ण वितरण और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की सलाहकार होती है। इसके लिए गहन अध्ययन की आवश्यकता होगी।

## भाजपा और सरकार के बीच संवाद को मिलेगा संस्थागत रूप

# आरएसएस की नई रणनीति, सरकार संगठन समन्वय के लिए बनेगी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मध्य प्रदेश में अपने संगठनात्मक ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत एक नई प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा, जो राज्य सरकार और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करने का काम करेगी।

यह नई व्यवस्था मार्च 2027 से लागू किए जाने की योजना है। सूत्रों के अनुसार, यह समिति विशेष रूप से सरकार और संगठन (भारतीय जनता पार्टी) के बीच संवाद, संपर्क और समन्वय को मजबूत करने की जिम्मेदारी निभाएगी। अब तक यह समन्वय अनौपचारिक स्तर पर होता रहा है, लेकिन नई व्यवस्था के तहत इसे संस्थागत रूप दिया जाएगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बन सके। बताया जा रहा है कि इस समिति में प्रदेश स्तर के प्रमुख पदाधिकारियों को शामिल किया जाएगा। खासतौर पर प्रांत प्रचारक और प्रांत कार्यवाह की भूमिका इसमें अहम मानी जा रही है। यही नेतृत्व सरकार के साथ तालमेल बैठाने, नीतिगत मुद्दों पर संवाद करने और संगठन की बात को प्रभावी तरीके से शासन तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

### विधानसभा चुनाव से डेढ़ से दो साल पहले समिति हो जाएगी सक्रिय

राजनीतिक दृष्टि से इस कदम को काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि मध्यप्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव से करीब डेढ़ से दो साल पहले यह समिति सक्रिय हो जाएगी। ऐसे में यह भाजपा और सरकार के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। माना जा रहा है कि आगामी चुनावों में संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने में यह समिति निर्णायक भूमिका निभाएगी।

### शिक्षकों के समर्थन में आए पूर्व मंत्री शर्मा, सीएम को लिखा पत्र

**भोपाल।** शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आदेश जारी होने के बाद शिक्षक संगठन लगातार विरोध कर रहे है। अब कांग्रेस के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी शिक्षकों का समर्थन किया। शर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिक्षकों को राहत देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करे। शर्मा ने कहा है कि प्रदेश के बड़ी संख्या में शिक्षकों में डर और निराशा का माहौल बन गया है। अन्य राज्यों में भी इस मामले में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है, इसलिए मध्य प्रदेश सरकार को भी शिक्षकों के हित में ऐसा कदम उठाना चाहिए।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 21 मार्च 2026


7 चैतीचांद पर्व पर भगवान झूलेलाल की निकाली...


8 श्रीकृष्ण और उनके मित्र के आत्मसम्मान तथा स्नेह...








# अब शहर की सफाई-व्यवस्था को जल्द मिलेगा नया सिस्टम...

## पीपीपी मोड पर होगी सफाई, 40:60 मॉडल में रहेगी निगम और निजी कंपनियों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में सफाई व्यवस्था को अधिक मजबूत, आधुनिक और जवाबदेह बनाने के लिए नगर निगम बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब शहर की सफाई व्यवस्था पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर संचालित की जाएगी। इस नई व्यवस्था में 40 प्रतिशत जिम्मेदारी नगर निगम और 60 प्रतिशत भागीदारी निजी कंपनियों की रहेगी। इसकी तैयारी निगम प्रशासन ने कर ली है और आधुनिक वाहनों की खरीदी प्रक्रिया शुरू कर दी है। निगम ने नए वाहनों की खरीदी के लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इनका उपयोग कचरा संग्रहण और परिवहन के लिए किया जाएगा ताकि शहर के हर वार्ड में समयबद्ध और प्रभावी सफाई व्यवस्था तय हो सके।

वर्तमान में शहर से रोज 850 टन से ज्यादा कचरा निकलता है। इसके प्रबंधन के लिए निगम के पास 1400 से अधिक वाहन और 8000 से ज्यादा सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके बावजूद शहर के कई क्षेत्रों में सफाई को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं। इसे लेकर निगम प्रशासन व्यवस्था में बदलाव कर रहा है।



### निजी एजेंसियां जमीनी स्तर पर करेंगी कार्य

*नए 40: 60 मॉडल के तहत नगर निगम निगरानी, योजना निर्माण और समन्वय की भूमिका निभाएगा, जबकि निजी एजेंसियां जमीनी स्तर पर सफाई कार्य, कचरा संग्रहण और परिवहन की जिम्मेदारी संभालेंगी। इससे कार्यों में तेजी आने के साथ ही जवाबदेही भी तय होगी। निगम के अधिकारियों का मानना है कि निजी कंपनियों की भागीदारी से आधुनिक मशीनरी, नई तकनीक और बेहतर प्रबंधन प्रणाली का लाभ मिलेगा। साथ ही, सफाई कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होगा और शहर की स्वच्छता रैंकिंग को भी मजबूती मिलेगी।*

### व्यवस्था पारदर्शी और मजबूत होगी

नगर निगम का दावा है कि इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सड़क सफाई और कचरा निस्तारण की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी होगी। निजी एजेंसियों की जवाबदेही से लोगों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।

### 40:60 मॉडल लागू करने की तैयारी

महापौर मालती राय ने बताया कि सफाई व्यवस्था जल्द ही पीपीपी मोड पर लागू होगी। 40 फीसदी नगर निगम और 60 फीसदी भागीदारी निजी कंपनियों की रहेगी। वहीं नए वाहनों की खरीदी प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।






## गंदगी से जाम पड़े शौचालय, यात्री बोले- जब पैसा पूरा तो सुविधाएं अधूरी क्यों

# अभी गर्मियां ठीक से शुरू भी नहीं हुईं और ट्रेनों के टॉयलेट में होने लगा पानी खत्म...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभी समर सीजन ठीक से शुरू भी नहीं हुआ और ट्रेन में पानी की सप्लाई व्यवस्था फेल होने लगी है। टॉयलेट व कोचों में गंदगी है। इसके साथ ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों का सफर और मुश्किल भरा बना रखा है। शुक्रवार को भोपाल आने वाली दो दर्जन से अधिक ट्रेनें देरी से पहुंची। इसमें जहां कुछ ट्रेनें 5 घंटे से अधिक देरी से आई थी। तो शताब्दी एक्सप्रेस भी आधे घंटे लेट आई। पिछले कुछ दिनों से लगातार इस तरह की समस्या देखने को मिल रही है। लेकिन रेलवे अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। इसी के चलते शुक्रवार को भोपाल रेल मंडल के स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को मदन महल - रानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेन के यात्रियों ने ट्रेन में पानी खत्म होने की शिकायत की है।

**भोपाल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों के यात्री हुए परेशान**

**जनशताब्दी एक्सप्रेस में शिकायत के बाद इटारसी में भरा पानी**


ट्रेन में हुई पसरी गंदगी।

### प्रारंभिक स्टेशन मदन महल से ही नहीं भरा गया पानी

*जनशताब्दी एक्सप्रेस में सफर कर रहे मणि अय्यर नामक यात्री ने बताया कि वह रिटायर्ड हैं और अपनी साली से मिलने जबलपुर गए थे। वापसी में जनशताब्दी एक्सप्रेस मदन महल से आरकेएमपी के लिए सफर कर रहे थे। ट्रेन के चलने के कुछ समय बाद वे टॉयलेट गए गए तो वहां पानी नहीं था। इसके बाद उन्होंने अन्य कोचों में देखा,तो वहां भी यही हाल थे। ट्रेन के शौचालय गंदगी से जाम थे, बदबू से यात्रियों को खासी परेशानी हो रही थी। पैसा पूरा देने के बाद भी सुविधाएं अधूरी मिलने से यात्रा करना मुश्किल हो रहा है। इसके बाद रेलवे अधिकारी को शिकायत की, जिसके बाद इटारसी स्टेशन पर पानी भरा गया। इसी तरह 04108 हडपसर (पुणे) - प्रयागराज विशेष किराया ग्रीष्मकालीन स्पेशल के बी-1 कोच में पानी खत्म होने से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह ट्रेन 5 घंटे से अधिक की देरी से आरकेएमपी पहुंची। ट्रेन यात्री श्रेयांश कुमार ने बताया कि कोच में पानी खत्म होने से टॉयलेट गंदगी से जाम थे। पूरा सफर परेशानी भरा रहा। वहीं, अन्य ट्रेनों के यात्रियों को कोच में पानी खत्म होने की समस्या से दो चार होना पड़ा। इसको लेकर कुछ यात्रियों भोपाल रेल मंडल के सोशल मीडिया आकाउंट पर भी शिकायत की है।*



### पांच घंटे की देरी से चल रही ट्रेनें यह पहुंची देरी से

- 04108 हडपसर (पुणे)-प्रयागराज एक्सप्रेस 5:09 घंटे
- 01080 गोरखपुर-मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस 4:02 घंटे
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 2:39 घंटे लेट आई
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 1:22 घंटे
- 14116 प्रयागराज - डा. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 0:55 मिनट लेट आई
- 12198 ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस 0:56 मिनट लेट आई
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 0.30 मिनट लेट आई
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 0.25 मिनट लेट आई

### नियमित मॉनिटरिंग की जा रही...

ट्रेनों में पानी को लेकर नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। अब इस तरह की समस्या देखने को नहीं मिलेगी। पमरे जोन के तीन मंडल में ट्रेनों की पंक्चुअलिटी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक दिन पहले ही कोटा रेल मंडल की ट्रेनों ट्रेनों की पंक्चुअलिटी 100 फीसदी रही तो वहीं भोपाल व जबलपुर रेल मंडल की 80 से 90 फीसदी ट्रेनें समय पर आ रही है।

**हर्षित श्रीवास्तव, सीपीआरओ पमरे जोन**

## जोन में सूचना देने के बाद भी आधा घंटे बहता रहा पानी

# अयोध्या बायपासः खुदाई में फूट गई नर्मदा लाइन, हजारों लीटर पानी बस्ती में घुसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के अयोध्या बायपास रोड पर शुक्रवार को दोपहर करीब पौने चार बजे जेसीबी से रोड निर्माण के दौरान नर्मदा जल की पाइप लाइन फूट गई। इससे पानी का तेज बहाव शुरू हो गया। देखते ही देखते समीप बस्ती के एक दर्जन घरों में पानी घुस गया। लगातार पानी बहने से महिलाएं और पुरुष घरों में पानी न घुसे उसके इंतजाम में जुट गए। जब इसकी जानकारी जोन-16 की एई बबली शर्मा को दी गई तो जवाब मिला कि फोटो और लोकेशन भेजिए फिर दिखवाते हैं। करीब आधे घंटे पानी बहता रहा। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई तब जाकर मौके पर अमला पहुंचा और पाइप लाइन से सप्लाई रुकवाकर खराबी को दूर किया गया।

अयोध्या बायपास रोड पर क्रेशर बस्ती के पास रोड 10 लेन करने का काम चल रहा है। यहां कई जेसीबी और भारी मशीनों से निर्माण कार्य के दौरान रोड के नीचे से गुजर रही नर्मदा जल की पाइप लाइन उसकी चपेट में आ गई। पाइप लाइन फूटने से पानी का तेज बहाव शुरू हो गया और समीप की क्रेशर बस्ती में घुस गया। घर का सामान खराब न हो इसे देखते हुए बस्ती में रहने वाले लोग बचाव के इंतजाम में जुट गए।


बस्ती में बहता पाइप लाइन का पानी।

### नर्मदा जल की मेन लाइन से रुकवाई सप्लाई

अयोध्या बायपास रोड से गुजर रही नर्मदा जल की मेन लाइन है। इससे अयोध्या नगर, रत्नागिरी, भानपुर, सोनागिरी जैसी बडी कॉलोनियों सहित कई इलाकों में पानी की टंकियां भरती हैं। मेन फीडर लाइन से सप्लाई बंद करवाने में भी समय लगता है। निगम के उच्च अधिकारियों को जानकारी देने के बाद सप्लाई बंद करवाई गई और फाल्ट को सुधारा गया।


पानी रोकने का इंतजाम करते रहवासी।

### बाधित नहीं होगा जल प्रदाय मौके पर टीम भेज दी है...

नगर निगम में जल प्रदाय शाखा के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने बताया कि अयोध्या बायपास रोड पर निर्माण कार्य के दौरान पाइप लाइन फूटने की जानकारी मिलने पर मौके पर जल कार्य विभाग की टीम भेजी गई है। जल प्रदाय बाधित नहीं होगा।

## 30 सिलेंडर के साथ वाहन भी जब्त

# होटलों पर कमर्शियल सिलेंडर सप्लाई कर रहे थे 'गैस पॉइंट' के कर्मचारी


गैस एजेंसी के कर्मचारियों पर कार्रवाई करता खाद्य विभाग का अमला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बंद होने के बाद भी निजी कंपनी गैस पॉइंट कंपनी के वाहन से शब्बन चौराहा जहांगीराबाद में कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई की जा रही थी। शुक्रवार को खाद्य टीम पहुंची, तो वहां एक वाहन में 30 सिलेंडर भरे थे। वाहन चालक जुबैर से दस्तावेज मांगे, तो उसने इंकार कर दिया। जिसके बाद टीम ने वाहन सहित सिलेंडर जब्त कर लिए। वहीं चाय होटल पर घरेलू सिलेंडर पाए जाने पर सिलेंडर जब्त किया गया है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि न्यूमार्केट, जहांगीराबाद सहित अन्य क्षेत्रों में होटल, रेस्टोरेंट और अवैध गैस सिलेडर रीफिलिंग सेंटर पर कार्रवाई करते हुए 35 बरामद किए हैं। वहीं शब्बन चौराहा स्थित चाय की होटल संचालक नवेद अहमद के सामने ही एक घरेलू सिलेंडर जब्त किया है। इसके अलावा आरके गैस एजेंसी भदभदा रोड न्यू मार्केट पर सिलिंडरों की कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर छपा मारा।

### घरेलू सिलेंडरों से छोटे सिलेंडर में रिफिलिंग

टीम ने जहांगीराबाद स्थित मुस्कान इलेक्ट्रानिक दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदार साकिब उर्फ कासिम घरेलू गैस सिलिंडर से छोटे गैस सिलिंडर में गैस भरकर मनमर्जी के दाम में बेचे जा रहे थे। यहां से तीन घरेलू, एक व्यावसायिक और एक छोटा सहित पांच गैस सिलिंडर जब्त किए हैं।

## ट्यूटर ने छत पर जाने वाला गेट छोड़ दिया था खुला

# मेंडोरी में कोचिंग क्लास से गिरकर 5 साल के मासूम की मौत, ट्यूटर पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित विशाल नगर नीलबड़ में 15 दिन पहले कोचिंग क्लास से गिरकर घायल हुए 5 साल के मासूम की मौत हो गई। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि ट्यूटर की लापरवाही से हादसा हुआ। पुलिस ने ट्यूटर के खिलाफ लापरवाही की धाराओं में केस दर्ज किया है। दरअसल, पहली कक्षा का छात्र युवराज सिंह पिता विक्रम सिंह भूपति कैंपस, मेंडोरी, नीलबड़ में रहता था। मकान नं.-146 विशाल नगर में उसकी कोचिंग क्लास थी। 4 मार्च दोपहर तीन बजे कोचिंग की छत से वह नीचे गिर गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां 15 दिन चले इलाज के बाद शुक्रवार शाम युवराज की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शनिवार को शव का पीएम कराया जाएगा।

### क्राइम सीन के बाद प्रकरण दर्ज

पुलिस और एफएसएल टीम कोचिंग क्लास पहुंची। टीम ने युवराज के परिजन और लोगों के बयान दर्ज किए। परिजन ने बताया कि बताया कि युवराज साक्षी खरे के घर ट्यूशन पढ़ने गया था। साक्षी के कमरे से लगा हुआ ही छत पर जाने के लिए एक गेट है। वह कोचिंग क्लास के समय खुला हुआ था।

**नगर निवेशक एई एवं उपयंत्री करेंगे समस्याओं का निराकरण**

# बिल्डिंग परमिशन शाखा में अब हर शुक्रवार अवैध निर्माण पर सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में अब प्रत्येक शुक्रवार को बिल्डिंग परमीशन शाखा में अवैध निर्माण को लेकर सुनवाई होगी। दोपहर 12 से 2 बजे तक और शाम 4 बजे से 5 बजे तक होने वाली सुनवाई में नगर निवेशक, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री मौजूद रहेंगे और यहां आने वाली समस्याओं का निराकरण करेंगे। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शुक्रवार को टीएल बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में अवैध निर्माणों के संबंध में प्रत्येक शुक्रवार को सुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



निगम आयुक्त ने समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि सुनवाई के दौरान अवैध निर्माण से संबंधित क्षेत्र के नगर निवेशक, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्पत्ति कर, जल प्रभार, लीज रेंट सहित अन्य करों की वसूली प्रभावी ढंग से करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार, तन्मय वशिष्ठ शर्मा, मुकेश शर्मा, हर्षित तिवारी, उपायुक्त धीरेन्द्र सिंह कुशवाह, दिनेश सिंह, चंचलेश गिरहारे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सुबह 6 बजे से रेतघाट से मोती मस्जिद की ओर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा

# ईद के चलते आज बदली रहेगी राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था, प्लान देखकर निकलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईद-उल-फितर के चलते राजधानी के कई रास्तों का ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। यातायात पुलिस के अनुसार शनिवार को सुबह 6 बजे से रेतघाट से मोती मस्जिद, सदर मंजिल-रायल मार्केट की ओर बीसीएलएल की बसें एवं आम यातायात का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।


मोती मस्जिद की छत से चांद देखते समाज के लोग।

### ईद-उल-फितर पर यह रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

- इन्दौर-उज्जैन की तरफ से आने वाली बसें लालघाटी से नादरा बस स्टैण्ड की ओर नहीं आ सकेंगी। इस मार्ग की बसें हलालपुर बस स्टैण्ड तक आएंगी। राजगढ़ की ओर से आने वाली बसें लालघाटी से नादरा बस स्टैण्ड की ओर नहीं आ सकेंगी। ये बसें हलालपुर पर समाप्त होंगी।
- रेतघाट से मोती मस्जिद, सदर मंजिल-रायल मार्केट की ओर बीसीएलएल की बसें एवं आम यातायात का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ये वाहन व्हीआईपी रोड का उपयोग कर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। इसी तरह लालघाटी कोहेफिजा से इमामी गेट, पीरगेट की ओर बीसीएलएल की बसें एवं आम यातायात परिवर्तित रहेगा। आम जन लालघाटी से व्हीआईपी रोड का उपयोग कर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।
- नादरा बस स्टैण्ड से भोपाल टाकीज होकर रॉयल मार्केट की ओर बीसीएलएल, मध्यम और बड़ी बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। नादरा बस स्टैण्ड से लालघाटी की ओर जाने वाली बसें जेपी नगर तिराहे से बेस्ट प्राइज करोंद होकर आवागमन कर सकेंगी।
- सभी प्रकार के लोक परिवहन, मालवाहक, भारी, व्यावसायिक एवं अनुमति प्राप्त वाहनों का ईदगाह की ओर आने वाले मार्गों पर उपरोक्त समय में आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## चिंतन

# आईपीएल से पूर्व ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कड़ा एक्शन

आईपीएल जैसे बड़े आयोजनों से ठीक पहले केंद्र सरकार का ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कड़ा एक्शन सिर्फ एक प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि डिजिटल दौर में बढ़ती एक गंभीर सामाजिक समस्या के खिलाफ चेतावनी है। चमक-दमक, बड़े-बड़े विज्ञापन और सेलिब्रिटी के चेहरे इन सबके पीछे छिपा कड़वा सच अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी का खेल असल में आम लोगों की जेब काटने का सुनियोजित तंत्र बन चुका है। सरकारी आंकड़े खुद इस खतरे की गंभीरता को उजागर करते हैं। 300 वेबसाइट्स और एप्स को एक साथ ब्लॉक करना और अब तक 8400 प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाना बताता है कि यह कोई छोटा-मोटा मामला नहीं है। खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश प्लेटफॉर्म अवैध रूप से संचालित हो रहे थे और करोड़ों रुपये का लेनदेन बिना किसी पारदर्शिता के कर रहे थे। यह न सिर्फ आर्थिक अपराध है, बल्कि सामाजिक असंतुलन को भी जन्म देता है। ऑनलाइन सट्टेबाजी का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। पैसा कमाने का लालच, मोबाइल स्क्रीन पर एक क्लिक की दूरी और जीत की झूठी कहानियां, ये सब मिलकर एक ऐसा भ्रम पैदा करते हैं, जिसमें फंसकर लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा बैठते हैं। आंकड़े बताते हैं कि करीब 90 फीसदी लोग इस खेल में हारते हैं, लेकिन प्रचार ऐसा किया जाता है, मानो हर कोई जीत रहा हो। यही धोखा सबसे बड़ी ऑनलाइन ठगी का मकड़जाल है। सरकार द्वारा लागू किया गया प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 इस दिशा में एक बड़ा और सख्त कदम है। रियल मनी गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध, सख्त सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान, और एक नियामक संस्था का गठन, ये सभी उपाय इस उद्योग को नियंत्रित करने के लिए जरूरी थे। खासकर यह प्रावधान कि गेम खेलने वाले यूजर्स को सजा नहीं होगी, बल्कि प्लेटफॉर्म चलाने और प्रचार करने वालों पर कार्रवाई होगी, एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। हालांकि, इस कानून के कुछ पहलुओं पर बहस भी जरूरी है। स्किल बेस्ड और चांस बेस्ड गेम्स दोनों पर एक समान प्रतिबंध लगाना कई विशेषज्ञों को कठोर लगता है। तर्क यह है कि कुछ गेम्स वास्तव में कौशल पर आधारित होते हैं और उन्हें पूरी तरह प्रतिबंधित करना डिजिटल नवाचार और गेमिंग इंडस्ट्री के विकास को प्रभावित कर सकता है। लेकिन सरकार का पक्ष साफ है कि जहां पैसे का दांव लगेगा, वहां शोषण और धोखाधड़ी की संभावना बनी रहेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि ई-स्पोर्ट्स और बिना पैसे वाले सोशल गेम्स को बढ़ावा देने की बात इस कानून में शामिल है। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार गेमिंग के खिलाफ नहीं, बल्कि अवैध और शोषणकारी मॉडल के खिलाफ है। यह संतुलन बनाना आसान नहीं है, लेकिन जरूरी है। इसके अलावा, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, स्कूल-कॉलेज स्तर पर वित्तीय शिक्षा देना और विज्ञापनों पर कड़ी निगरानी रखना भी जरूरी कदम हैं। सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट पर सख्ती से नियम लागू किए जाने चाहिए, ताकि वे बिना जिम्मेदारी के ऐसे प्लेटफॉर्म्स का प्रचार न कर सकें। ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ यह कार्रवाई समय की मांग है। यह सिर्फ कानून का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज के भविष्य का सवाल है। सरकार ने पहल कर दी है, अब जिम्मेदारी समाज और नागरिकों की भी है कि वे इस डिजिटल जाल को पहचानें और उससे दूर रहें। तभी यह लड़ाई सच में जीती जा सकेगी।



**शासन प्रणाली**
नरेंद्र सिंह तोमर

# नियमों के प्रतीक हैं लोकसभा अध्यक्ष

> लोकतंत्र शासन में जनता का बहुमत पाकर सत्ता पक्ष शासन के सूत्र संभालता है और विपक्ष निगरानीकर्ता की भूमिका में सरकार से सवाल करता है। भारतीय गणतंत्र की बीते 76 वर्ष की अवधि में संसद कई तरह की घटनाओं की साक्षी रही है। हमारी आस्था के केंद्र वरिष्ठ नेताओं की तीखी बहसें, आरोप-प्रत्यारोप, विरोध और असहमतियों के लंबे विमर्श लोकसभा और राज्यसभा के गौरवशाली अतीत में दर्ज हैं। कुछ अप्रिय घटनाक्रम भी हुए, लेकिन नियमों और मान्य परंपराओं की मर्यादाओं को कभी जानबूझ कर ओझल नहीं होने दिया गया। विपक्ष के अमर्यादित व्यवहार के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कार्यकाल प्रेरणा, उम्मीद और आश्वस्ति का पर्याय बन गया है।

यह गौरव का विषय है कि हम अपनी आजादी व अपने गणतांत्रिक देश होने के 75 वर्ष पूरे कर चुके हैं। भारतीय गणतंत्र की यह यात्रा पूरे विश्व में लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं विश्वास बढ़ाने वाली अद्भुत प्रक्रिया मानी गई है। यही कारण कि जब भी लोकतंत्र को अपनाने की बारी आती है या लोकतांत्रिक शासन प्रणाली पर भरोसा जताने की बारी आती है तब-तब पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। लोकतंत्र शासन की कितनी सुंदर प्रणाली है कि इसमें जनता का बहुमत पाकर सत्ता पक्ष शासन के सूत्र संभालता है और विपक्ष निगरानीकर्ता की भूमिका में सरकार से सवाल करता है। भारतीय गणतंत्र की बीते 76 वर्ष की अवधि में संसद कई तरह की घटनाओं की साक्षी रही है। हमारी आस्था के केंद्र वरिष्ठ नेताओं की तीखी बहसें, आरोप-प्रत्यारोप, विरोध और असहमतियों के लंबे विमर्श लोकसभा और राज्यसभा के गौरवशाली अतीत में दर्ज हैं। कुछ अप्रिय घटनाक्रम भी हुए, लेकिन नियमों और मान्य परंपराओं की मर्यादाओं को कभी जानबूझ कर ओझल नहीं होने दिया गया।

सत्ता-पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे की सहमति और असहमति का सदैव सम्मान और आदर किया है। फिर अब ऐसा क्या हुआ कि विपक्ष आक्रामकता के चरम पर पहुंच कर मर्यादाओं का ध्यान नहीं रख रहा है? यह प्रश्न सामयिक है और इस पर चिंतन होना चाहिए। यह निर्विवाद तथ्य है कि संसद के सत्र विपक्ष को सवाल पूछने और सरकार को आरोपित करने के अवसर देते हैं। इन सत्रों के दौरान शासकीय कार्य ही नहीं निपटाए जाते, बल्कि जनता की आवाज को भी सुना जाता है। उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों का लेखा-जोखा रखा जाता है। विपक्ष के तीखे आरोपों का तथ्यपूर्ण उत्तर दिया जाता है। साफ है, संसद का मूल कार्य संवाद, प्रश्न-उत्तर और विचार-विमर्श पर केंद्रित है। यहां हर विचार को अभिव्यक्ति का अवसर मिलना चाहिए और मिलता है, फिर चाहे किसी पार्टी का एक ही सांसद क्यों न हो या कोई निर्दलीय जनप्रतिनिधि ही क्यों न हो। विपक्ष के आरोप हैं कि लोकसभा में उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया जाता।

इस आरोप के जवाब में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों को अवश्य देखा जाना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया है कि 17वीं लोकसभा में कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले 6 गुना अधिक समय मिला। 18वीं लोकसभा में कांग्रेस की ओर से 71 घंटे बोला गया, जबकि उनके 99 सदस्य हैं। भाजपा को 122 घंटे मिले हैं, जबकि भाजपा के 239 सदस्य हैं। जो संसदीय परंपरा का ज्ञान रखते हैं, वे जानते हैं कि सदन की कार्यवाहियां एक व्यक्ति तय नहीं करता। यह कार्य विमर्श और तय समिति की चर्चाओं के उपरांत होता है। दल के नेता स्वयं तय करते हैं कि उनकी ओर से कौन बोलेगा। यह कार्य आसंदी नहीं करती।

आसंदी तो तय समय अनुशासन और प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करती है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में निरंतर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाने का प्रयत्न कर



रहे हैं। वे ऐसा वातावरण बना रहे हैं कि अधिक से अधिक सांसदों को सदन में बोलने का अवसर मिले। अपने कार्यकाल में नियमों और प्रक्रियाओं को समृद्ध करने की लोकसभा अध्यक्षों की परंपरा को अग्रसर करते हुए ओम बिरला द्वारा नव निर्वाचित और अपेक्षाकृत कम चर्चित सांसदों को अपनी बात रखने के लिए प्राथमिकता दी गई। नव निर्वाचित सांसदों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें संसदीय प्रक्रिया, नियमों और संसदीय परंपराओं से परिचित करवाना लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने का ही तो यत्न था। लोकसभा के संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान 'प्राइड' के माध्यम से विभिन्न विधानसभाओं तथा संसद के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समिति प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पीठासीन अधिकारियों की एक समिति का गठन भी किया गया, जिसका उद्देश्य संसद तथा राज्य विधानसभाओं की समिति व्यवस्था की समीक्षा करना है। संसदीय प्रक्रियाओं में एकरूपता लाने के उद्देश्य से देश की विभिन्न विधानसभाओं के कार्य संचालन नियमों की समीक्षा के लिए भी एक समिति का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना को सौंपी गई है।

इसे भारतीय संसदीय संघीय ढांचे में समन्वय को सशक्त बनाने का स्तुत्य प्रयत्न कहा जाना चाहिए। ओम बिरला के नेतृत्व में लोकसभा को 'पेपरलेस' बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। डिजिटल संसद प्लेटफॉर्म की स्थापना, सांसदों के लिए डिजिटल अटेंडेंस प्रणाली और ऑनलाइन ऑनबोर्डिंग जैसी व्यवस्थाएं इसी परिवर्तन का हिस्सा हैं। मंत्रियों द्वारा सदन में दिए गए आश्वासनों की निगरानी के लिए 'ऑनलाइन एश्योरेंस मॉनिटरिंग सिस्टम' को भी सशक्त किया गया, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि हुई है। संसदीय कार्यवाही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस तकनीक के माध्यम से संसद की 18,000 से अधिक घंटों की ऐतिहासिक कार्यवाही का डिजिटलीकरण किया गया, जो संसदीय विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में होने वाले नवाचारों की सूची विस्तृत है। गौरतलब है कि अपने पद से हटाए जाने की मांग वाले प्रस्ताव पर बहस के एक दिन बाद सदन को संबोधित करते हुए, बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी सदस्य को संसदीय नियमों के दायरे से बाहर बोलने का विशेषाधिकार नहीं है। अध्यक्ष ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 105 के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि संसद में बोलने की स्वतंत्रता की गारंटी है, लेकिन यह संविधान और सदन की प्रक्रिया को विनियमित करने वाले नियमों और स्थायी आदेशों के अधीन है। इसके बाद भी यदि संसद में उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है, तो यह सिर्फ एक प्रक्रिया भर नहीं है, बल्कि संसदीय परंपराओं पर ही प्रश्नचिह्न है। विपक्ष का यह व्यवहार लोकतांत्रिक संसदीय मर्यादाओं के अनुकूल नहीं है। विपक्ष के अमर्यादित व्यवहार के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कार्यकाल प्रेरणा, उम्मीद और आश्वस्ति का पर्याय बन गया है। उन्हें इस अनुकरणीय कार्य के लिए बधाई और शुभेच्छाएं।

*( लेखक मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**उत्पादन**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# युद्ध के दौर में खाद्यान्न भंडार की शक्ति

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9.3 करोड़ से अधिक किसानों को 18640 करोड़ रुपये से अधिक राशि की पीएम-किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि किसान और कृषि परिवेश भारत की शक्ति बन गए हैं। यह उल्लेखनीय है कि इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच जहां भारत के रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद देश के आम आदमी के लिए राहत और अर्थव्यवस्था की ताकत बन गए हैं, वहीं 1 अप्रैल से लागू होने वाले वर्ष 2026-27 के आम बजट के तहत देश की कृषि को उन्नत और निर्यात उन्मुख बनाने की प्रभावी पहल की गई है। गौरतलब है कि दुनिया के तेजी से खुलते हुए कृषि बाजारों और खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक मांग के मद्देनजर भारत के द्वारा कृषि को निर्यात उन्मुख बनाए जाने से किसानों की आर्थिक सशक्तता के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था का नया अध्याय लिखा जा सकेगा। 21वीं सदी के इस दौर में कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा के साथ आगे ले जाना सरकार की प्राथमिकता है। बजट 2026-27 में कृषि क्षेत्र के लिए 1,62,671 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है। सरकार तकनीक और कृषि हितप्रद नीति के माध्यम से किसानों को केवल 'अन्नदाता' ही नहीं, बल्कि 'निर्यातकर्ता' बनाने की दिशा में काम कर रही है। खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सहित सभी कृषि क्षेत्रों को मजबूत किया जा रहा हैं। ऐसे में उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ाने से ही हम अपनी खेती को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल सकते हैं और दुनिया में भारत से बड़े पैमाने पर कृषि निर्यात बढ़ा सकते हैं। इस समय भारत दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कृषि उत्पादों का निर्यातक देश है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि जहां देश का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन देश के आम आदमी के लिए भोजन की गारंटी है, वहीं दुनिया के कई जरूरतमंद देशों के करोड़ों लोगों के लिए खाद्यान्न आपूर्ति का आधार भी है। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और इस वर्ष 2025-26 में इससे भी अधिक खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में अप्रैल 2026 तक लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध हो जाने का अनुमान है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 2008 की वैश्विक मंदी में भी भारत की अर्थव्यवस्था खाद्यान्न ताकत के कारण बहुत कम प्रभावित हुई। छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए हथियार बन गए थे और भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी किया। अब एक बार फिर इस समय जब ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध से दुनिया में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही हैं और खाद्यान्न आपूर्ति में व्यवधान है, तब भारत का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद एक मजबूत हथियार दिखाई दे रहे हैं और भारत नए खाद्यान्न निर्यात आदेशों की पूर्ति के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। पिछले माह फरवरी 2026 में भारत ने 25 लाख टन गेहूं का निर्यात भी सुनिश्चित भी किया है। निःसंदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। खासतौर से विगत कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र व छोटे किसानों की मजबूती के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और एमएसपी जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। गांवों में बैंक शाखाओं की संख्या मार्च 2010 के 33,378 से बढ़कर दिसंबर 2024 तक 56,579 हो गई। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कृषि इंफ्राक्ट्रक्चर फंड, सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था आदि प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया की नई खाद्य टोकरी और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रतिबद्ध देश के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। उम्मीद करें कि भारत रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से आम आदमी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दुनिया में खाद्यान्न निर्यात व वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान देने वाले सबसे प्रमुख देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

*( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


## जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
**दर्शन**

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें। यह दायीं नासिका में चल रहा है या बायीं नासिका में?

## लक्ष्मी जी कहां निवास करती हैं



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे, ब्राह्मणों की रक्षा करते थे, पर अब इनके ये गुण नष्ट होते जा रहे हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### विलुप्त होते पक्षियों का संरक्षण जरूरी

प्रतिवर्ष विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता (बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी, जिसके संस्थापक पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर हैं। इसका मूल उद्देश्य गौरैया संरक्षण के लिए एक वैश्विक मंच तैयार करना है, जिससे इस छोटे किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण पक्षी के प्रति लोगों में संवेदनशीलता विकसित हो सके।

**- गीतु परि, सोनीपत**

## ट्रेंड

### भारत-थाईलैंड की साझेदारी



अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड के प्रधानमंत्री चुने जाने पर हार्दिक बधाई। मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। हम मिलकर भारत-थाईलैंड की बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी को और भी मजबूत करेंगे।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सनातन का अपमान निंदनीय



सनातन का अपमान, देवी-देवताओं और पूजा-पद्धतियों का उपहास करना अत्यंत निंदनीय है। इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा लगातार यह धारणा बनाई जा रही है कि हिंदू समाज सहनशील है, इसलिए उसकी भावनाओं को आहत करना आसान है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**


### भाजपा की मानसिकता



अब भाजपा सरकार कहेगी कि ये भी अफवाह है कि अस्पताल में मरीजों का खाना बनने तक के लिए सिलेंडर नहीं मिल रहा है। दरअसल, भाजपा की मानसिकता ही बीमार है, उससे अस्पताल के मरीजों का ख़्याल रखने की उम्मीद करना बेकार है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### जन-जागरूकता अभियान



पिछली भाजपा सरकार ने नशे के खिलाफ कोई ठोस पहल नहीं की। चिट्टे के खिलाफ सबसे बड़े कानून पिट-एनडीपीएस एक्ट को लागू करने का नोटिफिकेशन हमने जारी किया। हम युवाओं को जागरूक बनाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं।

**-सुखविंदर सिंह सुक्खू, सीएम, हप्र**

## करंट अफेयर

### किम व उनकी बेटी ने सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी एक बार फिर सार्वजनिक रूप से साथ नजर आए और दोनों ने टैंक में सवार होकर सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को कार्यक्रम की तस्वीरें प्रसारित कर यह जानकारी दी। इससे पहले किम और उनकी बेटी ने एक साथ रॉकेट प्रक्षेपण देखा था और पिस्तौल चलाई थीं। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने बृहस्पतिवार को टैंक और पैदल सेना के जवानों से जुड़े गोलीबारी एवं अन्य सैन्य अभ्यासों की निगरानी की। केसीएनए द्वारा प्रसारित तस्वीरों में किम और उनकी बेटी बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण के दौरान चमड़े की काली जैकेट पहने अन्य सैनिकों के साथ जैतूनी-हरे रंग के एक टैंक पर सवार दिखे। तस्वीरों में किम की बेटी टैंक के 'हैच' से अपना सिर बाहर निकाले नजर आ रही हैं जबकि किम टैंक के ऊपर बैठे मुस्कुराते दिख रहे हैं। ऐसा बताया जाता है कि किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ की आयु लगभग 13 साल है और वह 2022 के अंत से ही सैन्य परेड और हथियार प्रक्षेपण सहित कई प्रमुख कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आती रही हैं। ऐसी अटकलें हैं कि किम जोंग उन अपनी बेटी को अपना उत्तराधिकारी नामित करने वाले हैं।

## ऑफ बीट

### नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

**खबर संक्षेप**



## नारी शक्ति ने निकाली प्रभात फेरी यात्रा

**औबेदुल्लागंज।** नारी शक्ति समिति प्रभात फेरी मंडल द्वारा खेड़ापति मंदिर में भक्ति और उत्साह के साथ शुक्रवार को प्रभात फेरी यात्रा निकाली गई। प्रभात फेरी यात्रा में महिलाओं ने भजन-कीर्तन करते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण किया और पूरे वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष आरती यादव ने बताया कि नगर में प्रभात फेरी निकालने से महिलाओं का संगठन मजबूत बना है। प्रभात फेरी में समिति अध्यक्ष आरती यादव, भागवती साहू, कुसुम भाशांनी, माला कुंती यादव अन्य लोगों ने भाग लिया।

## युवक से मारपीट के दोषियों को 3 वर्ष की सजा

**भोपाल।** पुराने विवाद को लेकर फरियादी युवक पर तलवार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने वाले अभियुक्तगण आनंद सहारे, खरेश मेहर, दीपेश ठाकरे एवं पुनीत पाण्डेय को अपर सत्र न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा ने दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक संतोष शर्मा द्वारा एवं अभियुक्तगण की ओर से आशीष निगम द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार कमला नगर थाना अंतर्गत 14 मई 2019 को दोपहर के 3:30 बजे नया बसेरा कोटरा सुल्तानाबाद मेन रोड भोपाल में अभियुक्तगण द्वारा फरियादी अमन खान को पुराने विवाद को लेकर तलवार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। गंभीर रूप से घायल अवस्था में फरियादी को हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था।

## करंट से झुलसकर नव विवाहिता की मौत

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित नेहरू नगर झुग्गी में करंट से झुलसकर नव विवाहिता की मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मर्चूरी में रखवा दिया है। शनिवार को पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएंगे। बयान नहीं होने के कारण फिलहाल करंट कैसे लगा इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार अमरीन पति फईम (35) नेहरू नगर झुग्गी, पिपलानी में रहती थी। पांच साल पहले ही उसकी शादी फईम से हुई थी। शुक्रवार दोपहर वह घर पर काम कर रही थी, तभी उसे करंट लग गया। परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। हमीदिया पहुंचने पर डॉक्टर ने चेक करने के बाद अमरीन को मृत घोषित कर दिया।

## अशोका गार्डन के युवती-युवक रायपुर में गांजे के साथ गिरफ्तार

**भोपाल।** अशोका गार्डन में रहने वाली युवती और उसके साथी को रायपुर की गंज पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से सवा पांच किलो गांजा जब्त किया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी उक्त गांजा ओडिशा से गुजरात ले जा रहे थे। क्राइम ब्रांच और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना मिली थी कि गंज थाना क्षेत्र स्थित राजपूताना होटल के पास एक महिला और पुरुष खड़े हैं। उनके पास मादक पदार्थ गांजा है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 5 किलो 260 ग्राम गांजा मिला। आरोपियों की पहचान अशोका गार्डन निवासी कैलाश कुशवाहा और पूजा पटेल के रूप में की गई।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 8394 | | |
| दिन: | 578 | 06 | 457 |
| रात: | 338 | 45 | 168 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 450 | 92 | 480 |
| रात: | 279 | 89 | 135 |

# चैतीचांद पर्व पर भगवान झूलेलाल की निकाली विशाल शोभायात्रा, हजारों लोग हुए शामिल, जगह-जगह हुआ स्वागत, जयकारों से गूंजा आसमान

### भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना कर जनेऊ संस्कार संपन्न कराया, प्रसाद का वितरण भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव चैतीचांद पर्व पर भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर आराध्य देवता भगवान झूलेलाल जी की विशेष आराधना की। वहीं कई स्थानों पर जनेऊ संस्कार भी संपन्न हुए। वहीं शाम को सिंधु समाज भवन द्वारा एक भव्य ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई जिसमें ऊंट घोड़े व बग्गी व झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। हर वर्ष की तरह इस बार भी बुलेट पर सवार युवक कर रहे शोभायात्रा की अगवानी सहित डीजे, बैंड, ढोल, ताशों की गूंज से की जा रही थी।

भगवान झूलेलाल के जयकारों से गूंज उठा आसमान और भगवान झूलेलाल के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु झूमते नाचते चल रहे थे। इस यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया यात्रा में शामिल हज़ारों लोग भगवान झूलेलाल के जयकारों पर लोग झूम उठे। करीब दो किलोमीटर लंबी यात्रा आकर्षण का केंद्र बनी रही और इसमें शामिल लोग थिरकते हुए चल रहे थे। यात्रा में कार्यक्रम संयोजक कन्हैयालाल ईसरानी, चंद्रप्रकाश इसरानी, मोहनलाल चंदनानी, हरीश मेहरचांदनी, भरत आसवानी, पुरुषोत्तम हरचंदानी, दिनेश वाधवानी, नरेंद्र लालवानी, मूलचंद विधानी, सुरेश अजवानी, नरेश तोलानी, चंद्र प्रकाश इसरानी, किरण वाधवानी, हीरो हिंदू, माधु चंदवानी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे। वहीं कल शनिवार को दशहरा मैदान पर भव्य रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

### ऊंट, घोड़े, बग्घी और झांकियां बनी केंद्र का आकर्षण



भोपाल टॉकिज रोड पर भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में झूमे श्रद्धालु।

### शोभायात्रा में डीजे, बैंड, ढोल और ताशों की गूंज पर खूब झूमे श्रद्धालु




भोपाल टॉकिज रोड पर शोभायात्रा में भगवान झूलेलाल की मनमोहक झांकी।



### जेंखे झूलण जो मिलयो प्यार उहो हथे मथे करे...

सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी ऑडीटोरियम में शुक्रवार को चैतीचांद (नर्व वर्ष) पर्व का आयोजन किया गया। विद्यालय के महासचिव कन्हैयालाल रामनानी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए चैतीचांद पर्व की बधाईयां देते हुए कहा कि हम सभी अपनी संस्कृति को अवश्य याद रखें सभी के साथ मिल-जुलकर पर्व मनाएं विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ कार्यक्रम भी आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वासदेव वाधवानी उपस्थित हुए। उन्होंने चैतीचांद के पर्व पर हार्दिक बधाइयां देते हुए कहा कि झुलेलाल सिंधी समाज के ईष्ट देव है वे सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बसंत चेलानी ने चैतीचांद पर्व की सभी को बधाइयां दी।

### बीना जेठानी एवं ज्योति सचदेवा ने प्रस्तुत किए सिंधी गीत

कार्यक्रम में सुरेश जसवानी, महेश दयारामानी, नंद दादलानी, आइलदास साधवानी आदि विशेष रूप से मौजूद थे। गुलाब जेठानी ने एक सुंदर गीत जेंखे झूलण जो मिलयो प्यार उहो हथे मथे करे सिन्धी गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय की शिक्षिका बीना जेठानी एवं ज्योति सचदेवा द्वारा सिंधी गीत सिंधियुन जो आयो नयो साल सभई चओ झूलेलाल प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमती सुतापा जायसवाल, पीआरओ दीपा आहूजा एवं बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भावना कलवानी एवं आए हुए अतिथियों का आभार विद्यालय के महासचिव कन्हैयालाल रामनानी द्वारा व्यक्त किया गया।

**भंडारे में उमड़े श्रद्धालु, बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद**

# भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव पर अभिषेक-पूजन और महाआरती की

**औबेदुल्लागंज।** भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत महावीर कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर पर भगवान झूलेलाल जी का भव्य अभिषेक पल्लव महाआरती एवं पूज्य बहिराणा साहेब का विशेष आयोजन किया गया। समाज के अध्यक्ष रमेश वासवानी उपाध्यक्ष भूरामल आडवाणी, सचिव रतन मेघानी, कोषाध्यक्ष साजन वासवानी, मनोज मेघानी, जगदीश चांदनी, माधव वासवानी, दौलत वासवानी, ईश्वरदास वासवानी, कमलेश कुंदानी, ताराचंद मनवानी, विनोद अनिल, मीडिया प्रचार प्रसार प्रमुख कमलेश मेघानी सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों ने भंडारे का आनंद लिया। इसके साथ ही सिंधी युवा संगठन के सदस्यों ने ठंडा शरबत का वितरण भी किया। प्रमुख रूप से चिराग मेघानी, मोहित मेघानी, नीरज वासवानी, सागर वासवानी, नरेश मनवानी, प्रिंस कोरानी, सोनू वासवानी, हरीश मेघानी, साहिल मनवानी, तुषार मेघानी, रोहित वासवानी, मनीष अंकित, विजय वासवानी सहित सिंधी समाज की युवा शक्ति ने बाजार में राहगीरों को रोक-रोक कर मीठा ठंड शरबत का सेवन कराया।






### टीकाराम कॉलोनी से आरंभ हुई शोभायात्रा

शाम को भगवान झूलेलाल जी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा टीकाराम कॉलोनी से आरंभ होकर महावीर कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर पर समापन हुआ, जिसका नगर में अलग-अलग जगह पर भव्य स्वागत किया गया जिसमें प्रमुख रूप से व्यापारी महासंघ सिख समाज, सेम केवल नेटवर्क, बावलपुरी समाज, यादव समाज, हिंदू उत्सव समिति, मानस मंडल के मनीष गोशिंदे, जयप्रकाश, दीपू परमार, भूपेंद्र नागर, मनोज चौरसिया, नरेश सेठी, शंकर सेठी, देवेंद्र यादव, मिंटू अरोरा, अमित राय, बल्लू अरोरा, राजू नागर, अशोक जायसवाल, मनोज मालवीय, रमेश विनोद इरपाचे, आशीष दीक्षित, दीपू परमार, जैन समाज अध्यक्ष सुनील तामोट सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने भगवान झूलेलाल जी की पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के समापन पर रमेश मेघानी, गोपाल मेघानी, वासुदेव मेघानी जोंटी, बिट्टू वासवानी, कन्हैया मेघानी ने सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

**माता को जल चढ़ाने मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

# चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन भक्तों ने की मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना

**औबेदुल्लागंज।** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा, जहां श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। खेड़ापति माता मंदिर सहित आसपास के देवी मंदिरों में विशेष सजावट की गई। पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई गई। वार्ड 13 में टिंकू और मोंटी ठाकुर परिवार ने दिनभर कीर्तन किया। मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं प्रशासन द्वारा भी मंदिरों में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का



ध्यान रखा गया। प्रातः काल से ही नंगे पैर कलश लेकर खेड़ापति माता मंदिर में जल अर्पण करने के लिए भक्त लोग प्रातः 4 बजे से ही अभिषेक करने पहुंच रहे हैं। पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया, आशीष दीक्षित, सुदामा तिवारी, जितेंद्र दुबे, व्यापार महासंघ के सचिव प्रदीप अरोरा, बल्लू अरोरा, रेखा कपूर, सपना रैकवार, प्रियंका गुप्ता, माया राय, रामेश्वर नागर, लोकेश सागर सहित अन्य श्रद्धालु भक्ति में लगे हुए हैं ।

# बिजली कंपनी ने बकायादारों को जारी किया अंतिम सूचना पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वितरण कंपनी औबेदुल्लागंज ने अपने सभी उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा कराने के लिए एडवोकेट पवन विजयवर्गीय गौहरगंज द्वारा अंतिम सूचना पत्र जारी करा कर कर्मचारियों के माध्यम से सभी बकायादारों को दिया जा रहे हैं, साथ ही अग्रिम कार्रवाई से बचने के लिए राशि जमा कराई जा रही है। इसके साथ ही बिजली कंपनी कर्मचारियों ने कहा बकायादार तुरन्त अपना बकाया बिल समाधान योजना में जमा करें और योजना के तहत मिल रही छूट का लाभ उठाएं। साथ ही अग्रिम कार्रवाई से बचें। यह सूचना पत्र केंद्र के अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों की टीमों का गठन कर घर घर जा कर प्रदान किए जा रहे हैं। विशेष सूचना वितरण केंद्र औबेदुल्लागंज के कनिष्ठ अभियंता ने सभी बकायादारों से कहा कि शासन द्वारा मिल रही समाधान योजना का लाभ उठाएं जो 31 मार्च तक जारी है। इसके साथ ही अग्रिम कार्रवाई और बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई से बचें।

**पुलिस ने युवक की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया**

# होली पर हुए विवाद का बदला लेने युवक पर तलवार से जानलेवा हमला

- कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू सबरी नगर में हुई वारदात
- तलवार सिर के पास लगने से युवक को गंभीर चोट आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू सबरी नगर में गुरुवार रात आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवक से मारपीट करते हुए उस पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। तलवार सिर के पास लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। उसे नजदीक ही स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां उसका इलाज चल रहा है।

अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों सहित उनके अन्य साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अंकित खटीक (21) न्यू सबरी नगर, कमला नगर में रहता है। अंकित पोस्ट ऑफिस में कांटेक्ट बेस पर नौकरी करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि अमन, विपिन मन्नू और भोला से उसका होली के समय विवाद हुआ था। तभी से आरोपी उससे रंजिश रखे हुए है। गुरुवार शाम अंकित मोहल्ले में था, तभी आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ उसे घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे। अंकित ने उन्हें गाली देने से मना किया तो वह भड़क गए और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान उस पर तलवार से हमला किया गया। तलवार सिर में लगने से उसे गंभीर चोट आई है।

# विधायक पटवा की दिवंगत माता को वीडी शर्मा ने दी श्रद्धांजलि




वीडी शर्मा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।



हरदीप सिंह डंग श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा के भोपाल निवास पर उनकी पूज्यनीय माताजी स्व. पारस कुंवर बाई पटवा के देवलोकगमन के उपरांत भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो लोकसभा सांसद वीडी शर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक हरदीप सिंह डंग, विधायक ब्रज बिहारी पटेरिया, भाजपा नेता चेतन भार्गव आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



# ईद का चांद नजर आया, आज सुबह 8 बजे ईदगाह में अदा की जाएगी ईद की नमाज

**औबेदुल्लागंज।** नगर शनिवार सुबह 8 बजे ईदगाह में ईद को नमाज़ अदा की जाएगी। शुक्रवार को मगरिब की नमाज़ के बाद सभी ने चांद देख कर देश में अमन चैन की दुआ की ओर जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज नदीम व राजा सिद्दीकी, सलीम बाबा, सगीर, असलम, अहसान हसन गुड्डू, अमीर ममनून, अनस मुस्तफा, नवाब हसन, नफीस खान, आसिफ पठान, रईस खान, नईम खान, मोहम्मद अकील आदि ने सभी को ईद के चांद की मुबारक बाद दी एवं सभी से देश में खुशहाली भाईचारे ओर अमन की दुआ की।

**पिपलानी थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

# सात साल की मासूम से मजदूर ने की अश्लील हरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र में मजदूरी करने आए मजदूर ने 7 साल की मासूम से अश्लील हरकत कर दी। मासूम ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 7 साल की बच्ची थाना क्षेत्र में रहती है और सेकंड क्लास में पढ़ती है।

उसके घर के सामने मकान बन रहा है। मकान में काम करने मजदूर आए हैं। मासूम के परिजन ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनकी बच्ची घर के सामने खेल रही थी। इस दौरान मकान में मजदूरी करने आए मजदूर ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत की। रोते हुए घर पहुंची बच्ची ने परिजन को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन ने मजदूर को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मजदूर को गिरफ्तार कर लिया है। मजदूर का नाम दिनेश प्रजापति (30) निवासी करोंद बताया जा रहा है।

### कोलकाता के कारोबारी पर युवती ने दर्ज कराई छेड़छाड़ की एफआईआर

चूनाभट्टी पुलिस ने युवती की शिकायत पर कोलकाता में रहने वाले युवा कारोबारी पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। कारोबारी पर युवती पहले भी प्रकरण दर्ज करवा चुकी है, लेकिन उसकी हरकतें बंद नहीं हुई थी। वह युवती को करीब 9 महीने से परेशान कर रहा था। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार 29 साल की युवती चूनाभट्टी इलाके में रहती है और चार्टर्ड अकाउंटेंट है। पिछले साल युवती ने मैट्रीमोनियल साइट पर अपनी शादी के लिए प्रोफाइल अपलोड की थी। इसी प्लेटफार्म के जरिए विशाल नामक युवक ने युवती से संपर्क किया। युवक ने बताया कि



वह कारोबारी है और कोलकाता में रहता है। दोनों की प्रोफाइल मैच हुई तो उनके बीच शादी की बात चलने लगी। चेटिंग के दौरान विशाल ने युवती से कुछ फोटो मांग लिए थे। कुछ दिनों तक चली बातचीत के दौरान विशाल का बर्ताव बदलने लगा तो युवती ने उससे दूरी बना ली। इस बात से नाराज होकर विशाल ने युवती के फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए। युवती को जब इसका पता चला तो उसने स्थानीय थाने में शिकायत कर दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। प्रकरण दर्ज होने के बाद भी विशाल की हरकतें बंद नहीं हुई और वह अलग-अलग आईडी बनाकर युवती को परेशान करने लगा। विशाल से परेशान होकर युवती ने अपना घर बदल लिया। कई महीनों की प्रताड़ना झेलने के बाद युवती ने गुरुवार रात चूनाभट्टी थाने पहुंचकर कारोबारी पर शिकायत दर्ज कराई।

**रातीबड़ थाना क्षेत्र कलखेड़ा में हुआ हादसा**

# अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को मारी टक्कर, मौत

- करीब 8 दिन चले इलाज के बाद 9वें दिन अस्पताल में दम तोड़ा
- पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित वीनस अस्पताल के पास कलखेड़ा में गत दिनों सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। युवक को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था। वहां करीब 8 दिन चले इलाज के बाद 9वें दिन की सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार लखनलाल (57) मूलतः इछावर, जिला सीहोर



के रहने वाले थे और परिवार के साथ वीनस अस्पताल के पास कलखेड़ा रोड पर रहते थे। वे मजदूरी करते थे। गत 11 मार्च की शाम उन्हें वीनस अस्पताल के पास कलखेड़ा में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी। एंबुलेंस की मदद से उन्हें हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। वहां 19 मार्च गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।




# पिछले पांच साल से कविता और सुकून का पर्याय बनी है छतनारा की पोएट्स वॉक

## हर रविवार प्राकृतिक स्थान पर करते हैं काव्य पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कविता सिर्फ शब्दों का मेल नहीं होती, ये दिल के जज्बातों की सच्ची झलक होती है। जब शब्द कम पड़ जाते हैं, तब कविता ही मन की बात कहती है.... वाकई में दिल को सुकून और शांति से भरने में कविता को कोई तोड़ नहीं। कई बार यह चंद पंक्तियां दिल की इतनी गहराईयों तक पहुंच जाती है कि व्यक्ति को जीवन के सार का अनुभव करा देती हैं, ऐसी ही कविता को काव्य प्रेमियों के दिलों की गहाराई तक पहुंचाने का काम कर रहा है, शहर का छतनारा ग्रुप। छतनारा की एक नियमित गतिविधि है 'पोएट्स वॉक', जिसमें रविवार सुबह, शहर के कवि और कविता प्रेमी, प्राकृतिक जगहों पर मिलते हैं और कविताएं सुनते-सुनाते हैं। कई लोग सिर्फ श्रोता के तौर पर भी शामिल होते आए हैं।


एक कार्यक्रम में अभिनेता आशीष विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

छतनारा समूह की निदेशिका, मोहिनी शर्मा ने कहा कि पांच साल पहले, 2021 में हमनें पोएट्स वॉक शुरू की थी, जिससे कविता को एकदम ऑर्गेनिक तरीके से सुना-समझा जा सके।

इस मुहिम में मुख्यधारा साहित्य के कवि भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि सैंकड़ों कवि बीते वर्षों में अपनी रचनाएं सुना चुके हैं। हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू की स्वरचित रचनाओं के अलावा इसमें क्षेत्रीय भाषाओं व विदेशी कवियों के अनुवाद भी सुनाए जाते हैं।

यही नहीं, ख्यात अभिनेता, आशीष विद्यार्थी व अन्य महत्वपूर्ण साहित्यकार भी इसमें शिरकत कर चुके हैं। मोहिनी ने कहा कि भोपाल और दूसरे शहरों के कवियों के बीच अब छतनारा की पोएट वॉक जाना-पहचाना नाम है।

### बिना स्टेज, बिना माइक के हरियाली और प्रकृति के बीच सुनाते कविता

मोहिनी ने कहा कि पोएट्स वॉक की खासियत यह है कि इसमें किसी भी तरह की कोई औपचारिकता नहीं



होती है। सभी लोग मिलकर चलना शुरू करते हैं और किसी भी सुंदर जगह को चुन वहां बैठ जाते हैं। सुबह की शांति, पेड़ों की हरियाली और पानी की कलकल के साथ जब सभी कविता सुनते सुनाते हैं तो सुकून मिलता है। साथ ही, नए कवियों को अनुभवी कवियों से मिलने-सीखने का मौका भी मिलता है। युवा शायर अनुपम शर्मा कहते हैं कि वे बचपन से लिखने के शौकीन रहे हैं, लेकिन पोएट्स वॉक में आने के बाद वे कविता की गंभीरता और शांति को बेहतर समझने लगे।

### प्राकृतिक आवरण के बीच मिल जाता है एक मंच

ग्वालियर के आर्ट होम संचालक आदित्य सेंगर ने बताया कि मैं हर



महीने एक बार पोएट्स वॉक के लिए भोपाल जरूर आता हूं, क्योंकि पोएट वॉक के माध्यम से दिल को सुकून और मन को शांति मिलती है, साथ ही जो कविताएं हम बनाते है, उन्हें सुनाने के लिए प्राकृतिक आवरण के बीच एक मंच भी मिल जाता है।

### जीवन के पसंदीदा लम्हों में से एक पोएट वॉक


दिल्ली में शोधकार्य कर रहीं प्रज्ञा दुबे ने कहा कि मैं पोएट्स वॉक



के साथ, आरंभ से जुड़ी रही हूं और आज भी पोएट्स वॉक में शामिल होकर, प्रकृति की गोद में कविता सुनकर, सुनाकर जीवन को आनंद से परिपूर्ण कर लेती हूं और सच कहूं तो यह मेरे जीवन के पसंदीदा लम्हों में से एक है।

### सकारात्मक माहौल मिलने से बढ़ता है आत्मविश्वास

56 वर्षीय सुहास मिश्रा ने बताया कि वे पिछले साल



पोएट्स वॉक से जुड़े थे और यहीं उन्होंने अपनी कविताओं की पहली सार्वजनिक प्रस्तुति दी थी। सुहास के मुताबिक पोएट्स वॉक में सकारात्मक माहौल रहने की वजह से सभी का आत्मविश्वास बढ़ता है।

### इंतजार करता हूं कि कब भोपाल जाऊं

मुरैना के कवि किशन शर्मा ने बताया कि मैं लम्बे



समय तक इसका इंतजार करता हूं कि भोपाल आऊं और जब भी आऊं तो पोएट वॉक का हिस्सा बनूं, कई बार तो पोएट वॉक के लिए मैं रविवार से एक दिन पहले ही भोपाल के लिए निकलता हूं।



### अवसाद से उबरने का सशक्त माध्यम प्रकृति के बीच काव्य यात्रा

वहीं, कवि निशांत उपाध्याय ने बताया कि इस ग्रुप में 4 वर्ष से लेकर 86 वर्ष तक के काव्य प्रेमी हमारे साथ जुड़े हैं और कुछ मनोचिकित्सिक भी अवसाद से उबरने के लिए व्यक्तियों को हमारे साथ जुड़ने की सलाह देते रहे हैं। बाहर के शहरों से पोएट्स वॉक के लिए भोपाल आने वाले युवा कवियों में भी इस मौके को लेकर उत्साह बना रहता है।

#### इंदौर, जबलपुर, दमोह में भी आयोजित होगी पोएट वॉक

निशांत ने कहा कि इस काव्य यात्रा में शहर के कवि और कविता प्रेमी विभिन्न प्राकृतिक स्थलों पर बैठ कर कविता पाठ करते हैं। जिसमें वन विहार, स्वर्ण जयंती पार्क, भदभदा डैम, प्रतिभा वीथी, तितली पार्क इत्यादि में यह कार्यक्रम श्रृंखला आयोजित की जा चुकी है। भोपाल के अलावा पोएट्स वॉक श्रृंखला ग्वालियर में भी नियमित आयोजित की जा रही है। इस साल यह इंदौर, जबलपुर, दमोह जैसे जिलों में भी आयोजित की जाएगी।

---

भारत भवन में आयोजित आद्या समारोह में शुक्रवार को हुआ नाटक 'सुदामा' का मंचन

# श्रीकृष्ण और उनके मित्र के आत्मसम्मान तथा स्नेह के रंग-संवाद का प्रतिबिंब है सुदामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**मित्रता, आत्मसम्मान के भावों को पुनर्परिभाषित करती है नाटक की कथा**

बहुकला केन्द्र भारत भवन में आयोजित आद्या समारोह के अंतर्गत शुक्रवार को मंचित नाटक 'सुदामा' केवल एक मंचीय प्रस्तुति नहीं, बल्कि संवेदना, स्मृति और सांस्कृतिक आत्मीयता का जीवंत आख्यान बनकर उभरा। सुश्रुत गुप्ता द्वारा लिखित इस नाटक को वैशाली गुप्ता ने जिस सूक्ष्मता और सौंदर्यबोध के साथ मंचित किया, वह इसे एक संपूर्ण रंगानुभूति में परिवर्तित कर देता है। नाटक की कथा भारतीय सांस्कृतिक स्मृति में रची-बसी मित्रता, आत्मसम्मान और मानवीय गरिमा के भावों को पुनर्परिभाषित करती है। निर्देशक ने इस पारंपरिक आख्यान को आधुनिक रंगभाषा में ढालते हुए न केवल उसके भावात्मक आयामों को उभारा, बल्कि उसमें समकालीन संवेदनाओं का स्पर्श भी जोड़ा। मंच पर दृश्य संरचना अत्यंत मितव्ययी होते हुए भी अर्थगर्भित रही।



### इस तरह खास बनी प्रस्तुति

नाटक का सबसे प्रभावशाली पक्ष उसका संगीत और नृत्य विन्यास रहा। गीतों की लयात्मकता ने कथा को केवल आगे नहीं बढ़ाया, बल्कि पात्रों की अंतः स्थिति को भी मुखर किया। संगीत, संवाद और देहभाषा का यह त्रिवेणी संगम एक सम्मोहन में बांधता चला गया। नृत्य- का प्रयोग कहीं प्रतीकात्मक था, तो कहीं कथानक को दृश्यात्मक विस्तार देता नजर आया जिससे प्रस्तुति में एक काव्यात्मक प्रवाह निर्मित हुआ। अभिनय की दृष्टि से कलाकारों ने सधे हुए अभिनय का परिचय दिया।

## मित्र के प्रेम का सम्मान करते हैं श्रीकृष्ण

नाटक में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण के समय का उल्लेख किया गया। इसमें भगवान कृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की यह कथा मित्रता, आत्मसम्मान और भावनात्मक समर्पण का मार्मिक चित्रण है। एक निर्धन ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर, अपने बालसखा कृष्ण से मिलने पहुंचते हैं, संकोचवश उपहार के रूप में केवल चिवड़ा (पोहे) ले जाते हैं। जहां कृष्ण अपने मित्र का अत्यंत प्रेम और सम्मान के साथ स्वागत करते हैं और चिवड़ा स्नेहपूर्वक स्वीकार करते हैं। सुदामा बिना कुछ मांगे लौट आते हैं, लेकिन उनकी सच्ची भावना और निष्कपट प्रेम से प्रसन्न होकर कृष्ण उनके जीवन की दरिद्रता को दूर कर देते हैं।







## क्षण भर में अपना कैरेक्टर छोड़कर नैरेटर बन जाते हैं और फिर से चरित्र में लौट आते 'कलाकार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कीर्ति बैले एंड परफार्मिंग आर्टस द्वारा स्व प्रभात गांगुली राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव 'धरोहर -16' में शुक्रवार को रंग श्री लिटिल बैले टूप में नाटक 'परसाई उवाच' की प्रस्तुति दी गई। परिकल्पना व निर्देशन तरुण दत्त पाण्डेय का है। नाटक में दिखाया गया कि किसी से प्रभावित होने से अच्छा है कि किसी को प्रभावित करना। व्यक्ति में इतनी काबलियत छिपी होती है कि वो किसी को भी प्रभावित कर सकता है, बस जरुरत है तो प्रभावित हुए बिना किसी को प्रभावित करना और यही प्रभाव हरिशंकर परसाई ने अपने लेखन से हमेशा दर्शाया है। परसाई के व्यंग्य के किरदार हमारे आस-पास ही मौजूद होते हैं और जिंदगी को प्रभावित करते रहते है। इसी कहानी को 'परसाई उवाच' में दिखाया गया। जिसकी खासियत रही कि इसमें प्रस्तुति देने वाले कलाकार क्षण भर में अपना कैरेक्टर (चरित्र) छोड़कर नैरेटर बन जाते हैं और फिर से चरित्र में लौट आते हैं।

**स्व प्रभात गांगुली राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव 'धरोहर - 16' में नाटक 'परसाई उवाच' का मंचन**



### चार व्यंगों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति

नाटक में चार व्यंग्यों से हमारी जिंदगी से उठाये ऐसे ही किरदारों को दिखाया गया। 'शवयात्रा का तौलिया' में पुण्य लाभ के लिए 100 शवयात्रा में शामिल होने वाले व्यक्ति की गाथा है। तो दूसरे 'मध्यम वर्गीय कुत्ता' में परसाई ने मध्यम वर्गीय व्यक्ति की व्यथा का बखान किया है। तीसरे 'वह क्या था' में ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो समाज में रह कर भी समाज से कटा हुआ है और अंतिम 'बातूनी' में बेवजह और बे पनाह बोल कर धैर्य की परीक्षा लेने वाले व्यक्ति का चरित्र दिखाया गया है।

### व्यंग्यों को मंचित करना है एक कठिन कार्य

निर्देशक तरुण दत्त ने बताया कि परसाई के व्यंग्यों को मंचित करना कठिन है, बात आम आदमी की हो तो यह आसान हो जाता है। इस नाटक से एक आम आदमी के लिए इस नाटक को प्रस्तुत किया।

---

## नीतिश, राकेश, संजय व शेखर सुमन की प्रस्तुतियों से गुलजार होगा इंडिमून्स आर्टस फेस्टिवल

*चार दिवसीय फेस्टिवल का शुभारंभ 26 मार्च को, सेंटर स्टेज और ओपन स्टेज की प्रस्तुतियां होंगी खास*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कला केवल अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि संवाद है मन से मन तक, विचार से विचार तक। पिछले वर्ष दर्शकों से मिले स्नेह और विश्वास ने हमें प्रेरित किया कि हम इस मंच को और व्यापक और सार्थक रूप में भोपाल के कला प्रेमियों के सामने लाएं। यह कहना है इंडिमून्स आर्ट फेस्टिवल-2026 के संयोजक बिजॉन मंडल का।

बिजॉन ने भोपाल हाट परिसर में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में 26 से 29 मार्च 2026 तक होने वाले चार दिवसीय फेस्टिवल की विस्तृत जानकारी दी। रंगा थिएटर समूह की ओर से आयोजित यह फेस्टिवल रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में होगा। इस अवसर पर फेस्टिवल समिति के बालेंद्र सिंह, मुकुल त्रिपाठी, विक्रांत भट्ट, मनोज जोशी, योगेंद्र सिंह राजपूत और हरिओम तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### चार प्रभावशाली नाटकों की होगी प्रस्तुति

बिजॉन ने बताया कि समारोह के पहले दिन 26 मार्च को नीतिश भारद्वाज द्वारा निर्देशित एवं अभिनीत नाटक 'चक्रव्यूह' का प्रदर्शन होगा। 27 मार्च को राकेश बेदी के निर्देशन में नाटक 'मसाज' का प्रदर्शन होगा। 28 मार्च को विजय तेंदुलकर द्वारा लिखित और फिल्म अभिनेता संजय मिश्रा द्वारा अभिनीत नाटक 'घासीराम कोतवाल' का मंचन होगा। वहीं, समारोह के अंतिम दिन 29 मार्च को 'एक मुलाकात' के अंतर्गत साहिर लुधियानवी और अमृता प्रीतम की अधूरी प्रेम कहानी पर केन्द्रित काव्यात्मक आधारित नाट्य प्रस्तुति होगी। इसमें शेखर सुमन साहिर की भूमिका और गीतिका त्यागी अमृता प्रीतम के रूप में मंच पर दिखाई देंगे। फेस्टिवल में प्रतिदिन शाम 7.30 बजे नाट्य प्रस्तुतियां शुरू होंगी।

## हिंदी भवन में 'वरिष्ठ विमर्श' आज

**भोपाल।** मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा हर माह के तीसरे शनिवार को होने वाली श्रृंखला 'वरिष्ठ विमर्श' का आयोजन शनिवार, 21 मार्च, शाम 4 बजे से हिंदी भवन में होने जा रही है। विमर्श में इस बार 'जीवन का उत्तरार्द्ध और वास्तविक आनंद के कारक' विषय पर विचार-विनिमय होगा।

श्रृंखला के संयोजक महेश सक्सेना के अनुसार प्रति माह होने वाले इस विमर्श में किसी एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की जाती है। आयोजन पूरी तरह अनौपचारिक होता है और इसमें सभी शामिल होकर अपने विचार रख सकते हैं। उन्होंने शहर के प्रबुद्धजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

**23 मार्च तक रोज 12 से रात 9 बजे तक होंगे सांस्कृतिक समारोह**

## 'आल-विलक्कु' दीप प्रज्ज्वलन से होगा मानव संग्रहालय के 49वें स्थापना दिवस का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय अपने 49वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 21 से 23 मार्च 2026 तक एक भव्य तीन दिवसीय सांस्कृतिक समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपरा और विरासत के विविध आयामों को समर्पित है। उत्सव प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं, जनजातीय जीवनशैली तथा स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को एक साझा मंच प्रदान करना है।

### भारतीय संस्कृति एवं विरासत है समारोह की थीम

इस वर्ष समारोह की थीम भारतीय संस्कृति एवं विरासत रखी गई है, जिसके अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विविधता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। तीन दिवसीय सांस्कृतिक समारोह में आगंतुकों के लिए अनेक विशेष आकर्षण एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जो भारतीय संस्कृति और परंपराओं की समृद्धि को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेंगे। समारोह का एक प्रमुख आकर्षण केरल की पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन विधि 'आल-विलक्कु' होगी, जो भारतीय संस्कृति में शुभता, पवित्रता और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है।

### देशभर से आए लोक एवं जनजातीय जीवन की गाथा दर्शाएंगे कलाकार

इसके अंतर्गत खिलौने शीर्षक से पारंपरिक भारतीय खिलौनों एवं गुड़ियों की विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों की लोकशिल्प परंपराएं देखने को मिलेंगी। लकड़ी, मिट्टी, कपड़ा, धातु एवं प्राकृतिक सामग्रियों से निर्मित ये खिलौने भारतीय समाज, लोककथाओं और सांस्कृतिक प्रतीकों को अभिव्यक्त करते हैं। इसके साथ ही समारोह में देशभर से आए कलाकारों द्वारा लोक एवं जनजातीय नृत्य, संगीत और वादन की आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे। ढोल, मांदर, टिमकी और नगाड़ा जैसे पारंपरिक वाद्यों की थाप पर आधारित ये कार्यक्रम भारतीय लोकजीवन की जीवंतता और विविधता को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

---

आरएमएनएच में 'घरेलू गौरैया का जीवन' विषय पर छायाचित्र प्रदर्शनी आयोजित

# कहीं बच्चों की देखभाल करती तो कहीं भोजन ढूंढ़ती 'गौरैया'....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय एवं बर्ड्स कंजर्वेशन सोसाइटी द्वारा शुक्रवार को क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय (आरएमएनएच) में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरमेंट (एनसीएचएसई) के महानिदेशक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप नंदी ने 'घरेलू गौरैया का जीवन' विषय पर आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। इस प्रदर्शनी में देशभर के 24 फोटोग्राफर्स से प्राप्त 36 छायाचित्रों को प्रदर्शित किया। इन छायाचित्रों में गौरैया पक्षी के जीवन के अनेक पहलुओं को दर्शाया गया, जिसमें कहीं एक गौरैया बच्चों की देखभाल करती नजर आ रही है तो कभी गौरैया नीड़ की तैयारी में लगी हुई दिखती है तो वहीं अपने व अपने बच्चों के लिए भोजन ढूंढ़ती गौरैया सहित गौरैया के प्रजनन और गौरैया संरक्षण को भी इस चित्र प्रदर्शनी में बखूबी देखा गया। इसके पश्चात स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अर्चित बनवडीकर को प्रथम पुरस्कार, प्रीति अत्रे को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।





### भोजन की कमी के चलते हो रहा 'गौरैया' का जीवन प्रभावित




कार्यक्रम के दौरान डॉ. संगीता राजगीर ने गोरैया संरक्षण पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने बताया कि वर्तमान में तेजी से हो रहे पक्के मकानों के निर्माण और शहरीकरण के कारण गोरैया के प्राकृतिक आवास समाप्त होते जा रहे हैं, जिससे उनके लिए घोंसला बनाना और बच्चों की देखभाल करना कठिन हो गया है। साथ ही भोजन की कमी के कारण उनका जीवन चक्र भी प्रभावित हो रहा है।

एलपीजी संकट पर सरकार सरकार ने नागरिकों को दी सलाह

# देश की सारी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रहीं, घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, लोग अफवाहों पर भरोसा न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि देश की सारी रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। घरों पर डिलेवरी सुनिश्चित हो रहीहै। उन्होंने कहा है कि घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और हम लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं, जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें। इस संबंध में राज्य सरकारों को भी पत्र लिखे गए हैं। इस दिशा में पहल करने वाले राज्यों को अतिरिक्त 10 फीसदी एलपीजी मुहैया कराने का भरोसा भी दिया गया है।



सरकार ने कहा कि जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें

## पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने कहा- लोग अपने सिलेंडर की डोर स्टेप डिलिवरी का इंतजार करें



### सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध

13700 से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं और 7500 से अधिक लोग एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं। ऑनलाइन बुकिंग्स में लगभग 93 फीसदी की बुकिंग ऑनलाइन है। उनकी डिलिवरी की जा रही है। पैनिक बुकिंग कम हुई है। गुरुवार को 55 लाख बुकिंग हुई है। सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध है। पिछले एक हफ्ते में 11300 टन कमर्शियल एलपीपी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस सप्लाई का 50 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों को मिला है।

### 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए

लगभग 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। जिला निगरानी समिति भी काम कर रहे हैं। 24 घंटों में लगभग 4500 जगहों पर छापेमारी की गई है। उत्तर प्रदेश में करीब 1100 जगहों पर छापेमारी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी 1800 जगहों पर सरप्राइस इंस्पेक्शन किया है। एलपीजी के बारे में यही कहना है कि स्थिति अब भी चिंताजनक है, लेकिन उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें ।

### योजना बनाने में मिलेगी मदद

पीपीएसी का काम वैसे भी तेल और गैस क्षेत्र से जुड़े आंकड़े जुटाना है, लेकिन अधिसूचना के बाद अब उसे रियल टाइम में डेटा एकत्र करने का अधिकार मिल गया है? इनसे सरकार को आपात स्थिति में अपनी योजना बनाने में मदद मिलेगी। कहा गया है कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश का उल्लंघन आपराधिक होगा।

### कंपनियों को देना होगा एक-एक बूंद का हिसाब

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण चल रही वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच सरकार ने देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है। इसके तहत अब उन सभी संस्थाओं को अपना डाटा शेयर करना होगा, जो पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस के उत्पादन, प्रसंस्करण, शोधन, भंडारण, परिवहन, आयात, निर्यात, विपणन, वितरण और उपभोग में लगी हैं। इन कंपनियों को हर आंकड़े की जानकारी पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ को देना अनिवार्य कर दिया गया है। मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 के तहत गजट अधिसूचना जारी कर दी है।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री जयंत को जान से मारने की धमकी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात कॉलर से जान से मारने की धमकी मिली है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद उनकी सुरक्षा की समीक्षा की गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री चौधरी को एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया था। जांच जारी है।

### सरमा ने रोड शो के बाद किया नामांकन



**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को जलुकबारी सीट से नामांकन दाखिल किया है। इस दौरान उनकी पत्नी समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। नामांकन से पूर्व उन्होंने कामरूप मेट्रो से विधानसभा कार्यालय की ओर रोड शो किया। रिनिकी ने कहा यह हमाने लिए खुशी का मौका है।

### पीएम मोदी से मिले उपराज्यपाल संधू



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मंगलवार को दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के रूप में शपथ लेने के बाद संधू की पीएम मोदी से ये पहली मुलाकात है। 5 मार्च को जिम्मेदारी दी गई थी। संधू ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीर शेयर की है।

### ओडिशा में मंत्री के इस्तीफे की मांग, विस में हंगामा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा में शुक्रवार को हंगामा हुआ। कटक के अस्पताल में आग और उसमें 12 मरीजों की मौत के मुद्दे पर ओडिशा विधानसभा में विपक्षी विधायक नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्ष इस घटना पर स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग के इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं।

## बंगाल चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया

# सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1500 तो एससी एसटी को मिलेंगे 1700, बेरोजगारों को 1500 रु.

## सीएम ममता ने कहा- 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत दी जाएगी यह राशि

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। 'दीदी के 10 वचन' नाम से चुनावी वादों का ऐलान करते हुए मुख्यमंत्री और टीएमसी की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महिलाओं और बेरोजगारों के लिए मासिक भत्ते का ऐलान किया है। ममता ने कहा है किसामान्य वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,500 मिलेंगे, जबकि एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,700 रुपए मिलेंगे। जो युवा बेरोजगार हैं, उन्हें पॉकेट मनी के तौर पर हर महीने 1,500 रुपए मिलेंगे। ममता ने कहा कि घोषणापत्र का मुख्य आधार दीदी के 10 वादे हैं, जो कल्याण और विकास के वादों का एक मिला-जुला रूप हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी करने का वादा किया है।

घोषणा पत्र में दीदी ने दिए 10 वचन

### भाजपा यहां सत्ता में वापस नहीं आ पाएगी



घोषणा पत्र जारी करती सीएम ममता और अभिषेक

कोलकाता में ममता और टीएमसी सांसद अभिषेक समेत तमाम नेताओं की मौजूदगी में घोषणा पत्र जारी किया गया है। ममता ने कहा कि हम कई साजिशें देखते हैं, लेकिन इस बार तो सारी हदें पार हो गई हैं। इस चुनाव के बाद परिसीमन होगा, लेकिन मोदी सरकार सत्ता में वापस नहीं आएगी।

### 'बांग्लार युवा-साथी' से देंगे बेरोजगारी भत्ता

उन्होंने कहा कि पार्टी 'बांग्लार युवा-साथी' योजना के तहत बेरोज़गार युवाओं को दिया जाने वाला 1,500 रुपए के मासिक भत्ते को जारी रखेगी। राज्य में अगली सरकार बनने पर किसानों (जिनमें भूमिहीन किसान भी शामिल हैं) की सहायता के लिए 30,000 करोड़ रुपए का कृषि बजट पेश किया जाएगा।

**भाजपा के खिलाफ लड़ें**

ममता ने कहा कि मैं बंगाल के लोगों से अपील करती हूं कि वे एकजुट हों और बंगाल को बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ लड़ें। इस घोषणापत्र को जनता-केंद्रित रोडमैप बताते हुए बेनर्जी ने कहा कि पार्टी के वादों का मकसद उस चीज का मुकाबला करना है।

### वे बंगाल से ईर्ष्या कर कर रहे

सीएम ममता ने कहा कि यहां पर्यवेक्षक के तौर पर तैनात लोगों को न तो इस क्षेत्र की जानकारी है, न ही राज्य की। उन्हें राज्य के बारे में कुछ भी पता नहीं है। वे अपना कर्तव्य कैसे निभा सकते हैं? राष्ट्रपति शासन की जगह अघोषित राष्ट्रपति शासन लागू हो गया है। क्योंकि भाजपा जानती है कि आगामी विधानसभा चुनावों में उसे हार का सामना करना पड़ेगा। मोदी जी, आप यहां अघोषित राष्ट्रपति शासन के तहत चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि वे बंगाल से ईर्ष्या करते हैं। उन्होंने पूरी व्यवस्था को ही उलट-पुलट कर दिया है।

### बंगाल में 'दुआरे चिकित्सा' की करेंगे शुरुआत, शिविर लगेंगे

ममता ने बताया कि हम 'दुआरे चिकित्सा' (घर-घर जाकर चिकित्सा सेवा) शुरू करेंगे। हम इसे हर बूथ पर शुरू करेंगे, हम 'दुआरे चिकित्सा' शिविरों का आयोजन करेंगे।' उन्होंने कहा कि हजारों स्कूलों को ई-लर्निंग सुविधाओं से आधुनिक बनाया जाएगा। आने वाले दिनों में हम सात-आठ नए जिले, ब्लॉक और यहां तक कि नई नगरपालिकाएं भी बनाएंगे।

### बंगाल में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादले पर तकरार

## चुनाव आयोग के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंची टीएमसी



तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में विधानसभा चुनावों की घोषणा के तुरंत बाद कई भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस ) अधिकारियों के तबादले के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए शुक्रवार को कोलकाता हाई कोर्ट का रुख किया। तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने इस मामले में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पक्षकार प्रतिवादी बनाया है।

### राज्य सरकार से आयोग ने नहीं किया परामर्श

वकील ने मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए याचिका पर शीघ्र सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया। याचिका में तबादले का निर्णय लिए जाने से पहले निर्वाचन आयोग के राज्य सरकार से परामर्श नहीं करने पर सवाल उठाए गए हैं। चुनावों की घोषणा के कुछ ही घंटों में आयोग ने मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ आईएएस और आइपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया था।

## हिमाचल में भारी बारिश-बर्फबारी

# हिमखंड गिरा, 3 नेशनल हाईवे समेत राज्य की 100 सड़कें बंद



एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट के बीच शुक्रवार को भी ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले में झमाझम बारिश हुई। शुक्रवार को धौलाधार, रोहतांग दर्रा और पांगी-भरमौर की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का दौर जा रहा। लाहौल के बारालाचा, कुंजम, शिंकुला दर्रा सहित घेपन पीक, सीबी रेंज की पहाड़ी पर 70 से 80 सेंटीमीटर बर्फबारी का अनुमान है। अटल टनल रोहतांग में करीब 90 सेंटीमीटर तक ताजा बर्फबारी हुई है। शिमला जिले के कुफरी, नारकंडा और किन्नौर के छितकुल, कल्पा समेत कई क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई है। राजधानी शिमला, कांगड़ा, मंडी, चंबा, हमीरपुर और ऊना में दिन भर बारिश रही। राजधानी शिमला में 2 दिन से बारिश जारी है। हिमाचल में पांच दिन से बारिश-बर्फबारी का दौर चल रहा है।

### छाया अंधेरा फसलें तबाह

मनाली-केलांग सड़क बंद होने से लाहौल का संपर्क कट गया है। लाहौल में बिजली भी ठप है।नालागढ़ में बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। भरमौर-पांगी की ऊपरी चोटियों में 30.48 सेमी तो भरमौर मुख्यालय 7.62 सेमी ताजा बर्फबारी हुई। कांगड़ा जिले में बारिश से खड्डों-नालों में पानी का जल स्तर बढ़ गया।

### पहाड़ी दरकने से कई मार्ग अवरुद्ध




त्रिलोकनाथ जीरो पॉइंट से करीब डेढ़ किलोमीटर आगे वामतट की पहाड़ी से हिमखंड चिनाब नदी पर गिरा। इससे नदी का बहाव तकरीबन एक घंटे के लिए पूरी तरह से झील में बदला रहा। बर्फबारी और बारिश से तीन एनएच मनाली-केलांग, आनी कुल्लू और रामपुर-किन्नौर समेत 100 सड़कों पर यातायात अवरुद्ध हुआ है। मनाली-केलांग अटल टनल रोहतांग, आनी-कुल्लू जलोड़ी जोत में 45 सेंटीमीटर बर्फबारी होने से बंद है। जबकि रामपुर-किन्नौर एनएच नाथपा में पहाड़ी दरकने से बंद हो गया है।

## केरलम में राहुल ने कहा

# अब जनता को यूडीएफ पर पूरा भरोसा, वामपंथ की विदाई तय

एजेंसी ▶▶ केरलम

यहां चुनावी हलचल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि केरल के लोग अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राज्य में यूडीएफ की सरकार बनाने की वकालत की और वामपंथी सरकार की विदाई को तय बताया। एक्स पर एक पोस्ट में लिखा 'टीम यूडीएफ ही टीम केरलम है।' हर उम्मीदवार केरलम के लोगों की आवाज, उनकी उम्मीदों और उनके भरोसे को दर्शाता है। मेरे लिए केरलम एक घर की तरह है और वहां के लोग मेरा




परिवार हैं। केरल के लोगों ने मुझे जो कुछ भी सिखाया है। उसके लिए मैं उनका कर्जदार हूं। केरलम से मिलने वाला संदेश बिल्कुल साफ है। लोग बदलाव को तैयार हैं। वे एक ऐसी सरकार की तलाश में हैं जो उनकी समस्याओं को समझे और ईमानदारी के साथ काम करके दिखाए।

## रिटर्न फाइल करना हो गया आसान

# केंद्र ने आयकर नियम 2026 के लिए अधिसूचना जारी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को आयकर नियम, 2026 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इससे नए आयकर अधिनियम 2025 के लिए मंच तैयार होगा, जो कि 1 अप्रैल से लागू होने वाला है, जिसमें पारदर्शिता, अधिक सख्त डिस्क्लोजर और बेहतर अनुपालन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने ई-राजपत्र में आयकर नियमप्रकाशित किए हैं, जो पूर्ववर्ती प्रावधानों का स्थान लेते हैं और आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के




लिए एक विस्तृत ढांचा निर्धारित करते हैं। इसका उद्देश्य प्रोसेस को आसान करना और कैपिटल गेन, स्टॉक मार्केट लेनदेन और एनआरआई टैक्स से जुड़े रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड को सख्त करना है। इसमें कर प्रणाली को आधुनिक बनाने के प्रयास हैं।

## संघ के विदर्भ प्रांत कार्यालय का संघ प्रमुख ने किया शिलान्यास

डॉ. भागवत ने दी सीख

# दुनिया में चल रहे युद्ध को भारत खत्म कराने में सक्षम, पर स्वार्थ त्यागना होगा

एजेंसी ▶▶ विदर्भ

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के विदर्भ प्रांत के कार्यालय का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस समय दुनिया में कई युद्ध चल रहे हैं। इन्हें भारत ही रोक सकता है। दुनिया के चिंतकों के ध्यान में यह बात आती है कि चल रहे युद्ध में बार-बार देश से आवाज उठ रही है। डॉ. भागवत ने कहा कि सनातन धर्म का उत्थान ईश्वर इच्छा है। सारी परिस्थिति हमारे सामने है। युद्ध की वजह स्वार्थ है और कुछ नहीं है।



### भारत की प्रवृत्ति को दुनिया देख रही

डॉ. भागवत ने कहा कि हमारी शक्ति के कारण आवाज सुनी जाएगी। सारी दुनिया उसका अनुकरण करेगी, तब दुनिया ठीक होगी। भारत की प्रवृत्ति देख रहे।

### आज दुनिया विनाश की ओर जा रही

संध प्रमुख ने कहा कि मूल में है स्वार्थ प्रवृत्ति है, क्योंकि हम यह माने, दुनिया केवल जड़ है। न कलह बंद हुई, न कट्टर पंथ। आज दुनिया विनाश को ओर जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

सुनवाई से किया इनकार

# ब्राह्मणों के खिलाफ हेट स्पीच को भी माना जाए अपराध, अर्जी वापस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक रिट याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ हेड स्पीच, जिसे 'ब्राह्मोफोबिया' बताकर इसे जाति आधारित भेदभाव के तहत दंडनीय अपराध घोषित करने की मांग की गई थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने याचिकाकर्ता महालिंगम बालाजी की संक्षिप्त सुनवाई के बाद याचिका को खारिज कर दिया। बालाजी खुद कोर्ट में पेश हुए थे। बाद में याचिकाकर्ता ने फिर से मामला उठाया और याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, ताकि वह उचित मंच पर अपनी बात रख सकें। कोर्ट ने उन्हें याचिका वापस लेने की इजाजत दे दी।

### किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरी भाषा नहीं चाहते

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हम किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरी भाषा नहीं चाहते। यह सब शिक्षा, बौद्धिक विकास, सहनशीलता और धैर्य पर निर्भर करता है। अंत में सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता, जो खुद पेश हुए हैं। उन्होंने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी है। उनकी बात रिकॉर्ड में दर्ज की जाती है। यह याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।

## राष्ट्रपति ने 'सेवाश्रम' में ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन किया

# प्रेमानंद को किया नमन, देश की समृद्धि का आशीर्वाद मांगा



एजेंसी ▶▶ वृंदावन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन वे शुक्रवार को धर्म नगरी वृंदावन पहुंचीं। यहां उन्होंने प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम 'श्री हित राधा केलि कुंज' में उनसे विशेष भेंट की। राष्ट्रपति का काफिला आश्रम पहुंचा, जहां महाराज जी ने 'राधे-राधे' के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया।

### इस दौरान राष्ट्रपति ने 27 मिनट तक सुने महाराज के विचार



### आध्यात्मिक और समाज के कल्याण पर की चर्चा

राष्ट्रपति और प्रेमानंद महाराज के बीच इस मुलाकात में आध्यात्मिक मूल्यों और समाज के कल्याण में विश्वास की भूमिका पर चर्चा हुई। इससे पहले उन्होंने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर की दूसरी मंजिल पर 'श्री राम यंत्र' की स्थापना की और मथुरा के इस्कॉन मंदिर में संध्या आरती में भी भाग लिया।

### गोवर्धन परिक्रमा के साथ संपन्न होगा दौरा


राष्ट्रपति बाबा नीम करोली के स्मारक का दौरा किया और रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में अत्याधुनिक ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन किया। साध्वी ऋतंभरा द्वारा स्थापित वात्सल्य ग्राम भी पहुंची। दौरा शनिवार को गोवर्धन के दानघाटी मंदिर में पूजा, पवित्र गोवर्धन परिक्रमा के साथ संपन्न होगा।

### प्रेमानंद एक चमत्कारिक संत के रूप में ख्यात

कानपुर के ब्राह्मण परिवार में जन्मे अनिरुद्ध कुमार पांडे (अब प्रेमानंद महाराज) का जीवन संघर्ष और भक्ति का अद्भुत संगम है। उनका जन्म 30 मार्च 1969 को हुआ था, जिसके मुताबिक उनकी उम्र 57 वर्ष हो गई है। महाराज अपना जन्मदिन हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मनाते हैं। दोनों किडनियां खराब होने के बावजूद जिस ऊर्जा से वे भक्तों का मार्गदर्शन करते हैं, वह किसी चमत्कार से कम नहीं है।

# इजराइली हमले में ईरान के दो कमांडर नैनी और अहमदी की मौत





मोहम्मद नैनी


इस्माइल अहमदी

**आईआरजीसी के प्रवक्ता थे अली मोहम्मद नैनी**

**इस्माइल अहमदी बसिज बल के खुफिया प्रमुख थे**

*नैनी को निशाना बनाकर किए गए हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। नैनी केवल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रवक्ता ही नहीं थे, बल्कि वे ईरान के मनोवैज्ञानिक युद्ध के मास्टरमाइंड भी माने जाते थे*

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल अपनी युद्ध नीति के तहत करीब हर दिन ईरान के कमांडरों को निशाना बना रहे हैं। हालिया हमले में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी बसिज बल के खुफिया विभाग के प्रमुख इस्माइल अहमदी मारे गए हैं। नैनी केवल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रवक्ता ही नहीं थे, बल्कि वे ईरान के मनोवैज्ञानिक युद्ध के मास्टरमाइंड भी माने जाते थे। इजराइली सेना ने कहा कि अहमदी ने बसिज बल की ओर से किए गए आतंकी हमलों को अंजाम देने और उन्हें आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह आईआरजीसी की ओर से सरकारी व्यवस्था और शासन के मूल्यों को लागू करने और ईरान में हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान दमनकारी अभियानों का नेतृत्व करने के लिए भी जिम्मेदार थे। इन दोनों की मौत के साथ ही ईरान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो रहा है।


**ईरान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल**


ईरान का इजराइल के शहर रिहोवोट पर मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त घर

## ईरानी सेना की चेतावनीः दुनियाभर के पार्क और पर्यटन क्षेत्र हमारे दुश्मनों के लिए सुरक्षित नहीं रहेंगे

ईरान के शीर्ष सैन्य प्रवक्ता जनरल अबोलफजल शेखरची ने शुक्रवार को चेतावनी दी है कि दुनियाभर के 'पार्क, मनोरंजन क्षेत्र और पर्यटन स्थल' तेहरान के दुश्मनों के लिए सुरक्षित नहीं रहेंगे। ईरानी सरकारी टेलीविजन द्वारा ऑनलाइन प्रकाशित एक बयान में शेखरची ने कहा कि अब से, आपके बारे में हमारे पास मौजूद जानकारी के आधार पर, दुनियाभर में कहीं भी पार्क, मनोरंजन क्षेत्र और पर्यटन स्थल आपके लिए सुरक्षित नहीं रहेंगे।

## बौखलाए ट्रंप बोले- हमारे बिना नाटो कागजी शेर



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो देश को एकबार जमकर फटकार लगाई है। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका के बिना नाटो एक कागजी शेर है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट किया है और नाटो के सहयोगियों को फटकार लगाई है। ट्रंप ने कहा है कि नाटो के देश परमाणु शक्ति वाले ईरान को रोकने की लड़ाई में शामिल नहीं होना चाहते थे। ट्रंप ने कहा कि अब जब वह लड़ाई फौरी तौर पर जीत ली गई है। और उनके लिए खतरा भी बहुत कम है। तो वे तेल की उन ऊंची कीमतों की शिकायत करते हैं, क्योंकि उन्हें महंगा तेल खरीदना पड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि वे 'स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज' को खुलवाने में मदद नहीं करना चाहते है। आखिर में ट्रंप ने कहा कायरों हम इस बात को याद रखेंगे!

### नेतन्याहू ने सामने आकर की प्रेस वार्ता, दावा

## ईरान की परमाणु क्षमता खत्म, मिसाइल भी नहीं बना सकता



इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने मीडिया के सामने आकर प्रेस वार्ता की। शुरुआत में ही नेतन्याहू ने कहा कि मैं अभी जिंदा हूं और आप सभी लोग इस बात के प्रमाण है। नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के 20 दिन के हवाई हमलों के बाद ईरान के पास अब यूरेनियम समृद्ध करने या बैलिस्टिक मिसाइल बनाने की क्षमता नहीं बची है। अब ईरान परमाणु हथियार नहीं बना सकता। उन्होंने दावा किया कि ईरान का मिसाइल और ड्रोन भंडार भारी नुकसान झेल रहा है और जल्द ही पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। नेतन्याहू ने कहा कि हम जीत रहे हैं और ईरान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। हम अब उन फैक्ट्रियों को नष्ट कर रहे हैं जो इन मिसाइलों और परमाणु हथियारों के घटक तैयार करती हैं।

### हमने ट्रंप को युद्ध में नहीं धकेला


नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने इस युद्ध में ट्रंप को नहीं धकेला। ट्रंप अपना फैसला खुद लेते हैं। इस युद्ध में अमेरिका इजराइल के लिए नहीं, इजराइल के साथ युद्ध लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका और इजराइल ईरान पर पूरी ताकत और संकल्प के साथ कार्रवाई कर रहे हैं। 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' का मकसद उस अयातुल्लाह शासन के खतरे को खत्म करना है, जिसने पिछले 47 वर्षों से अमेरिका, इजराइल और ईरान के लोगों के खिलाफ युद्ध छेड़ा है। यह शासन अमेरिका और इजराइल को मारने की बातें करता है और अपने ही लोगों के लिए मौत लाता है।

### ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना बड़ा लक्ष्य

नेतन्याहू ने कहा कि इस युद्ध में हमारे तीन लक्ष्य हैं, पहला, ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना। दूसरा बैलिस्टिक मिसाइल खतरे को समाप्त करना और यह सब इससे पहले करना कि मिसाइलें जमीन के अंदर इतनी गहरी जा जाएं कि हवाई हमले से उन्हें नष्ट करना मुश्किल हो। तीसरा ईरानी लोगों को अपनी स्वतंत्रता और भविष्य का नियंत्रण पाने का अवसर देना। हमने दशकों से चेतावनी दी है कि ईरान की मिसाइलें दूर-दराज के लक्ष्यों पर हमला कर सकती हैं और अगर इन्हें रोका नहीं गया तो यह सिर्फ शुरुआत होगी।

### शांति और स्थिरता के लिए कूटनीति की जरूरत

## पीएम ने जॉर्डन और कतर प्रमुखों से की बात



पीएम नरेंद्र मोदी ने जॉर्डन के शाह किंग अब्दुल्ला द्वितीय और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ फ़ोन पर बातचीत की। बातचीत के दौरान, ईद की शुभकामनाएं दीं तथा पश्चिम एशिया में बदलती सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि अपने भाई, जॉर्डन के शाह महामहिम किंग अब्दुल्ला द्वितीय को फोन पर ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर चिंता प्रकट की और इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए बातचीत और कूटनीति की जरूरत पर बल दिया। पश्चिम एशिया में ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचे पर हमले निंदनीय हैं और इनसे हालात और बिगड़ सकते हैं, जिन्हें टाला जा सकता है। भारत और जॉर्डन, बिना किसी रुकावट के सामान और ऊर्जा के आवागमन का समर्थन करते हैं। इस क्षेत्र में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी में सहायता करने के लिए जॉर्डन के प्रयासों की दिल से सराहना की।

### हमलों की निंदा की

पीएम मोदी ने कतर के अमीर, शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ भी बात की और उन्हें ईद की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने शेख अल थानी से चर्चा के दौरान कतर के साथ भारत की एकजुटता को दोहराया और क्षेत्र के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। साथ ही कतर में भारतीय समुदाय को दी गई देखभाल और सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया तथा क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम रहने की आशा व्यक्त की। दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### युद्ध के बीच हुआ ब्रेन स्ट्रोक, मुश्किल में थी जान

## कतर की मदद से सुरक्षित घर पहुंचा परमिंदर



एक भारतीय युवक परमिंदर कनाडा जा रहा था, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते उसकी यात्रा बाधित हो गई और वह कतर में फंस गया। कतर में रहने के दौरान ही परमिंदर को ब्रेन स्ट्रोक आया, लेकिन कतर सरकार, कतर में भारतीय मिशन और कई सामुदायिक संगठनों की मदद से परमिंदर की घर वापसी संभव हुई। कतर में भारतीय राजदूत विपुल ने दूतावास के प्रथम सचिव ईश सिंघल के साथ मिलकर स्थानीय और सामुदायिक संगठनों की मदद से परमिंदर की सहायता की। इंडियन कम्युनिटी बेनेवोलेंट फोरम, पुनर्जनी और सिंह सेवा ग्रुप कतर जैसे संगठनों ने परमिंदर की नियमित देखभाल की और उसके मेडिकल खर्चों और खाने-पीने का पूरा ध्यान रखा। कतर के हमास मेडिकल कॉर्पोरेशन और कतर एयरवेज ने भी परमिंदर की स्वदेश वापसी में मदद की। कतर के हमास मेडिकल कॉर्पोरेशन और कतर एयरवेज ने भी परमिंदर की स्वदेश वापसी में मदद की।


### डीजीसीए ने जारी किया परामर्श

## ईरान-इजराइल समेत 11 देशों का एयरस्पेस इस्तेमाल न करें भारतीय एयरलाइंस

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारतीय एयरलाइंस के लिए सख्त परामर्श जारी किया है। इसमें भारतीय विमानों को 11 देशों के ऊपर से उड़ान न भरने के निर्देश दिए हैं।डीजीसीए ने सभी भारतीय एयरलाइंस से अपील की है कि वे बहरीन, ईरान, इराक, इजरायल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, कतर, यूएई और सऊदी अरब के ऊपर के प्रभावित हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने से बचें। डीजीसीए ने कहा है कि मौजूदा हालात में इस क्षेत्र के ऊपर उड़ान भरना जोखिम भरा हो सकता है, इसलिए एयरलाइंस को बेहद सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

### अमेरिकी जहाज यूएसएस ट्रिपोली पश्चिम एशिया पहुंचा

## जहाज में 2,000 मरीन सैनिकों और एफ-35 जेट



अमेरिकी नौसेना का एक प्रमुख जहाज यूएसएस ट्रिपोली 2,000 से अधिक मरीन सैनिकों को लेकर पश्चिम एशिया की ओर रवाना हो गया है। यह तैनाती मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच की गई है। जापान के ओकिनावा से रवाना हुआ यह एम्फीबियस असॉल्ट शिप 22 मील प्रति घंटे की रफ्तार से मलक्का जलडमरूमध्य की ओर बढ़ रहा है। यूएसएस ट्रिपोली जापान के सासेबो में था। यह एफ-35 स्टेल्थ फाइटर जेट, एमवी-22 ऑस्प्रे ट्रांसपोर्ट और ट्रूप लैंडिंग क्राफ्ट से लैस है। यह 31वीं मरीन एक्सपीडिशनरी यूनिट का हिस्सा है, जिसमें करीब 2,200 कर्मी शामिल हैं, जिनमें कमांड, ग्राउंड कॉम्बैट, एयर कॉम्बैट और लॉजिस्टिक्स एलिमेंट हैं। यह यूनिट रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए तैयार रहती है। यूएस सेंट्रल कमांड के मुताबिक, इस क्षेत्र में पहले से ही लगभग 50,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं।

## अमेरिकी विमानों को लैंडिंग की अनुमति नहींः श्रीलंका



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संसद में बताया कि श्रीलंका ने मार्च की शुरुआत में अपने मत्तला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों को उतरने की अनुमति नहीं दी। राष्ट्रपति के अनुसार, जिबूती स्थित बेस से दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने 4 और 8 मार्च को श्रीलंका आने की अनुमति मांगी थी। इन विमानों पर आठ एंटी-शिप मिसाइलें तैनात थीं। श्रीलंका सरकार ने इन दोनों ही अनुरोधों को ठुकरा दिया। दिसानायके ने कहा कि कई तरह के दबावों के बावजूद श्रीलंका अपनी तटस्थता बनाए रखना चाहता है। उन्होंने साफ किया कि वे किसी के आगे नहीं झुकेंगे। पश्चिम एशिया के युद्ध से चुनौतियां पैदा हो रही हैं, लेकिन श्रीलंका तटस्थ रहने के लिए हर संभव कोशिश करेगा।

---

## खबर संक्षेप

### लेह धूल-मलबे से होगा मुक्त, सफाई कार्य शुरू

**लेह।** लद्दाख के लेह शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने एक व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 'एक्स' पर बताया कि सड़क किनारे जमा धूल और निर्माण व तोड़फोड़ के मलबे को हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। शुरु में लोक निवास, सचिवालय, लेह मुख्य बाजार, जेविटसल के क्षेत्रों में काम होगा।



### बालेंद्र शाह 27 को लेंगे पीएम पद की शपथ

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के वरिष्ठ नेता बालेंद्र शाह 27 मार्च को पीएम पद की शपथ लेंगे। एक दिन पहले सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। 5 मार्च को हुए प्रतिनिधि सभा चुनाव में आरएसपी ने 182 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। पार्टी ने चुनाव से पहले ही बालेंद्र शाह को पीएम पद का उम्मीदवार घोषित किया था। आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने ने यह जानकारी दी।



### स्पीडबोट पलटने से गौतम सिंघानिया घायल

**नई दिल्ली।** मालदीव में स्पीडबोट पलटने से रेमंड ग्रुप के चेयरमैन गौतम हरि सिंघानिया घायल हो गए, दो भारतीय अब भी लापता हैं। यह घटना शुक्रवार सुबह मालदीव के वी फेलिधू इलाके के पास हुई, जब पर्यटकों को लेकर जा रही स्पीडबोट अचानक समुद्र में पलट गई। बोट में कुल 7 लोग सवार थे, जिनमें भारत, ब्रिटेन और रूस के पर्यटक शामिल थे।



---

### खाड़ी देशों में फंसे लोगों पर विदेश मंत्रालय की पैनी नजर, अतिरिक्त सचिव महाजन बोले

# 6 भारतीयों की मौत, 1 लापता, 3 लाख की सुरक्षित वतन वापसी हुई, प्रयास जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे तनाव में अब तक 6 भारतीय नागरिकों की जान जा चुकी है, जबकि एक भारतीय अभी भी लापता है। विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव असीम आर. महाजन ने बताया कि सऊदी अरब, ओमान, इराक और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित भारतीय दूतावास लापता भारतीय नागरिकों के संबंध में और मृतक भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत वापस लाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय ने अब तक 3 लाख लोगों की वतन वापसी कराई है।

**खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों से संपर्क में स्थानीय दूतावास**


असीम महाजन

### भारतीयों को राहत पहुंचा रहे

*महाजन ने कहा कि सरकार का पूरा जोर इस वक्त उन परिवारों को राहत पहुंचाने पर है। लापता भारतीय की सुरक्षित बरामदगी के लिए भी स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ 'सर्च ऑपरेशन' तेज कर दिए गए हैं। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने दुनिया के पांच प्रभावशाली देशों के राष्ट्राध्यक्षों से फोन पर बात कर भारत का रुख स्पष्ट किया है।*

### 15 भारतीय क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाया गया

विदेश मंत्रालय ने बताया कि एमटी सफीसा विष्णु के 15 भारतीय क्रू सदस्य, जिन्हें सुरक्षित बचा लिया गया था, कल इराक से रवाना हो गए थे और आज सऊदी अरब से भारत लौटने की उम्मीद है। बचाए गए 24 भारतीय नाविक, जिनमें एमवी एमकेवी वियोम पर सवार 16 और स्काईलाइट पर सवार 8 नाविक शामिल हैं, जो पहले ही ओमान से भारत पहुंच चुके हैं।

### रियाद में एक भारतीय की मौत

महाजन ने कहा कि हमें 18 मार्च को रियाद में हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु की सूचना मिली। हम मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। रियाद स्थित हमारा दूतावास परिवार के संपर्क में है। हम शव को जल्द से जल्द भारत वापस लाने का प्रयास कर रहे हैं। अब तक विभिन्न घटनाओं में छह भारतीय नागरिकों की जान चली गई है और एक लापता है।

### गल्फ में भारतीय नाविक सुरक्षित

*जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राकेश सिन्हा ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में भारत के 22 जहाज और नाविक सुरक्षित हैं, लेकिन वे फिलहाल वहीं स्थिर हैं। वहीं, रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीएम ने ओमान, कतर समेत कई खाड़ी देशों और इमैनुएल मैक्रों जैसे वैश्विक नेताओं से बातचीत की है और कूटनीतिक समाधान पर जोर दिया है।*

### होर्मुज से 24 घंटे से नहीं निकला कोई जहाज, भारत के दो जहाज को मंजूरी



*मिडिल ईस्ट में जंग के बीच ईरान ने सबसे अहम माने जाने वाले होर्मुज स्ट्रेट को 'बंद' कर रखा है। वह होर्मुज से चंद जहाजों को ही जाने की अनुमति दे रहा है, जबकि अन्य को मिसाइलों से समुद्र की तलहटी में डुबो दे रहा। इस बीच, शुक्रवार को पिछले 24 घंटे से ईरान ने होर्मुज से किसी भी देश के जहाज को निकलने नहीं दिया है, लेकिन इसके बावजूद भी भारत को बड़ी सफलता मिली है। दो भारतीय एलपीजी टैंकरों को इस स्ट्रेट को पार करने की अनुमति मिल गई है।*

---

### मजबूत हो रहे भारत-कनाडा संबंध

## शीर्ष पुलिस अफसर बोले- भारतीय एजेंटों से खतरा नहीं, आरोप खारिज

**हमारे पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं**

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा और भारत के बीच लंबे समय से चली आ रही तल्खी अब पूरी तरह खत्म होती नजर आ रही है। हाल ही में कनाडाई पीएम मार्क कार्नी की भारत यात्रा के बाद अब कनाडा की सुरक्षा एजेंसी 'रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' के कमिश्नर का एक बड़ा बयान सामने आया है। इसे अब भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है।

कनाडा की राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने भारत पर लगे गंभीर आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पुलिस कमिश्नर माइक डुहेम ने साफ-साफ कहा है कि वर्तमान में कनाडा में रहने वाले लोगों को भारत सरकार के किसी भी एजेंट से कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है जो किसी भी विदेशी संस्था की भूमिका का प्रमाण देता हो। संबंधित फाइलों में ऐसे कई लोगों के नाम हैं जो लोगों को डराने और परेशान करने में शामिल हैं।


माइक डुहेम

### हर तरह की धमकी पर बारीकी से नजर

*भारतीय राजनयिकों की कनाडा वापसी को लेकर पुलिस कमिश्नर ने आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर तरह की धमकी पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिना डरे पुलिस को रिपोर्ट करें। एक समय था जब पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के दौरान कनाडा ने सीधे तौर पर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के तार भारतीय एजेंसियों से जोड़े थे। लेकिन अब कमिश्नर माइक डुहेम के सुर बदले हुए हैं। अब उन्होंने कहा कि फिलहाल जो कड़ियां हमारे सामने हैं, वे किसी विदेशी संस्था या भारत सरकार से नहीं जुड़ रही हैं। उन्होंने यह भी माना कि 2024 में उन्होंने जो बयान दिए थे, वे उस समय की सीमित जांच पर आधारित थे, लेकिन आज की स्थिति और साक्ष्य बिल्कुल अलग हैं।*

---

### सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता

## भारत-म्यांमार सीमा पर 23.72 करोड़ की ड्रग्स जब्त, एक वाहन भी बरामद

एजेंसी ▶▶ आइजोल

मिजोरम के चम्फाई जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत असम राइफल्स और चम्फाई पुलिस की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन गोलियां बरामद कीं। इन गोलियों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 23.72 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह संयुक्त अभियान सीमा क्षेत्र के एक संवेदनशील मार्ग ह्मुनह्मेल्था रोड के पास चलाया गया। इस इलाके को तस्करी के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है, जहां से अक्सर अवैध गतिविधियों की सूचनाएं मिलती रहती हैं। तलाशी के दौरान टीम को मौके पर एक लावारिस वाहन संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। जब सुरक्षा कर्मियों ने वाहन की बारीकी से जांच की, तो उसमें छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन गोलियां बरामद हुईं। कुल 7.907 किलो नशीला पदार्थ जब्त किया गया, जो हाल के सबसे बड़ी बरामदगियों में से एक माना जा रहा है।


जब्त मेथामफेटामाइन

---

### विश्व जल दिवस के अवसर पर यूएन में भारत की पाक को चेतावनी

# सुधर जाओ... वरना सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी

**1960 में सद्भाव और मित्रता की भावना का उल्लंघन किया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने दोहराया है कि सिंधु जल संधि तब तक निलंबित रहेगी जब तक 'आतंक का वैश्विक केंद्र' पाकिस्तान अपने तरीकों में सुधार नहीं करता। 22 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व जल दिवस से पहले गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान को संधियों की पवित्रता बनाए रखने की बात करने से पहले मानव जीवन की पवित्रता का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का विषय था सुरक्षित जल और स्वच्छता तक सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना, जो कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) से जुड़ा है।

**संधियों की पवित्रता बनाए रखने से पहले मानव जीवन की पवित्रता का सम्मान करना जरूरी**



यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पी. हरीश

### पाकिस्तान ने आतंकियों का उपयोग करना नहीं छोड़ा

पी. हरीश ने कहा कि हमारी सहनशीलता और उदारता ने पाकिस्तान के तरीकों को नहीं बदला। अंततः हमें घोषणा करनी पड़ी कि यह संधि तब तक निलंबित रहेगी जब तक पाकिस्तान, जो आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, सभी प्रकार के आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से समाप्त नहीं करता। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा एक जिम्मेदार उच्च जलधारा वाला राज्य रहा है लेकिन जिम्मेदारी दोतरफ़ा रास्ता है।

### पाकिस्तान ने हजारों आतंकी हमले किए

*हरीश ने कहा कि भारत ने इस संधि पर 1960 में सद्भाव और मित्रता की भावना में हस्ताक्षर किए लेकिन पाकिस्तान ने इस भावना का उल्लंघन करते हुए भारत पर तीन युद्ध और हजारों आतंकी हमले किए। दसियों हजार निर्दोष भारतीय पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवादी हमलों के शिकार बने। पिछले साल द रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा पहलगाम में धर्म आधारित आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया।*

### सभी कोशिशें ठुकराईं

*पी. हरीश ने कहा कि तकनीकी, जनसांख्यिकीय और पारिस्थितिक बदलावों के कारण पिछले 65 वर्षों में क्षेत्र में मौलिक बदलाव हुए हैं, जिसके लिए पाकिस्तान चर्चा करने से इंकार करता रहा। संधि में संशोधन पर पाकिस्तान के साथ हमारी सभी कोशिशें ठुकरा दी गईं।*

### अक्टूबर-नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा वनडे विश्व कप

# आईपीएल बना वनडे वर्ल्ड कप का ट्रायल 20 खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे सेलेक्टर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे विश्व कप में अभी एक साल का समय है लेकिन भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है और पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एसएस दास, आरपी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा हैं। वनडे विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 अक्टूबर-नवंबर में होगा।

चयन समिति के सदस्य अपने अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे जबकि बाकी मैच टीवी पर देखेंगे। आईपीएल के पहले मैच में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।




### घर या मैदान में हर चयनकर्ता देखेंगे एक मैच

अगरकर मुंबई में रहते हैं जबकि दास कोलकाता के रहने वाले हैं। आरपी और रात्रा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हैं जबकि ओझा अपने हिस्से के आईपीएल मैच बेंगलुरु और हैदराबाद में देखेंगे। अधिकारी ने कहा,' बीसीसीआई चाहता है कि हर चयनकर्ता कम से कम हर सप्ताह एक मैच देखे, जिससे पांच मैच प्रति सप्ताह हो जाएंगे। इसके अलावा टीवी पर मैच देख सकते हैं।' टी20 विश्व कप 2028 और उसी साल ओलंपिक को देखते हुए इस साल आईपीएल में उन 20 खिलाड़ियों को तलाशने पर नजर होगी, जो 50 ओवरों का विश्व कप खेलेंगे। चयन समिति मुल्लांपुर में छह से 10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारेगी हालांकि इस मैच से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक नहीं मिलने हैं।

### अगरकर के कार्यकाल को लेकर विराम

सीनियर अधिकारियों ने इन अटकलों को भी खारिज किया कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद अगरकर ने अपना कार्यकाल 50 ओवरों के विश्व कप तक बढ़ाने की मांग की है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा,' चयन समिति बीसीसीआई की एक उप समिति है और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अजित का करार सितंबर में खत्म हो रहा है, जिसके बाद बीसीसीआई सचिव और अजित तय करेंगे कि वह अगले साल वनडे विश्व कप तक रहेंगे या नहीं। एक सीनियर चयनकर्ता चार साल तक पद पर रह सकता है और उसे करार बढ़ाने का अनुरोध करने की जरूरत नहीं है।' अगरकर जुलाई 2023 में चयन समिति के अध्यक्ष बने थे और उन्होंने विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टेस्ट और टी20 में बदलाव का दौर देखा है।

### सेलेक्टर्स ने की वनडे के लिए खिलाड़ियों की पहचान

भारत के सामने अभी अगली बड़ी चुनौती 2027 वर्ल्ड कप है। इसके बाद 2028 में टी20 वर्ल्ड कप और ओलिंपिक होना है। तब टी20 पर फोकस रह सकता है। समझा जाता है कि सेलेक्टर्स ने वनडे के लिए स्पेशलिस्ट्स की पहचान कर ली है और आईपीएल के दौरान उनकी फॉर्म व फिटनेस पर ध्यान दिया जाएगा। हर्षित राणा को अभी ठीक होने में समय लगेगा। ऐसे में नीतीश कुमार रेड्डी पर फोकस रहेगा कि वह बतौर ऑलराउंडर किस तरह का प्रदर्शन करते हैं।


### वनडे टीम के 20 संभावित खिलाड़ी

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन, ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती।

आईपीएल-2026

## दिल्ली कैपिटल्स को झटका, मिचेल स्टार्क शुरुआती फेज से बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए एक निराशाजनक खबर है। टीम के मुख्य तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई मिचेल स्टार्क सीजन के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। स्टार्क के बाहर रहने से दिल्ली कैपिटल्स को सीजन के शुरुआती फेज में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क टूर्नामेंट की शुरुआत में उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनकी वापसी इस बात पर निर्भर करेगी कि आने वाले सप्ताह में उनका फिटनेस प्रोटोकॉल कैसे आगे बढ़ता है। सीए के अनुसार, पिछले 12 महीनों में भारी वर्कलोड के चलते 36 वर्षीय स्टार्क को सावधानी से मैनेज किया जा रहा है। उन्होंने हाल ही में एशेज सीरीज के सभी पांच टेस्ट खेले थे और बिग बैश लीग के अंतिम चरण में भी हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भारत के मोहम्मद सिराज को छोड़कर किसी भी तेज गेंदबाज से ज्यादा गेंदें डालीं। स्टार्क की गैरमौजूदगी दिल्ली कैपिटल्स के लिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि टीम उनसे नई गेंद के साथ शुरुआती ओवरों में बढ़त दिलाने की उम्मीद कर रही थी। वह दुनिया के उन चुनिंदा तेज गेंदबाजों में शामिल हैं, जो पावरप्ले और डेथ ओवरों दोनों में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं।

### आईपीएल से बाहर हुए नाथन एलिस




चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2026 के आगाज से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज नाथन एलिस इंजरी की वजह से पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। चेन्नई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर इस बात की जानकारी दी है। नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की इंजरी से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वह आगामी सीजन में नहीं खेल पाएंगे। हालांकि, चेन्नई ने एलिस के रिप्लेसमेंट का ऐलान अभी नहीं किया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की इंजरी के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। हम उनके जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं।" नाथन एलिस को चेन्नई सुपर किंग्स ने ऑक्शन में 2 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे पहले वह चार सीजन तक पंजाब किंग्स के साथ रहे थे। एलिस का प्रदर्शन पिछले एक साल में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए शानदार रहा है।

### खबर संक्षेप



#### बिना टिकट फुटबॉल स्टेडियम में घुसने पर मिलेगी सजा

**लंदन।** आर्सनल और मैनचेस्टर सिटी के बीच वेम्बले स्टेडियम पर होने वाले इंग्लिश लीग कप फाइनल से पहले लागू हुए नए कानून के तहत अब ब्रिटेन में बिना टिकट फुटबॉल मैच देखना अपराध की श्रेणी में आएगा। जुलाई 2021 में यूरोपीय चैंपियनशिप फाइनल में हजारों दर्शक बिना टिकट नेशनल स्टेडियम में घुस गए थे, जिससे हिंसा भड़क गई थी। इसके बाद सरकार की समीक्षा में पाया गया कि लोगों की जिंदगियां खतरे में थी और बिना टिकट स्टेडियम में घुसने वालों के लिए सजा कम थी। इसलिए इसे दंडिक अपराध बनाने की मांग की गई।

#### जमशेदपुर एफसी ने एससी दिल्ली से खेला ड्रॉ

**नई दिल्ली।** सर्बिया के मिडफील्डर निकोला स्टोनावोविच के देरी से किए गए गोल की मदद



से जमशेदपुर एफसी ने इंडियन सुपर लीग के मैच में स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली से 1-1 से ड्रॉ खेला। इससे पहले जोसेफ सनी ने 21वें मिनट में गोल करके दिल्ली को बढ़त दिलाई लेकिन स्टोनावोविच ने 90वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। जमशेदपुर एफसी 13 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि एससी दिल्ली दो अंक के साथ 12वें स्थान पर आ गया है।

#### आरआर के लिए नहीं खेलेंगे कुरेन

**जयपुर।** इंग्लैंड के करिश्माई हरफनमौला सैम कुरेन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र



नहीं खेल सकेंगे जबकि टीम विकल्प पर विचार कर रही है। कुरेन को राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स से खरीदा था। उनके बदले में संजू सैमसन अब चेन्नई टीम के लिए खेलेंगे। पंजाब किंग्स और चेन्नई के लिए खेल चुके 27 वर्ष के कुरेन को आईपीएल 2023 सत्र के पहले 18.5 करोड़ रुपए में खरीदा गया था लेकिन चोट के कारण वह बाहर ही रहे। चेन्नई के लिए 2020 और 2021 में खेल चुके कुरेन पिछले सत्र से पहले 2.4 करोड़ में टीम से जुड़े थे।

## न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया, टी-20 सीरीज में बनाई 2-1 से बढ़त

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

टॉम लैथम की 63 रन की नाबाद पारी और डेवोन कॉनवे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 8 विकेट से आसान जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसकी टीम 9 विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया और इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।

### लैथम ने बनाया चौथा टी20 अर्धशतक

कॉनवे ने 39 रन बनाए जबकि लैथम ने अपना चौथा टी20 अर्धशतक बनाया। टिम रॉबिंसन ने 17 रन का योगदान दिया। इस श्रृंखला में अभी तक बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में केवल 91 रन का लक्ष्य मिला था, जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे मैच में 107 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने 68 रन से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका ने इस श्रृंखला में शुक्रवार को पहली बार 20 ओवर तक बल्लेबाजी की।




उसकी तरफ से नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंद पर सर्वाधिक नाबाद 26 रन बनाए। लैथम और कॉनवे ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले दो ओवरों में पांच रन और पहले तीन ओवरों में 12 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने चौथे ओवर में मोकोएना पर 14 रन और लुथो सिपामला के किए पांचवें ओवर में 21 रन बनाकर न्यूजीलैंड को आसान जीत की राह पर अग्रसर किया। कॉनवे ने 11वें ओवर में केशव महाराज की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दिया। जब स्कोर बराबर था तब रॉबिंसन भी आउट हो गए। निक केली ने विजयी रन बनाया।

## भारत में कजाखस्तान हॉकी टीम कर रही हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कजाखस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों के क्वालीफायर के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत स्थित उत्तर क्षेत्र केंद्र पर 10 से 21 मार्च तक हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कर रही है। भारत के प्रमुख हॉकी अभ्यास केंद्रों में से एक इस शिविर में आधुनिक अनुकूलन सुविधाएं, विश्व स्तरीय कृत्रिम टर्फ और बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल है, जिससे कजाखस्तान को अच्छा अभ्यास मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी और मदद के जरिए भारत को खेलों में श्रेष्ठता का वैश्विक केंद्र बनाने के खेल मंत्रालय के विजन के तहत यह पहल की गई है।



### सोनीपत में आकर बहुत खुशः उर्मानोवा

कजाखस्तान के कोच ओल्गा उर्मानोवा ने कहा, 'हम भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तर क्षेत्र केंद्र सोनीपत में आकर बहुत खुश हैं। यहां हमारा बहुत अच्छा ख्याल रखा जा रहा है। भारत में शीर्ष स्तर की हॉकी खेली जाती है और यही वजह है कि हम यहां सीखने, ढलने और विकास के लिए आए हैं।' उन्होंने कहा, 'इससे पहले हमने राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 खेला था, जिसके बाद यह भारत का हमारा दूसरा दौरा है। एक बार फिर यह अनुभव काफी अच्छा रहा।' विश्व रैंकिंग में 55वें स्थान पर काबिज कजाखस्तान ने जकार्ता में एएचएफ कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करके चौथा स्थान हासिल किया।

## ईरानी महिला फुटबॉल टीम का तेहरान में स्वागत

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम का लौटने के बाद भव्य स्वागत किया गया जबकि कई खिलाड़ियों ने आस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी।

मिडफील्डर फातिमा शबान ने कहा, ' सबसे पहले तो मैं ईरान आकर बहुत खुश हूं क्योंकि यह हमारा देश है।' दर्शकों ने झंडे लहराए और कुछ खिलाड़ियों के हाथ में गुलदस्ते भी थे। शबान ने कहा,' मैंने सोचा नहीं था कि इतने लोग हमारा स्वागत करने आएंगे। मुझे ईरान की बेटी होने की खुशी है।' ईरान की दो महिला खिलाड़ी फातिमा पसंदिदेह और आतिफा रमेजानिसादेह आस्ट्रेलिया में ही रूक गई हैं और ब्रिसबेन रोर क्लब के साथ अभ्यास कर रही हैं।



## महिला क्रिकेट टीम के दौरे का ऐलान दिसंबर में साउथ अफ्रीका का टूर

### साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज और एक टेस्ट मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने इस साल के अंत में भारत और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज का ऐलान किया है। भारतीय महिला टीम और साउथ अफ्रीका महिला टीम के बीच इस दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच ये एकमात्र टेस्ट मैच 20 से 23 दिसंबर तक गकेबेरहा में खेला जाएगा।




वनडे सीरीज को लेकर बात करें तो तीनों मुकाबले आईसीसी महिला चैंपियनशिप के तहत खेले जाएंगे। तीन मैचों की ये वनडे सीरीज 9 से 15 दिसंबर तक पोटचेफस्ट्रूम, ब्लोमफ़ोन्टेन और केप टाउन में खेली जाएगी। भारत के साउथ अफ्रीका दौरे की शुरुआत 6 दिसंबर से होगी। टीम इंडिया 6 दिसंबर को बेनोनी में साउथ अफ्रीका इमर्जिंग टीम के खिलाफ एक वार्म-अप मैच खेलेगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक कुल 3 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं और दोनों टीमों के बीच खेला जाने वाला ये मैच चौथा टेस्ट मुकाबला होगा।

## महिला प्रो गोल्फ टूर : रिद्धिमा ने जीता सत्र का तीसरा खिताब




एजेंसी ▶▶| नोएडा

रिद्धिमा दिलावरी ने खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार तीसरी बार 71 का स्कोर बनाया और महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण का खिताब अपने नाम किया।

रिद्धिमा ने अंतिम दौर की शुरुआत जैस्मीन शेखर से तीन शॉट पीछे रहकर की थीं। पहले दो होल के बाद वह पांच शॉट पीछे हो गईं। इसके बाद रिद्धिमा ने शानदार वापसी करते हुए बाकी के 16 होल में दो बर्डी लगाईं और कोई बोगी नहीं की। दूसरी तरफ जैस्मीन ने चार ओवर 75 का स्कोर बनाया। रिद्धिमा ने दूसरा और चौथा चरण भी जीता था। अब छठा चरण जीतकर उन्होंने हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त बनाए रखी है। वर्तमान सीरीज का पहला चरण जीतने वाली जैस्मीन लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहीं।

### हिताशी आठवें तो दीक्षा 16वें स्थान पर




**गोल्ड कोस्ट।** हिताशी बख्शी ने आस्ट्रेलियाई डब्ल्यूपीजीए गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दिन तीन अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त आठवां स्थान हासिल कर लिया। दीक्षा डागर एक ओवर 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 16वें स्थान पर है। प्रणवी उर्स भी संयुक्त 60वें स्थान पर है जबकि वाणी कपूर एक शॉट से कट में प्रवेश से चूक गई। वहीं मेनलो पार्क में अदिति अशोक ने फोर्टिनेट फाउंडर्स कप गोल्फ में अपने अभियान की धीमी शुरुआत की और इवन पार 72 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 72वें स्थान पर है।

### एफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप : टीम पहुंची बैंकॉक, जापान से पहला मैच

## दो दशक बाद एशियाई कप खेलेगी महिला फुटबॉल टीम

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत की 24 सदस्यीय अंडर 20 महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप से पहले पंद्रह दिन के अनुकूलन शिविर में भाग लेने पहुंच गई है। भारतीय टीम ने दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। यह टीम 2 अप्रैल को जापान के खिलाफ ग्रुप सी के पहले मुकाबले से पूर्व 13 दिन अनुकूलन शिविर में भाग लेगी।

भारत को 5 अप्रैल को आस्ट्रेलिया से और 8 अप्रैल को चीनी ताइपै से खेलना है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली टीमें पोलैंड में इस साल होने वाले फीफा अंडर 20 विश्व कप में जगह बनाएंगी।




### वुमेंस टीम ने स्वीडन में किया अभ्यास

भारतीय टीम ने इंडियन वुमेंस लीग के पहले चरण के बाद बेंगलुरु में स्वीडिश कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में अभ्यास किया है। इसके अलावा स्वीडन में एक महीने का अभ्यास शिविर भी लगा था। भारत ने स्वीडन की सीनियर टीम के खिलाफ पांच दोस्ताना मैच भी खेले। यूरोप से आने के बाद टीम ने कोलकाता में अभ्यास शिविर में भी भाग लिया।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर** : मोनालिसा देवी एम, नंदिनी, रिबांसी जामू
**डिफेंडर** : अलका इंदवार, सिंडी आर कोलनी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रुचि यादव, सहीना टीएच, शुभांगी सिंह, टी चानू तोइजाम
**मिडफील्डर** : अंजू चानू कायेनपेइबाम, अरिना देवी एन, भूमिका देवी, मोनिशा सिंघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी
**फॉरवर्ड** : बबीता कुमारी, दीपिका पाल, लिंगदेइकिम, शिलजी शाजी, सिबानी देवी एन, सुलांजना राउल।




# भोपाल में महाकुंभः केएआई सीनियर नेशनल चैंपियनशिप 23 से

**एलएनसीटी विवि में दो दिन के आयोजन में देशभर के 450 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल एक बार फिर राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है। कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (केएआई) के तत्वावधान में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित केएआई सीनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप–2026 का आयोजन 23 से 24 मार्च तक एलएनसीटी विश्वविद्यालय में किया जाएगा।

चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह 23 मार्च को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश के कई वरिष्ठ खेल प्रशासक एवं कराटे जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष, कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया बैकुंठ सिंह, महासचिव, कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया योगेश कालरा मौजूद रहेंगे। इस दो दिवसीय आयोजन में विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें विशेष रूप से अंडर-21 और सीनियर वर्ग के व्यक्तिगत कुमिते मुकाबले, साथ ही काता एवं टीम काता प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में खिलाड़ियों को अपनी तकनीकी दक्षता, संतुलन, गति और रणनीति का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।



### 19 राज्यों के 450 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

इस प्रतियोगिता में देश के लगभग 19 राज्यों से करीब 450 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें मध्य प्रदेश, असम, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल होंगे। यह विविधता न केवल प्रतियोगिता को और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बनाएगी, बल्कि देश की सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बनेगी। चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विभिन्न भार वर्गों के अनुसार प्रतिस्पर्धा करनी होगी, जिससे निष्पक्ष और संतुलित मुकाबले सुनिश्चित हो सकें। महिला वर्ग में -45 किग्रा, -50 किग्रा, -55 किग्रा, -61 किग्रा, -68 किग्रा एवं +68 किग्रा श्रेणियां शामिल हैं, जबकि पुरुष वर्ग में -50 किग्रा, -55 किग्रा, -60 किग्रा, -67 किग्रा, -75 किग्रा, -84 किग्रा एवं +84 किग्रा वर्गों में मुकाबले आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त काता प्रतियोगिताएं तकनीकी कौशल और कलात्मक प्रस्तुति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेंगी।

### कराटे केवल एक खेल नहीं, जीवन जीने की विधाः डॉ. पंकज



कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष एवं साउथ-वेस्ट कराटे एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. पंकज शुक्ला ने कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक विधा है, जो व्यक्ति को शारीरिक रूप से सशक्त और मानसिक रूप से दृढ़ बनाती है। हमारा उद्देश्य केवल चैंपियन बनाना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है, जो अनुशासन, सम्मान और आत्मविश्वास के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें।

### जयदेव शर्मा करेंगे चैंपियनशिप का मार्गदर्शन



इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन अध्यक्ष शिहान जयदेव शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जबकि तकनीकी संचालन कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तकनीकी समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें चेयरमैन शिहान अमित गुप्ता एवं सचिव शिहान परितोष शर्मा की प्रमुख भूमिका रहेगी। आयोजन समिति ने प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं, जिनमें आधुनिक मैट्स, निष्पक्ष निर्णायक मंडल, सुरक्षा व्यवस्था और खिलाड़ियों के लिए सुविधाजनक आवास एवं भोजन की व्यवस्था शामिल है।

**अंतरराष्ट्रीय कयाकिंग, कैनोइंग शैक्षणिक कोचिंग कार्यक्रम का समापन**

# यूके, हंगरी समेत 6 देशों के कोच से देश के 60 से अधिक कोचेस ने लिया उन्नत तकनीक का प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय कैनोइंग कयाकिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) तथा खेल एवं युवक कल्याण विभाग के सहयोग से 17 से 21 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय कैनोइंग-कयाकिंग शैक्षणिक कोचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत के राज्यों से लगभग 60 कोचों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीएस कुशवाहा, भारतीय कैनोइंग कयाकिंग एसोसिएशन के पूर्व महासचिव, पूर्व संचालक खेल एवं युवक कल्याण तथा भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यकारी सदस्य द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें विश्व के विभिन्न देशों से आए छह अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षकों ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं। इनमें एलेक्सेंड्रो निकोनोरोव (यूनाइटेड किंगडम), केथरीना सलंदोवा (चेक रिपब्लिक), चाबा सैंटो (हंगरी), महमूदी जकारिया (कनाडा), जॉं मिशेल प्रोनो (फ्रांस) तथा एग्जार्गल झिंगरत सुरेन (मंगोलिया) शामिल रहे। इन विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को उन्नत तकनीकी परीक्षण, प्रदर्शन विश्लेषण, प्रशिक्षण संरचना, खेल विज्ञान आधारित दृष्टिकोण तथा उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धी तैयारी के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। वही, भारतीय फैकल्टी के रूप में ईशा जोशी, स्नेह निगम, अभींद्रन, कोस्तो बक्शी तथा तरुण मरगेश ने अपने अनुभव, तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण दृष्टिकोण से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया।

### भारत के खेल भविष्य को मिलेगी नई दिशाः मंत्री सारंग

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक कोचिंग कार्यक्रम भारत के खेल भविष्य को नई दिशा देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता, भारतीय प्रतिभा और संस्थागत सहयोग एक साथ आते हैं, तब खेलों में उत्कृष्टता का मजबूत आधार तैयार होता है। मंत्री सारंग ने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन न केवल खिलाड़ियों और कोचों के कौशल को उन्नत करते हैं, बल्कि भारत को वैश्विक खेल मानचित्र पर और अधिक सशक्त पहचान दिलाने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण का प्रत्यक्ष लाभ भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन में देखने को मिलेगा और देश कैनोइंग-कयाकिंग में नई उपलब्धियां अर्जित करेगा। समारोह में अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षकों का स्वागत एवं सम्मान स्मृति-चिह्न भेंट कर किया गया। इस अवसर पर हंगरी के वरिष्ठ विशेषज्ञ चाबा सैंटो को उनके खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके दीर्घकालिक योगदान, कोचिंग उत्कृष्टता तथा कैनोइंग-कयाकिंग खेल के विकास में उनकी विशिष्ट भूमिका के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप प्रदान किया गया।

## बीडीसीए गर्ल्स अंडर- 18 एवं सीनियर वूमेन का सिलेक्शन ट्रायल कल

**भोपाल।** भोपाल संभाग क्रिकेट संघ (बीडीसीए) गर्ल्स अंडर- 18 एवं सीनियर वूमेन की चयन प्रक्रिया 22 मार्च रविवार को बाबे-अली खेल मैदान पर सुबह 9:30 बजे (अंडर 18 गर्ल्स के लिए) एवं दोपहर 1:30 बजे से सीनियर विमेंस के लिए आयोजित की गई है। बीडीसीए सचिव शांति कुमार जैन ने बताया कि चयन प्रक्रिया में केवल भोपाल संभाग क्रिकेट संघ वर्ष 2025-26 में रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं, ( कट ऑफ डेट केवल अंडर 18 गर्ल्स के लिए ) जिनका जन्म 1/9/ 2007 को या उसके बाद हुआ है वह सिलेक्शन ट्रायल्स में सम्मिलित हो सकते हैं। सभी खिलाड़ी ग्राउंड पर आकर चंद्रशेखर धाकड़ संयोजक चयन समिति से संपर्क कर सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को ट्रायल देने व्हाइट क्रिकेट किट में अपना इस वर्ष का बीडीसीए का रजिस्टर्ड आई कार्ड लेकर आना आवश्यक है। बिना रजिस्ट्रेशन कार्ड के चयन ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

> ■ रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं चयन प्रक्रिया में

**स्व. कैलाश नारायण सारंग स्मृति 9वां ऑल इंडिया मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट**

ओल्ड कैंपियन मैदान में चल रही प्रतियोगिता

# वेटरन ग्रुप में भोपाल मास्टर्स ने गुरु इलेवन ग्वालियर को 3 विकेट से हराया

**प्रदीप और पुष्पेंद्र को संयुक्त रूप से प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




राजधानी के ओल्ड कैंपियन मैदान में चल रही स्व. कैलाश नारायण सारंग (बाबूजी) की स्मृति में आयोजित 9वीं मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपाल मास्टर्स और गुरु इलेवन ग्वालियर के मध्य मैच खेला गया। भोपाल मास्टर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। गुरु इलेवन ग्वालियर ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 92 रन बनाए। इनमें अतुल तिवारी ने 23, शैलेश शुक्ला ने 17, संदीप शर्मा ने 16 और जितेंद्र यादव ने 12 रन की पारी खेली।

भोपाल मास्टर के शेखर दीक्षित ने 13 रन देकर 2 विकेट जबकि प्रदीप कनाडे, सोनू और ब्रह्मा ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में भोपाल मास्टर्स की टीम ने सुनील अहिरवार के 29 रन, पुष्पेंद्र चौहान के नाबाद 25 रन और कप्तान बृजेश श्रीवास्तव के 10 रन की बदौलत 12.5 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से जीत लिया। ग्वालियर के संदीप शर्मा ने 33 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि महेन्द्र सिंह ने 2 विकेट लिए। शैलेष शुक्ला और कप्तान ब्रजेश शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। प्रदीप कनाड़े और पुष्पेंद्र चौहान को सयुंक्त रूप से प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्हें बीडीसीए उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सिंह ठाकुर, वरिष्ठ क्रिकेटर सूदन और अमिताभ वर्मा ने पुरुस्कृत किया। वहीं, सुबह का पहला मैच जो साहेब इलेवन और सुपर हीटर्स के मध्य खेला जाना था, वह गुरुवार रात को हुई बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। अब यह मैच रविवार को 1 बजे से खेला जाएगा।

## भोपाल

**घाट सेक्शन में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, यहां अतिरिक्त सतर्कता जरूरी**

# डीआरएम ने बरखेड़ा, चौका, मिडघाट एवं बुदनी स्टेशनों का किया संरक्षा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने शुक्रवार को रानी कमलापति-बुधनी खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। साथ ही बरखेड़ा, चौका, मिडघाट एवं बुदनी रेलवे स्टेशनों का व्यापक संरक्षा निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य रेल संचालन की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता का आकलन करना रहा।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, पुल-पुलियों, रेलवे क्रॉसिंग तथा अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी संरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाए। मिडघाट एवं बुधनी जैसे घाट सेक्शन में विशेष रूप से ट्रैक की स्थिति, ढलान वाले क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों तथा ट्रेन संचालन की सतर्कता की समीक्षा की गई। डीआरएम ने कहा कि घाट सेक्शन में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और यहां अतिरिक्त सतर्कता बरतना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं जैसे प्लेटफॉर्म स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं सूचना प्रणाली का भी जायजा लिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय आदि उपस्थित रहे।

**दमकल दल पर देरी से पहुंचने के आरोप**

# रजाई-गद्दे की दुकान में आग, रूई व अन्य सामग्री जलकर हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शहर के कटारा हिल्स क्षेत्र में बीती रात रजाई-गद्दे की एक गुमठी में देर रात करीब 11.45 बजे अचानक आग लग गई। इससे गुमठी में रखी रूई व अन्य कपडों का सामान जलकर खाक हो गया।

आग लगने की जानकारी मिलने पर एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने फायर दमकल देरी से पहुंचने और वाहन के खराब होने के आरोप भी लगाए। निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि कटारा हिल्स क्षेत्र में एक गुमठी में बीती रात आग लगने की सूचना मिलने पर एक दमकल भेजी गई थी। आग से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। यह आग एक गुमठी में लगी थी। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका।

**जेके अस्पताल के डॉक्टरों ने की जटिल सर्जरी**

# गर्भाशय से फाइब्रॉइड निकालकर मातृत्व की उम्मीदों को रखा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार रोड स्थित जेके अस्पताल के स्त्री रोग विभाग ने 30 वर्षीय नवविवाहित महिला के गर्भाशय से एक विशाल 'फाइब्रॉइड' (रसौली) को सफलतापूर्वक निकाल दिया।

इस जटिल सर्जरी के माध्यम से न केवल महिला का गर्भाशय सुरक्षित बचा लिया गया, बल्कि भविष्य में मां बनने के उसके सपने को भी जीवित रखा गया है। मरीज पिछले डेढ़ साल से मासिक धर्म की समस्याओं से जूझ रही थी, जिसका कारण उसके गर्भाशय में फुटबॉल के आकार की एक गांठ थी। अस्पताल में भर्ती होने के समय उसकी स्थिति काफी नाजुक थी; उसका हीमोग्लोबिन स्तर खतरनाक रूप से गिरकर मात्र 2 रह गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, मेडिकल टीम ने तुरंत सर्जरी से पहले उसे स्थिर करने की प्रक्रिया शुरू की। गंभीर एनीमिया (खून की कमी) के कारण, मरीज को सर्जरी के योग्य बनाने के लिए सात यूनिट रक्त चढ़ाया गया। हालांकि, डॉक्टरों की टीम ने अत्यंत सावधानीपूर्वक सर्जरी करते हुए गर्भाशय को सुरक्षित रखते हुए ट्यूमर को बाहर निकाल दिया। डॉ. निशी मित्रा (प्रोफेसर और यूनिट हेड) के नेतृत्व में, डॉ. अदिति सिंह और डॉ. शिवानी काले की टीम ने 1.5 किलोग्राम वजन के इस ट्यूमर को निकालने में सफलता प्राप्त की। मरीज अब स्वस्थ हो रही है और उसकी प्रजनन क्षमता पूरी तरह सुरक्षित है।

**नायब तहसीलदार, बाबू और पटवारियों पर प्रकरण**

# 150 करोड़ की सरकारी जमीन निजी करने का आरोप, मामले में 7 आरोपियों पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जमीन घोटाले ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले में आरोप है कि करीब 150 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की सरकारी जमीन को फर्जीवाड़ा कर निजी लोगों के नाम दर्ज कर दिया गया। इस पूरे प्रकरण में नायब तहसीलदार, बाबू और पटवारियों सहित 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

जानकारी के अनुसार, यह मामला शिवपुरी फोरलेन हाईवे किनारे स्थित कीमती जमीन से जुड़ा है। जांच में सामने आया कि संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर जमीन के रिकॉर्ड में हेरफेर किया और सरकारी भूमि को निजी बताकर नामांतरण कर दिया। शिकायत के आधार पर तहसीलदार ने जांच करवाई, जिसमें गड़बड़ी की पुष्टि होने पर मामला दर्ज किया गया। एफआईआर में नायब तहसीलदार अशोक श्रीवास्तव, बाबू जीवनलाल तिवारी (सेवानिवृत्त), प्रताप पुरी (तत्कालीन रिकॉर्ड शाखा प्रभारी), रीडर बाबू लोकेन्द्र श्रीवास्तव, बाबू ललाराम वर्मा (मृत), हल्का पटवारी बृजेश यादव और पटवारी मुकेश चौधरी (मृत) के नाम शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया कि करेरा तहसील के जरगवां गांव में सर्वे नंबर 247 की सरकारी जमीन के हिस्से (बटें) कर नए नंबर जारी कर दिए गए। इसके बाद इस जमीन को निजी लोगों के नाम दर्ज कर दिया गया। वहीं खसरा नंबर 101 की जमीन को रिकॉर्ड से हटा दिया गया, जिससे उसकी बिक्री पर लगी रोक समाप्त हो गई। बताया जा रहा है कि पहले बीएमओ की पत्नी ने यह जमीन खरीदी, फिर उसे आगे बेच दिया गया। बाद में विक्रय वर्जित बताकर नामांतरण में बदलाव किया गया। कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच में इस पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। फर्जी दस्तावेज और रिकॉर्ड में हेरफेर शिकायत में आरोप है कि अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930